आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 12 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 108, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




ब्लैकहोल के जेट प्लाज्मा की संरचना का पता चला 18

टेनिस में बेहतर कर सकती थी : साइना 17

## नीट-यूजी पर सुनवाई 18 तक टली

नई दिल्ली, एजेंसी



- परीक्षा रद कर नए सिरे से कराने का किया गया है अनुरोध

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक टाल दी। इन याचिकाओं में परीक्षा में कथित अनियमितताओं एवं कदाचार की जांच करने, परीक्षा रद कर नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने कुछ याचिकाकर्ताओं को मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से दाखिल हलफनामों की प्रति नहीं मिल पाने के मद्देनजर यह कदम उठाया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गुरुवार को कहा कि कुछ याचिककर्ताओं की पैरवी कर रहे वकीलों को केंद्र और एनटीए की ओर से बुधवार को अलग-अलग दाखिल किए गए हलफनामों की प्रति अभी तक नहीं मिली है। जिसके चलते अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। हालांकि, केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने याचिकाकर्ताओं के वकील को हलफनामे की प्रति उपलब्ध करा दी है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने मामले को 15 जुलाई को सूचीबद्ध करने का आग्रह किया, लेकिन मेहता ने कहा कि वह उस दिन उपलब्ध नहीं रहेंगे।

### एक और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बिहार के नालंदा से संबंध रखने वाले और मुख्य आरोपी संजीव मुखिया का रिश्तेदार बताए जा रहे रॉकी उर्फ राकेश रंजन को पटना के बाहरी इलाके से पकड़ लिया। सीबीआई मामले की जांच संभालने के बाद से ही उसकी तलाश कर रही थी।

### छात्रों से मिले शिक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** चिकित्सा प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में कथित अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को अपने आवास पर कुछ अभ्यर्थियों से मुलाकात की। छात्रों ने मई में आयोजित परीक्षा के भविष्य पर व्याप्त अनिश्चितता, काउंसलिंग प्रक्रिया में देरी और अंततः शैक्षणिक कैलेंडर जैसे मुद्दे उठाए।

## अग्निवीरों को अर्द्धसैनिक बलों में मिलेगा 10 % आरक्षण

### सीआईएसएफ-बीएसएफ की भर्तियों के लिए सरकार का फैसला, भर्तियों में आयु सीमा के साथ शारीरिक परीक्षा में भी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयु सीमा में पहले साल पांच वर्ष, उसके बाद तीन वर्ष की दी जाएगी छूट



विपक्ष की अग्निवीर योजना को रद किए जाने की मांग के बीच सरकार ने कहा है कि सेवा निवृत अग्निवीरों के लिए केन्द्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे ,साथ ही उन्हें शारीरिक जांच और उम्र में भी छूट दी जाएगी। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि बल ने सेवानिवृत अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में सभी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत अग्निवीरों के लिए बल में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे। अग्निवीरों को शारीरिक परीक्षण और आयु में भी छूट दी जाएगी। पहले बैच के अग्निवीरों को पांच वर्ष की और इसके बाद के बैच को उम्र में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों बल यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवानिवृत अग्निवीरों को भर्ती में इन छूट का अधिक से अधिक लाभ मिले। अधिकारियों ने कहा कि सेनाओं में प्रशिक्षित अग्निवीर मिलने से दोनों बलों की क्षमता और दक्षता बढ़ेगी।

सीआईएसएफ और बीएसएफ के प्रमुखों ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब थलसेना, नौसेना और वायु सेना में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना पर नए सिरे से बहस शुरू हो गई है। सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अनुरूप सीआईएसएफ भी पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की प्रक्रिया तैयार कर रहा है। सीआईएसएफ प्रमुख ने कहा कि भविष्य में कांस्टेबल पद पर सभी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित रहेंगी। उन्होंने कहा कि शारीरिक परीक्षा में भी उन्हें छूट दी जाएगी। इसके अलावा आयु सीमा में भी छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में आयु में छूट पांच वर्ष की होगी और उसके बाद के वर्ष में आयु में छूट तीन वर्ष की होगी। सिंह ने कहा कि पूर्व अग्निवीर इसका लाभ उठा सकेंगे और सीआईएसएफ यह सुनिश्चित करेगा। यह सीआईएसएफ के लिए भी लाभकारी होगा क्योंकि बल को प्रशिक्षित और अनुशासित कर्मी मिलेंगे।

सरकार ने अग्निपथ योजना की शुरुआत जून, 2022 में की थी। इसमें 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती करने का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है।

## एक नजर

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गुरुवार को पीठ दर्द की शिकायत के कारण दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। अस्पताल के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि उनकी जांच की जा रही है। सिंह (73) को तड़के भर्ती कराया गया और वह पुराने निजी वार्ड में हैं।

### पूर्वी लद्दाख में दुर्घटना में एक सैनिक शहीद

**लेह।** पूर्वी लद्दाख में गुरुवार को ड्यूटी पर तैनाती के दौरान दुर्घटना में एक सैनिक शहीद हो गया। सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने एक्स पर लिखा कि आज सुबह करीब 10 बजे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, सीएफएन. शंकर राव गोट्टापु एक दुर्घटना में शहीद हो गए।

### पेट में छिपाकर ला रही थी 7 करोड़ की कोकीन

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंगोला की एक महिला को पकड़ा गया है जो 34 कैप्सूल में करीब सात करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन पेट में छिपा कर लाई थी। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक सूचना के मुताबिक महिला को दो जुलाई को तब पकड़ा गया जब वह दोहा से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची।

## बाढ़ से बेघर लोगों को मिलेगा सरकारी योजना में मकान

### जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना में मकान उपलब्ध कराने के निर्देश

- 12 जिले बाढ़ की चपेट में, 18 लाख की आबादी प्रभावित, 33 तहसील के 633 गांव शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार बाढ़ की चपेट में आकर बेघर हुए परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए पीड़ितों से स्पष्ट कहा है कि, इस संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्हें किसी भी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जिनके भी मकान क्षतिग्रस्त हो गए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराए जाएं।

योगी ने अलग-अलग जिलों में बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहा है कि मानव वन्यजीव संघर्ष, सर्पदंश, वज्रपात समेत अन्य आपदाओं के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसान और बटाईदार के परिजनों को तत्काल सहायता धनराशि दी जा रही है। वर्तमान में 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इसमें 33 तहसील के 633 गांव शामिल हैं, जिसकी करीब 17 लाख 97 हजार की आबादी प्रभावित है। इसमें 18 हजार से अधिक मवेशी भी प्रभावित हैं। 1 लाख 45 हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि भी प्रभावित है।



बाढ़ में फंसे लोगों की सटीक सूचना देकर जान बचाने वाली रेखा देवी को प्रशस्ति-पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

### साहस दिखाने वाले सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रावस्ती में 7 जुलाई को बाढ़ में फंसे 11 लोगों को बचाकर सुरक्षित निकालने वाले पीएसी के पांच जवानों समेत सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। सही समय पर सटीक सूचना देने वाली रेखा देवी और फ्लड पीएसी के जवान के लिए गाइड की भूमिका निभाने वाले राम उजागर समेत पीएसी के पांच जवान सोनू कुमार, अमरेश कुमार सरोज, शुभम सिंह, सतीश कुमार यादव और मनोज कुमार ने साहस दिखाया था। इन सभी को एक-एक लाख रुपये मिलेंगे।

### बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाह 10 अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने मांगा स्पष्टीकरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही बरतने वाले पांच जिले के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञों से स्पष्टीकरण तलब किया है। इन पांचों जिलों के लापरवाह अधिकारियों को दो दिन में अपना स्पष्टीकरण देना होगा। अगर जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो सख्त कार्रवाई हो सकती है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित इलाकों की रोजाना अपडेट ले रहे हैं। ताकि जनहानि-धनहानि को कम से कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को लखनऊ, प्रतापगढ़, सीतापुर, अंबेडकरनगर और बलिया के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ द्वारा बाढ़ संबंधी सूचना ससमय उपलब्ध न कराने एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही की सूचना मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए पांचों जिलों के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ को दो दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

## शाहजहांपुर में गर्रा नदी उफनाई मेडिकल कॉलेज में घुसा पानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** खन्नौत के बाद गर्रा नदी के उफनाने से गुरुवार को शहर के हालात भयावह हो गए। मेडिकल कॉलेज बाढ़ की चपेट में आ गया। पानी ट्रामा सेंटर, वार्डों और आवासीय कॉलोनी में भी घुस गया। मरीजों को लखनऊ, बरेली व निजी अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। लखनऊ-दिल्ली हाईवे बंद करना पड़ा। अब तक एक हजार से ज्यादा बाढ़ पीड़ित रेस्क्यू किए गए हैं। शहर के 30 मोहल्ले व जिले के 50 से ज्यादा गांवों के 40 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। सैकड़ों बाढ़ पीड़ितों को राहत शिविरों में रखा गया है।

बुधवार को खन्नौत ने तबाही मचाई थी। गुरुवार सुबह अचानक गर्रा में पानी बढ़ गया। पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों, गलियों और मोहल्लों के साथ-साथ फोरलेन मार्ग तक पहुंच गया। जिसके चलते प्रशासन ने फोरलेन बंद कर दिया। सुबह चार बजे ही राजकीय मेडिकल कॉलेज के वार्ड और ट्रामा सेंटर में तीन-तीन फुट पानी भर जाने से अफरा-तफरा मच गई। मरीजों को बरेली, लखनऊ और प्राइवेट अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। ओपीडी को बंद कर दिया गया। डीएम और एसपी ने कॉलेज का निरीक्षण किया। उधर, बाढ़ के चलते आधे महानगर के साथ-साथ तमाम गांवों में बुधवार सुबह से बिजली नहीं है। तमाम लोगों ने होटलों में कमरे ले लिए हैं। जबकि हजारों की संख्या में लोग छतों पर जागते हुए रात गुजार रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर से निकल गए हैं।



मेडिकल कॉलेज से मरीज को बाहर ले जाते तीमारदार। ● अमृत विचार

- मरीज लखनऊ, बरेली व निजी अस्पतालों में शिफ्ट किए गए

> मेडिकल कॉलेज परिसर, वार्ड और कालोनी में सुबह चार बजे अचानक गर्रा नदी का पानी भर गया। तीन सौ मरीज भर्ती थे। सभी को लखनऊ, बरेली, प्राइवेट अस्पताल के साथ सीएचसी और पीएचसी में शिफ्ट कर दिया गया है। ओपीडी को अग्रिम आदेश तक बंद कर दिया गया है। -डॉ. **राजेश कुमार**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

### खीरी में कहर बरपा रहीं शारदा व घाघरा

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा के बाद अब शारदा नदी तहसील धौरहरा क्षेत्र में कहर बरपा रही है। शारदा व घाघरा के उफनाने से करीब 180 से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। गांव समदहा के करीब 250 ग्रामीण फंस गए। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर समदहा के 18 और नयापुरवा के 06 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 साल पहले भयंकर बाढ़ आई थी। इससे शारदा ने समदहा गांव को काटकर नदी की मुख्य धार में मिला दिया था। कटान पीड़ित शारदा नदी के उस पार खेतों में झोपड़ी डालकर गुजर बसर कर रहे थे। अचानक आई शारदा नदी में बाढ़ ने एक बार फिर इनकी फसलों सहित झोपड़ी भी डुबो दिया। पीड़ित नदी के पार खेतों में काम कर परिवार पाल रहे हैं।

## छेड़छाड़ के आरोपी को खंभे से बांधकर पीटा, निकल गया दम

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)

- आरोपी युवक के परिजनों ने छह लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को खंभे से बांधकर जमकर पीटा गया। पुलिस चौकी ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक के पिता ने छह लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई।

गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला बुधवार शाम को खेत पर जा रही थी। गांव के ही अनिल उर्फ छोटे ने उससे छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर खेत पर काम कर रहे रिश्तेदार आ गए तो अनिल भाग गया। महिला के परिवार वालों ने देर शाम उसे पकड़ लिया और खंभे से बांधकर पिटाई की। इसके बाद उसे घसीटते हुए पुलिस चौकी ले जा रहे थे, लेकिन गांव के बाहर पहुंचते ही अनिल की मौत हो गई।

> महिला से छेड़छाड़ के बाद उसके परिवार ने युवक से मारपीट की जिसमें उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में शरीर पर चोटों से मौत की पुष्टि हुई है। महिला समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी फरार हैं।
> - **राजीव कुमार सिंह**, इंस्पेक्टर गजरौला

इस पर महिला के परिजन शव छोड़कर भाग गए। ग्राम प्रधान ने रात को पुलिस को सूचना दी। चूंकि बाढ़ के चलते पानी भरा हुआ था, ऐसे में पुलिस ट्रैक्टर से पहुंची और मौका मुआयना किया। पुलिस के अनुसार जिस युवक की पीटकर हत्या की गई वह पूर्व में भी छेड़छाड़ और दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है। उस पर दस मुकदमे दर्ज थे।

## चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा बरी

**रामपुर, अमृत विचार :** आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व सांसद जयाप्रदा को बरी कर दिया है। पूर्व सांसद जयाप्रदा ने 2019 में रामपुर से लोकसभा चुनाव लड़ा था। 18 अप्रैल को केमरी क्षेत्र के गांव पिपलिया मिश्र में हुई जनसभा में आजम खां पर उनकी टिप्पणी को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए वीडियो निगरानी टीम के प्रभारी कुलदीप भटनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले में बहस एक जुलाई को पूरी हो गई थी। गुरुवार को पूर्व सांसद कोर्ट में पेश हुईं। दोपहर बाद न्यायाधीश शोभित बंसल की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए साक्ष्य के अभाव में उनको बरी कर दिया। फैसला आने के बाद पूर्व सांसद ने कहा कि मैंने किसी भी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की थी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि पूर्व सांसद पर लगे आरोप अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर सका, इस कारण जयाप्रदा को कोर्ट ने बरी किया है।

- एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला



## लिव इन में पति की क्रूरता का अपराध लागू नहीं होता :कोर्ट

कोच्चि, एजेंसी

**केरल हाईकोर्ट का फैसला**

- पीठ ने कहा-सहजीवन में युगल की शादी नहीं होती इसलिए पुरुष 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आता

केरल हाईकोर्ट ने एक हालिया फैसले में कहा कि सहजीवन (लिव इन) संबंधों के मामले में किसी महिला के खिलाफ पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता का दंडात्मक प्रावधान लागू नहीं होता। हाईकोर्ट ने कहा कि आईपीसी की धारा 498ए पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा किसी महिला के साथ क्रूरता किए जाने पर सजा का प्रावधान करती है और चूंकि सहजीवन में रहने वाले युगल की शादी नहीं होती, इसलिए पुरुष 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आएगा। न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन ने 8 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि इस प्रकार विवाह वह घटक है जो महिला के साथी को उसके पति की स्थिति तक ले जाता है। कानून की नजर में शादी का मतलब शादी है। इस प्रकार, कानूनी विवाह के बिना, यदि कोई पुरुष किसी महिला का साथी बन जाता है, तो वह भादंसं की धारा 498ए के प्रयोजन के लिए 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आएगा।

## आरोपी के पास नहीं था पासपोर्ट कोर्ट ने दिया जमा करने का आदेश

- बंबई हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले पर जताई हैरानी

**मुंबई।** गोवा की एक सत्र अदालत ने एक आरोपी को ज़मानत देते हुए शर्त लगाई कि वह अपना पासपोर्ट जमा कराए लेकिन उसके पास पासपोर्ट था ही नहीं। निचली अदालत के आदेश पर बंबई हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने हैरानी जताई। एकल पीठ के न्यायमूर्ति भरत देशपांडे ने नौ जुलाई को आरोपी की ज़मानत की शर्तों में सुधार करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सत्र अदालत ने एक अजीब तरीका अपनाया और आरोपी को चार महीने के भीतर अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जमानत के लिए शर्त लगाते समय सत्र अदालत के पास किसी व्यक्ति को पासपोर्ट के लिए आवेदन करने, उसे प्राप्त करने और फिर उसे जमा करने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अपने अधिकारों से परे जाकर काम किया है।

## कर्नाटक में कांग्रेस विधायकों के घर पर ईडी ने की छापेमारी

मैसूर, एजेंसी

- वाल्मीकि कॉरपोरेशन स्कैम मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई

कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम से जुड़े कथित अवैध धन हस्तांतरण मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता और कर्नाटक के पूर्व आदिवासी कल्याण एवं खेल मंत्री बी. नागेंद्र और रायचूर ग्रामीण सीट से कांग्रेस विधायक बी. दद्दाल के परिसरों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के करीब 20 स्थानों पर छापे मारे। इस बीच, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु में कहा कि ईडी के छापों की जरूरत नहीं है क्योंकि एसआईटी पहले ही छापेमारी कर चुकी है और कुछ पैसा बरामद कर चुकी है। शिवकुमार ने कहा कि सरकार ने खुद जांच एसआईटी को सौंप दी है। निगम से संबंधित अवैध धन हस्तांतरण का मामला तब प्रकाश में आया जब इसके लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में चंद्रशेखरन ने आरोप लगाया कि सरकारी निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये का अनधिकृत हस्तांतरण किया गया।

## पुराने कानूनों के तहत दाखिल हो सकते हैं नए मामले

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि नए मामले पुराने कानूनों के तहत दाखिल किए जा सकते हैं। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने एक आदेश में कहा कि नए मामले/आवेदन उच्च न्यायालय में नए बने कानूनों के तहत भी या निरस्त किए पुराने कानूनों (भारतीय दंड संहिता, कानून प्रक्रिया संहिता और इंडियन एविडेन्स एक्ट) के तहत भी दाखिल किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 एक जुलाई से लागू हो चुके हैं।

**बढ़ता जा रहा मौतों का ग्राफ** | बीते वर्ष बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते 5,758 लोगों की गई जान

## अभियान-दर-अभियान, हादसों में गंवाते नाबालिग जान

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** आमजन को लगातार पढ़ाया जाता यातायात नियमों का पाठ, जागरूकता कार्यक्रमों की होड़, आए दिन चलाए जाते अभियान और व्यय होती सड़क सुरक्षा की धनराशि के बाद भी आंकड़ों का ग्राफ कम नहीं हो रहा है।

प्रदेश के बीते कैलेंडर वर्ष 2023 का जो आंकड़ा आया है वह चौंकाने वाला है। यूपी में हादसों के दौरान बीते वर्ष 23,652 लोगों की जान गई। इनमें दस से 15 साल की उम्र के लोग ज्यादा हैं। दस साल तक की उम्र के जहां 4,328 लोग तो 15 साल की उम्र वाले 3,648 लोग असमय हादसों में काल कवलित हुए। गौर करने की बात यह हैकि इनमें बिना हेलमेट लगाए 5,758 लोगों की मौत हुई। वाहनों से हुई दुर्घटनाओं पर नजर डाली जाए तो सबसे ज्यादा मौत टू-व्हीलर दौड़ानें वालों की हुई है। साल 2023 में हादसों के दौरान हुई मौतों का आंकड़ा 23,652 था। इनमें सर्वाधिक 7,397 मौतें दोपहिया वाहनों से हुई हैं। करीब 6,292 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।



- बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों की संख्या भी कम नहीं
- सड़क हादसों के दौरान बिना हेलमेट लगाए हुई 5,758 मौतें
- बिना सीट बेल्ट पहने चार पहिया चलाने वालों की 3,476 मौतें

- ओवरस्पीडिंग से होने वाली मौत सबसे ज्यादा
- फर्राटा भरने वाले बीते साल गई लोगों की जान- 8,726
- नंबर दो पर रांग साइड गाड़ी चलाने वालों मृत्यु- 2,920
- ड्रंकन ड्राइविंग में हादसों के दौरान हुई मौत-1,822

### हादसे रोकने को सड़क सुरक्षा में जुटे विभाग

सड़क हादसों को रोकने के लिए साल 2015 में रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की गई थी। इनमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया। मंशा रही कि सभी विभाग जब एक साथ एक टीम के रूप में काम करेंगे तो दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आएगी।

> बीते साल के आंकड़े चिंता को बढ़ाने वाले हैं। हादसों के सभी कारणों पर उच्चाधिकारी मंथन कर ठोस पहल कर रहे हैं। इसमें डीएल, वाहन की फिटनेस, ब्लैक स्पॉट्स, खराब सड़क समेत सभी बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। नाबालिगों के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। जुर्माने की नई दरें तय की गई हैं। अभिभावकों और स्कूलों को भी जवाबदेह बनाया जा रहा है। पैरेंटस को भी सोचना होगा कि वह नाबालिग के हाथ वाहन न दें।
> -**पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त

## एक नजर

### बरात चढ़त के दौरान युवक पर हमला, घायल

**रहरा/बुरावली, अमृत विचार :** बहन की बरात की चढ़त के दौरान नाच रहे युवक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। जिसमें वह लहूलुहान हो गया। परिजन घायल को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण को भेजा है। गांव शहबाजपुर गुर्जर निवासी धनपाल का आरोप है कि उसके चचेरे भाई अनमोल पुत्र बीरबल की बहन की बुधवार शाम को बरात चढ़ रही थी। इस दौरान अनमोल भी चढ़त के दौरान डांस कर रहा था। वहीं किसी बात को लेकर गांव के ही दो लोगों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अनमोल के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिससे अनमोल लहूलुहान हो गया। परिजन अनमोल को थाने ले गये पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अनमोल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया तहरीर मिली है।

### एमपी-एमलए मजिस्ट्रेट कोर्ट से पूर्व सांसद को मिली राहत, आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बरी होने पर मीडिया से हुईं रूबरू

# मैं किसी पर गलत टिप्पणी नहीं करती हूं : पूर्व सांसद जयाप्रदा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले की एमपी-एमलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पूर्व सांसद जयाप्रदा को बड़ी राहत दी है। केमरी थाने में 2019 में दर्ज हुए आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व सांसद जयाप्रदा को बरी कर दिया है। कोर्ट से बरी होने के बाद जयाप्रदा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं अदालत को धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने समझा कि मैंने ऐसा कुछ गलत नहीं किया। सोच-विचार के बाद ही अदालत ने मुझे बरी किया है। मैं शुरू से ही कह रही थीं कि मैं रामपुर से दो बार सांसद रहीं। कभी भी किसी पर गलत टिप्पणी मैं नहीं करती हूं।



बरी होने के बाद विजय का चिह्न दिखातीं पूर्व सांसद जयाप्रदा। ● अमृत विचार

यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव का है। भाजपा ने अभिनेत्री जयाप्रदा को लोकसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया था। उनके सामने समाजवादी पार्टी के टिकट पर मोहम्मद आजम खां ने चुनाव लड़ा था। आरोप है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान जयाप्रदा ने आचार संहिता का उल्लंघन किया था। चुनाव प्रचार के दौरान जयाप्रदा जब केमरी थाना क्षेत्र में पहुंचीं तो वहां पिपलिया मिश्र गांव में जनसभा को संबोधित किया और एक आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। यह मामला थाने पहुंचा और एफआईआर दर्ज की गई। अब उन्हें इस मामले में बरी कर दिया गया है।

#### स्वार के मुकदमे में भी हुई सुनवाई

जयाप्रदा के आचार संहिता से जुड़े मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। जहां उनके अधिवक्ता ने धारा में करेंशन के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में आपत्ति पत्र दाखिल करने के लिए समय मांगा। अब 18 जुलाई को सुनवाई होगी। पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ स्वार में आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। इस मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई।

#### कोर्ट में पेश नहीं होने पर जारी हुए थे वारंट

पिछले दिनों कोर्ट में पेश नहीं होने पर जयप्रदा के खिलाफ दोनों मामलों में सात बार वारंट जारी हुए थे। कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक को गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे। हालांकि जयाप्रदा उस समय पुलिस के हाथ नहीं आईं थीं। बाद में वह अपने अधिवक्ता के साथ कोर्ट में पेश हुई थीं। जहां उनके वारंट निरस्त कर दिए गए थे। केमरी के मामले में एक जुलाई को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी। इस मामले में वादी सहित चार लोगों के बयान हुए थे।

### विवाद में दो गुटों में चले ईंट-पत्थर, कई जख्मी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नागफनी थाना क्षेत्र में कार खड़ी करने को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों की ओर से जमकर ईंट-पत्थर चले। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। घटना में कई लोग जख्मी हुए हैं। थाना क्षेत्र के वाल्मीकि बस्ती में गुरुवार देर रात एक युवक घर के बाहर कार खड़ी कर रहा था। इसी दौरान पड़ोस के लोगों ने आपत्ति जताई। फिर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से ईंट-पत्थर चलने लगे। मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। घटना में कई लोगों को चोटें आई हैं। मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। थाना प्रभारी उमाशंकर के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# गायों को लगाएं इंजेक्शन और पिलाएं दवा

## पशुओं की मौत के बाद गोशाला में जांच करने पहुंचे पशुपालन विभाग के अपर निदेशक

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल विकासखंड में अस्थायी गोशाला में कई पशुओं की मौत के बाद गुरुवार को पशु पालन विभाग के अपर निदेशक ने गोशाला का निरीक्षण किया। गोशाला में गंदगी व गोवंशीय पशुओं के शरीर पर चीचड़ी, किलनी व जूं देखकर नाराजगी जताई और गोवंशीय पशुओं के शरीर पर दवा लगाने के निर्देश दिए। अपर निदेशक ने गोशाला में सफाई व पशुओं को भूसे के साथ चोकर खिलाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ, एडीओ पंचायत व ग्राम प्रधान के गोशाला में नहीं मिले। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई।

गांव शरीफपुर स्थित अस्थायी गोशाला में कई गोवंशीय पशुओं की मौत के बाद गुरुवार को मुरादाबाद पशुपालन विभाग के अपर निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रसाद माहौर ने निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने विकासखंड अधिकारी, एडीओ पंचायत व ग्राम प्रधान के गोशाला में नहीं मिलने से नाराजगी व्यक्त की। गोशाला में गंदगी व गोवंशीय पशुओं के शरीर को देखकर केयर टेकरों को शुक्रवार तक सफाई करने के निर्देश दिए। चिकित्सक से पशुओं को इंजेक्शन लगाने, शरीर पर दवा लगाने और दवा पिलाने के लिए कहा। गोशाला में चूने की बोरी मिली, लेकिन खल व चोकर आधी आधी बोरी मिली। इस पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गोवंशीय पशुओं की संख्या के हिसाब से खल व चोकर का स्टॉक रखने के निर्देश दिए। गोवंशीय पशुओं को पांच सौ ग्राम हर रोज खल चोकर खिलाने की बात कही। अपर निदेशक ने कहा कि गोशाला में सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। डीएम के निर्देशन में हरा चारा बंद कर दिया गया है और नया भूसा आ रहा है। वहीं पशुओं को चोकर के साथ मिलाकर खिलाया जाएगा। शुक्रवार तक गोशाला में साफ सफाई कराई जाएगी।



शरीफपुर में गोशाला का निरीक्षण करते एडी पशुपालन डॉ. राजेंद्र प्रसाद माहौर।

#### ग्रामीण बोले- पशु के बदले मांगे हैं पांच हजार

**संभल, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के गांव गुलालपुर निवासी हरिओम ने अपर निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रसाद से ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह की शिकायत की। कहा कि एक माह पहले बैलगाड़ी से घरेलू कामकाज के लिए गोशाला में गोवंशीय पशु लेने आया था। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने गोवंशीय पशु को देने के बदले में पांच हजार रुपये की मांग की थी। रुपये देने से मना किया तो ग्राम प्रधान ने गोवंशीय पशु देने से मना कर दिया। अपर निदेशक ने शुक्रवार तक कागजी कार्रवाई पूरी कर चिकित्सक से हरिओम को गोवंशीय पशु देने के निर्देश दिए।

#### जिलाधिकारी के निर्देशों का नहीं हुआ पालन

**संभल, अमृत विचार :** अस्थायी गोशाला में बुधवार को कई पशुओं की मौत होने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी राजेंद्र डॉ. पैंसिया मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने छह गायों की मौत और इतनी ही बीमार होने की पुष्टि की थी। डीएम ने गोशाला में बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग बांधने व पानी पिलाने वाले स्थान पर काई साफ करने के निर्देश दिए थे, लेकिन ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने बीमार पशुओं को अलग बांधने की व्यवस्था नहीं कराई। गोवंशीय पशुओं को पानी पिलाने के लिए रखे प्लास्टिक के ड्रम में काई जमी दिखाई दी।

### मिलावटी शराब बेचने के दोषी को हुई उम्रकैद

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मिलावटी शराब बेचने के मामले में कारोबारी को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। गुरुवार को एडीजे अंचल लवानिया ने फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

संभल जिले के असमोली थाना के तत्कालीन उपनिरीक्षक नरेश कुमार कटारिया अपने क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान सिरपुड़ा गांव से मनौटा पुल की ओर एक युवक को थैला ले जाते हुए देखा। पूछताछ की तो युवक के पास से शराब की 80 बोतलें मिलीं। शराब पर हरियाणा का लेवल लगा था। आरोपी की पहचान अमरोहा के डिडौली निवासी दीपक चौधरी के रूप में हुई थी। जांच के बाद पता चला कि शराब मिलावटी थी। एडीजीसी कौशल कुमार गुप्ता ने बताया कि कोर्ट में अभियोजन की ओर से गवाह पेश किए गए। जहां युवक के पास शराब बेचने की पुष्टि हुई। एडीजीसी ने मिलावटी शराब का सेवन करने से आम लोगों की मौत का खतरा मानते हुए आरोपी का दोषी पाया। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दीपक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। आरोपी पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।



अवैध निर्माण को तोड़ती मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की जेसीबी। ● अमृत विचार

# मुरादाबाद से गजरौला तक अवैध निर्माण पर गरजी जेसीबी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम की अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसके तहत एमडीए ने गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर अवैध निर्माण ध्वस्त कराया। गजरौला में 18 बीघा जमीन पर कार्रवाई की है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने गुरुवार को गांव काजीपुरा रेलवे लाइन के पास दक्षिण में बब्बू चौधरी द्वारा लगभग 150 वर्ग गज क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया। काजीपुरा में ही रेलवे लाइन के किनारे सौरभ गुप्ता ने 400 वर्ग गज क्षेत्र में अवैध निर्माण किया। इसे ध्वस्त कराया गया। गजरौला में पाल रोड जवाहर नगर में विरेन्द्र चौधरी ने छह बीघा भूमि पर अवैध भूखंड किए थे। जवाहर नगर में ही मतन सिंह व भोजराज सिंह ने 12 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग थी। गजरौला के गांव तिगरिया भूड़ में बबली ने 2500 गज भूमि पर अवैध भूखंड किए थे। एमडीए टीम ने डींगरपुर रोड पर जफर अली द्वारा अवैध रूप से संचालित ओयो होटल व गेस्ट हाउस को सील किया गया। गांव सिमलातेर में रघुवीर सिंह द्वारा अवैध रूप से बनाई गई दो दुकानों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान टीम में सहायक अभियंता नृपेष सिंह तोमर, केके शुक्ला, मेधा यादव, अवर अभियंता योगेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, गिरीश कुमार पांडेय और प्रवर्तन टीम के कर्मचारियों के साथ साथ थाना सिविल लाइंस एवं थाना गजरौला के पुलिस बल शामिल रहे।

# कुर्दिस्तान की शख्सियतों का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** कुर्दिस्तान सरकार की प्रमुख शख्सियतों के प्रतिनिधिमंडल ने रजा लाइब्रेरी, गांधी समाधि और इमामबाड़ा खासबाग का अवलोकन किया। नूर महल में उनका स्वागत किया गया।

कुर्दिस्तान सरकार के अंतर्राष्ट्रीय मामले (भारत) के प्रमुख तयार गोरान, एर्बिल चैंबर ऑफ कॉमर्स, कुर्दिस्तान सरकार के अध्यक्ष खलील गोरान ने रजा लाइब्रेरी में ज्ञान के खजाने को देखकर प्रशंसा की। कहा कि रजा लाइब्रेरी की इमारत भी अनूठी है। इससे पहले उन्होंने इमामबाड़ा खासबाग में हाजिरी पेश की। कुर्दिस्तान सरकार के अंतर्राष्ट्रीय मामले (भारत) प्रमुख तयार गोरान, एर्बिल चैंबर ऑफ कॉमर्स, कुर्दिस्तान सरकार के अध्यक्ष खलील गोरान, मिनस एंटरप्राइज एरबिल के निदेशक डॉ. तारिक सादिक और इंडिक एक्सप्रेस एरबिल की प्रशासनिक प्रबंधक शाहिरा मुराद प्रमुख रूप से शामिल रहे। कुर्दिस्तान के कई प्रमुख लोगों का नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने स्वागत किया। इसके बाद प्रतिनिधमंडल ने इमामबाड़ा खासबाग में हाजिरी पेश की। प्रोफेसर अब्बास रजा नैयर ने उन्हें भारत में अजादरी और इमामबाड़े के इतिहास के बारे में जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने गांधी समाधि पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि प्रदान की। कुर्दिस्तान के लोग रजा लाइब्रेरी भी गए। सभी ने रामपुर आकर खुशी का अहसास किया और नवेद मियां का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां भी मौजूद रहे।



इमामबाड़ा खासबाग में मौजूद कुर्दिस्तान से आए प्रतिनिधिमंडल के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां। ● अमृत विचार

# दो बहनों की पिटाई के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

- हाईस्कूल की परीक्षा पास कराने के नाम पर लिए थे 40 हजार रुपये

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** हाईस्कूल की परीक्षा पास कराने के नाम पर दो बहनों से 40 हजार रुपये की नकदी लेने के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। हालांकि कुछ लोग इस मामले को रफा दफा कराने का प्रयास कर रहे थे। समझौते के प्रयास सफल न होने पर पुलिस ने घटना के तीसरे दिन एक महिला समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला के एक मोहल्ले में रहने वाली दो बहनें हाईस्कूल की छात्राएं हैं। दोनों का आरोप है कि नरपतनगर निवासी शबीना ने हाईस्कूल में पास कराने के नाम पर 40 हजार रुपये ले लिए थे। नौ जुलाई को दोनों बहनें अपने रुपये मांगने महिला के घर गई थीं। महिला और उसके पति फरीद व नासिर और जिलानी ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर गाली-गलौज की थी। उनकी पिटाई की थी। दोनों बहनों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। भावाधस के नेता दीप सिंह राही के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के लोगों ने कोतवाली गेट के बाहर प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने तीसरे दिन चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीपसिंह राही ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडेय से आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी करेंगे।

# सचिव व एडीओ से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गांव फौन्दापुर मझोला का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव में विकास कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर सचिव और एडीओ का स्पष्टीकरण मांगा। कहा कि एक सप्ताह में विकास कार्यों की प्रगति ठीक न होने पर विभागीय कार्रवाई की जाए।

गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश त्यागी ने गजरौला ब्लॉक के गांव फौन्दापुर मझौला में प्लास्टिक मैनेजमेंट सिस्टम, पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, सामुदायिक शौचालय, जल निगम की टंकी के निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल निगम द्वारा बनाई गई पानी की टंकी के निर्माण में गुणवत्ता की कमी पाई गई। साथ ही साथ मौके पर काम रुका हुआ तथा आधा अधूरा पाया गया।

पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय व अन्नपूर्णा भवन ग्राम व नालियों की सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पंचायत भवन में कराए निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण और संतोषजनक न होने अमृत सरोवर की सफाई न होने ग्राम पंचायत में गंदगी होने पर संबंधित सचिव और एडीओ पंचायत का स्पष्टीकरण लेने का निर्देश परियोजना निदेशक को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो निर्माण कराया गया है, यदि एक सप्ताह के अंदर ठीक नहीं किया जाता है तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अन्नपूर्णा भवन के सम्बंध में निर्देशित करते हुए कहा कि कल से राशन का वितरण इसी अन्नपूर्णा भवन से किया जाए। इस दौरान पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, साथ में अन्य।

# फेरों की तैयारी के दौरान दूल्हे की पहली पत्नी ने किया हंगामा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** हसनपुर के एक बरातघर में शादी की तैयारी चल रही थी। इसी बीच दूल्हे की पहली पत्नी आ गई। इसके बाद उसने परिजनों के साथ हंगामा किया। मौके की नजाकत को देखते हुए दूल्हे पक्ष के लोग वहां से खिसक लिए। जानकारी पर मौके पर पुलिस पहुंच गई और मामले की जानकारी ली।

बताते हैं कि नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव के रहने वाले होमगार्ड की बेटी की शादी चार साल पहले क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी के एक साल बाद पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया और दोनों अलग रहने लगे। पत्नी ने पति के खिलाफ अदालत में केस कर दिया। जो कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बीच युवक ने दूसरी जगह शादी करने का निर्णय कर लिया। बताते हैं कि युवक की शादी हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी किसान की बेटी के साथ तय हो गई थी।

गुरुवार को नगर के मैरिज हॉल में शादी का आयोजन किया जा रहा था। इसकी भनक लगने पर युवक की पहली पत्नी अपने पिता व रिश्तेदारों के साथ समारोह में पहुंच गई और हंगामा कर दिया। हंगामे के बीच दूल्हा व उसके परिवार के लोग वहां से चले गए। सूचना मिलते ही पीआरवी मौके पर पहुंच गई, लेकिन वहां से अधिकांश लोग जा चुके थे। इसके बाद युवती कोतवाली पहुंची और मदद की गुहार लगाई। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि मामले में की जांच की जा रही है। जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कांवड़ यात्रा पर कड़ी रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आगामी त्योहारों पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर डीआईजी व एसएसपी ने जिले के अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की है। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस की जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी रहेगी।

गुरुवार को डीआईजी मुनिराज जी व एसएसपी सतपाल अंतिल ने जिले के सभी अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में समीक्षा बैठक की। बैठक में दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि कांवड़ यात्रा मार्ग की सुरक्षा को लेकर 19 जुलाई को शाम से रूट डायवर्जन लागू होगा। जोकि पांच सोमवार तक अस्थाई रूप से रहेगा। यह सिलसिला 19 अगस्त शाम तक चलेगा।

बड़ी जिम्मेदारी | अब आरोपी को हथकड़ी लगाकर कोर्ट में पेश करेगी पुलिस

# कानूनों में बदलाव से पुलिस को मिला नया अधिकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नये कानून लागू होने के बाद पुलिस महकमे को एक नया अधिकार मिला है। अब अदालत के समक्ष भी आरोपियों की लगाम पुलिस के हाथ में रहेगी। जबकि पहले अपराधी को कोर्ट में बिना हथकड़ी के पेश किया जाता था। एक जुलाई से लागू हुए कानून के तहत पुलिस को यह अधिकार मिला है।

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने बताया है कि नये कानून लागू होने के बाद काफी कुछ बदलाव हुआ है। बीएनएसएस की धारा 43 में पुलिस महकमे को अतिरिक्त अधिकार मिला है। इस धारा के अंतर्गत पुलिस अब अपराधी को हथकड़ी के साथ अदालत के समक्ष पेश करेगी। जबकि पहले आरोपी को बिना हथकड़ी के पेश किया जाता था। जिससे आरोपी की गरिमा को ठेस न पहुंचे।

उन्होंने बताया कि नए कानून के तहत पुलिस को आरोपी की गरिमा के खिलाफ अतिरिक्त अधिकार दिया गया है। पुलिस महकमा अब कोर्ट के सामने भी अरोपी की हथकड़ी नहीं खोलेगा।

#### तीन साल से कम सजा वाले मामले में पहले एफआईआर होगी या जांच?

अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने बताया है कि, आपराधिक मुकदमे की शुरुआत एफआईआर से होती है। नये कानून में तय समय सीमा में एफआईआर दर्ज करना और उसे अदालत तक पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के अंतर्गत अब शिकायत मिलने पर तीन दिन के अंदर एफआईआर दर्ज होगी। उन्होंने बताया कि तीन से सात साल की सजा के केस में 14 दिन में प्रारंभिक जांच पूरी होने के बाद एफआईआर दर्ज होगी। वहीं तीन साल से कम सजा वाले केस का क्या होगा? जबकि पहले हर संज्ञेय अपराध में एफआईआर दर्ज होती थी। तीन साल से कम केस में पहले एफआईआर होगी या फिर जांच इसका कोई जिक्र नहीं है।

#### कानून

- पुलिस को आरोपी की गरिमा के खिलाफ अतिरिक्त अधिकार मिला
- कोर्ट के सामने भी अरोपी की हथकड़ी नहीं खोलेगी

### बेटियों को देह व्यापार में धकेलने का आरोप

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। उसका आरोप है कि उसकी दो बेटियों पर एक रिश्तेदार की नजर है। आरोपी व्यक्ति और उसकी पत्नी महिला की बेटियों को दिल्ली ले जाने का दवाब बना रहे हैं। आरोप है कि वह उन्हें देह व्यापार में धकेलना चाहते हैं। जब महिला व उसकी बेटियों ने विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। पीड़िता ने कार्रवाई की मांग है।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- 12A Registration
- 80G Registration
- Website for Ngo
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- LLP Company Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

मौसम साफ रहेगी, कहीं-कहीं छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है।

33.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:25 | सूर्यास्त 07:16

**एक नजर**

## ट्रस्ट की भूमि पर दबंगों ने चलाया बुलडोजर, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में दबंगों ने ट्रस्ट की भूमि कब्जाने के लिए भवन के एक हिस्से को बुलडोजर से ढहा दिया। 84 साल से यह भूमि जानकी देवी रवि नंदन ट्रस्ट के नाम पर है। ट्रस्ट प्रबंधन ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद निवासी संतोष मोहन दयाल ने दी गई तहरीर में बताया कि अर्जुन और महेंद्र ट्रस्ट की इमारत में ही किराये पर रहते हैं। आरोप है कि 5 मई की रात को आरोपियों ने ट्रस्ट की भूमि को कब्जाने के लिए इमारत के बाहर लगे टीनशेड को बुलडोजर से ढहा दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे संतोष से आरोपी गाली गलौज करने लगे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक माह बाद दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कांवड़ यात्रा में मात्र 10 दिन, पर अभी नहीं सुधरी सड़कों की हालत, शिव भक्तों को होगी परेशानी

### पांच दिन में नहीं हो पाया पुलिया निर्माण का कार्य, छजलैट तक जगह-जगह गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के कांवड़ यात्रा व मोहर्रम के जुलूस मार्ग की हालत दुरुस्त करने के निर्देश के बाद भी जिले में कांवड़ यात्रा का मुख्य मार्ग कांठ रोड अभी भी खस्ता हालत में है। इसको ठीक करने का जिम्मा लोक निर्माण विभाग पर है। लेकिन विभाग की सुस्ती के चलते पांच दिन में कांठ रोड की दो पुलिया का अंतिम चरण का कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। जिससे दिन में कई बार मार्ग पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कांवड़ यात्रा से पहले 22 किलोमीटर लंबी सड़क को गड्ढा मुक्त बनाने का दावा कर रहे हैं।

पीएसी तिराहे से छजलैट तिराहे तक सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हैं। 22 किलोमीटर की सड़क के दो किनारों पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भरा हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के जुलूस के पहले मार्गों की हालत सुधारने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। इसके बावजूद कांवड़ यात्रा से 15 दिन पहले रोड पर अधबनी पुलिया को बनाने का कार्य शुरू किया गया। हालांकि पांच दिन में भी पुलिया का निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पाने वाले लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कांवड़ यात्रा से पहले छजलैट तिराहे तक हरिद्वार जाने वाले मार्ग को सही करने की बात कह रहे हैं। पुलिया निर्माण कार्य के चलते कांठ रोड पर दिन में कई बार घंटों जाम लग रहा है। जिसमें एम्बुलेंस और स्कूली बच्चों के वाहन फंसे रहते हैं। लोक निर्माण विभाग के जेई विशाल आजाद के अनुसार 22 किलोमीटर की सड़क का टेंडर 15 जून को हुआ है। एक जुलाई को टेंडर लेने वाली कंपनी ने अपना कार्य करने के उपकरण भेजे और पांच जुलाई को पुलिया का निर्माण कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि लदावली पीएसी तिराहे अगवानपुर तक गड्ढों की पेचिंग की जा चुकी है।



कांठ रोड पर किला के सामने निर्माणाधीन पुलिया। • अमृत विचार

- **निर्माण के चलते दिन में कई बार लगा जाम, फंस रहे एम्बुलेंस व स्कूली बच्चों के वाहन**

## दहेज के लिए की मारपीट जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप, छह पर रिपोर्ट

**मैनाठेर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव में महिला ने ससुरालियों पर दहेज के लिए मारपीट करने और जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

गुरुवार को थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी शादी धर्मेंद्र निवासी थाना मझोला मुरादाबाद के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुरालियों ने शादी के बाद से दहेज में कार और नकदी लाने की मांग करते रहे। महिला द्वारा मना करने पर पति और ससुरालियों ने महिला के साथ मारपीट की। आरोप है कि महिला का जेठ विजय उस पर बुरी नीयत रखता था। एक दिन घर में अकेला जेठ ने महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला ने घटना की शिकायत पति से की तो उन्होंने मारपीट कर मामला दबाने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति धर्मेंद्र, ससुर केदार, सास इन्देश, जेठ विजय, जेठानी डोली, ननद रजनी, ननदोई रामेश्वर आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस लाइन में चोरी का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीणा।

## पुलिस ने चोरी की कार व बाइक के साथ दो आरोपियों को पकड़ा

- **पुलिस को देख आरोपी करने लगे थे गोलीबारी, तमंचा बरामद**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिलारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को देखकर आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों को पास चोरी की कार व बाइक समेत नकदी बरामद हुई है।

एसपी देहात संदीप मीणा ने बताया है कि 26 जून को बिलारी के स्कूल से कार व बाइक चोरी हुई थी। प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। गुरुवार को चंदौसी रोड पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार व कार सवार युवकों को रोका तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जिससे पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान बरेली के सिरौली थाना निवासी तालिब हुसैन पुत्र गुड्डू शाह और रामपुर के शाहबाद निवासी फरमान पुत्र बाबू के रूप में हुई है। संदीप मीना ने बताया है कि आरोपियों के पास से चोरी की एक बाइक, कार, 10 हजार रुपये व आभूषण और एक तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि चोरी की बाइक व कार का नंबर प्लेट बदल कर चलाते थे। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत बिजली के अधिकांश कार्य बारिश की वजह से अटके

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में इन दिनों स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत विकास कार्य चल रहे हैं। नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने का कार्य चल रहा है। नए निर्माण कार्य से महानगर को सुंदर बनाया जा रहा है। लेकिन, स्मार्ट सिटी के काम में बिजली विभाग पिछड़ता जा रहा है। सालों से चल रहा काम अभी भी करीब 25 प्रतिशत होना बाकी है। बारिश के चलते बिजली विभाग के काम इस समय बंद हो गए हैं। इसकी वजह से महानगरवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

महानगर को स्मार्ट सिटी में शामिल हुए काफी समय हो गया है। लेकिन, यहां हालात आज भी बेहतर नहीं है। बारिश ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है। इसी क्रम में बिजली विभाग भी स्मार्ट सिटी के कार्य पूर्ण कराने में अभी बहुत पीछे है। स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत महानगर की दस सड़कों पर विद्युत केबल को भूमिगत किए जाने का कार्य चल रहा है। बुधबाजार, जेल चौक, महिला थाना, पीटीसी ग्राउंड सहित अन्य सड़कों पर बिजली केबिल के भूमिगतिकरण का कार्य चल रहा है। लेकिन, काम अभी अधूरा है। बारिश ने काम की रफ्तार बहुत कम कर दी है। गुरुवार को एक-दो स्थानों पर ही कार्य बामुश्किल हो पा रहा है। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने कहा कि स्मार्ट सिटी का अधिकांश कार्य पूरा हो गया है। बारिश की वजह से कार्य में थोड़ी देर हो रही है।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम के पास भूमिगत केबिल बिछाने का काम करते कर्मचारी।

- **महानगर में लंबित हैं बिजली विभाग के 25 फीसदी कार्य**

# सरकारी सिस्टम की अनदेखी से हो रहीं आग की घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सुरक्षा इंतजाम और सरकारी सिस्टम की अनदेखी से दो माह में चार अग्निकांड की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बाद भी ज्यादातर इमारतों का फायर ऑडिट सालों से नहीं हुआ है, न ही सरकारी सिस्टम ने इनके आग से बचने के इंतजामों को जांचा-परखा। यहां तक कि सरकारी भवनों में भी फायर सिस्टम का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के टाउन हॉल में दुकान के पीछे रखे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। सूचना के बाद भी अग्निशमन दल एक घंटे देरी से पहुंचा। तब तक आग की चपेट में लाखों को सामान जलकर राख हो गया। वहीं गुरुवार को सांसद रूचि वीरा ने पीड़ितों से मिलकर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के निर्माणाधीन टॉउनहॉल के बराबर में रखे ट्रांसफार्मर में शॉट सर्किट की वजह से तीन कपड़ों की दुकान जलकर राख हो गईं। तीनों दुकानों के संचालक सलमान, शफीक और गुड्डू ने बताया है कि देर शाम को रोजाना की तरह दुकान बंद करके वह घर चले गए थे। इसी दौरान देर रात टॉउन हॉल के चौकीदार ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी। मौके पर पहुंचने के बाद सलमान ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के एक घंटे बाद अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा। तब तक ज्यादातर सामान जलकर राख हो गया था। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बता दें, अग्निशमन विभाग की लापरवाही पहली बार नहीं है। जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में 4 जुलाई को लगी आग के बाद भी अग्निशमन विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही सामने आई थी। ट्रामा सेंटर भावन का फायर ऑडिट सालों से नहीं हुआ था, न ही सरकारी सिस्टम ने इनके आग से बचने के इंतजामों को जांचा-परखा था। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुई थी।



टाउन हॉल पर कपड़े की दुकान में आग लगने के बाद जला सामान।



टाउन हॉल पर दुकानदारों से वार्ता करतीं सांसद रुचि वीरा। • अमृत विचार

### अग्निशमन विभाग की खुली पोल

28 मई अगवानपुर के शेरुआ धर्मपुर में केमिकल की बोतलें भरते समय तेज धूप के कारण गोदाम में आग लग गई थी। घटना बाल-बाल गोदाम कर्मियों की जान बची थी। वहीं 28 जून को कोतवाली क्षेत्र के संवेदनशील इलाके में देर रात स्टेशनरी की दुकान में आग की घटना हुई थी। आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया था। 26 जून को कटघर के इलाके में शॉर्ट सर्किट की वजह से फैक्ट्री की छत पर रखे स्क्रैप में आग लग गई थी। हालांकि बारिश की वजह से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। 4 जुलाई को ट्रामा सेंटर में हुई आग की घटना से अस्पताल में भर्ती मरीजों की जान बाल-बाल बची थी।

### सांसद ने दिया मुआवजा दिलाने का आश्वासन

सांसद रुचि वीरा ने पीड़ितों से मिलने के बाद मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। वहीं पीड़ितों का कहना है कि पहले भी कई बार ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट की घटनाएं हो चुकी हैं। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। पास के एक दुकान संचालक संजय सिक्का ने बताया है कि लगभग चार से पांच साल पहले ट्रांसफार्मर रखा गया था। इससे संवेदनशील इलाके में खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया है पहले भी ट्रांसफार्मर में कई बार शॉर्ट सर्किट हुए हैं, लाइनमैन ठीक करके चले जाते हैं। अब तक इसके सुरक्षा-व्यवस्था का कोई इंतजाम नहीं हुआ है।


**सहूलियत** | दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं व अन्य यात्रियों को 50 रुपये देकर मिलेगी सुविधा

# रेलवे स्टेशन पर जल्द शुरू होगी ई-कार सेवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जल्द ही मुरादाबाद रेलवे स्टेशन समेत मंडल के तीन रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए ई-कारों का संचालन किया जाएगा। दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं समेत आम यात्री भी 50 रुपये इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे में 30 हजार से ज्यादा यात्रियों का आगमन होता है। रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए हर समय बेहतर प्रयास करता है। जिसके तहत रेलवे अब जल्द ही मुरादाबाद मंडल के तीन स्टेशनों पर ई-कारों की सुविधा शुरू करने जा रहा है। इसके लिए रेलवे ने निजी कंपनी को अनुमति दी है। जिसके तहत कंपनी रेल मंडल के मुरादाबाद, देहरादून और हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर यह सुविधा शुरू करने जा रही है। जिसके लिए टेंडर की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुछ रेल मंडलों में यात्रियों को पहले से यह सुविधा मिल रही है। मुरादाबाद में पहली बार इसकी शुरुआत की जाएगी। प्लेटफार्म नंबर एक पर रैंप वाला पुल न होने के कारण बीमार और बुजुर्ग यात्रियों को दूसरे प्लेटफार्म तक पहुंचने में परेशानी होती है। ऐसे में यात्री 50 रुपये चुकाकर बैटरी कार की मदद ले सकेंगे। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर चार ई-कार, हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर चार ई-कार और देहरादून रेलवे स्टेशन पर तीन ई-कारों का संचालन किया जाएगा। यह सुविधा अगले माह तक शुरू कर दी जाएगी।



मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्मों पर इस तरह ई-कार का होगा संचालन।

> मुरादाबाद रेल मंडल के मुरादाबाद, देहरादून व हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर ई-कार की सुविधा शुरू की जा रही है। जिससे यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा एक माह के अंदर शुरू कर दी जाएगी।
> – आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम



विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यशाला में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव व अन्य।

## आजीविका संवर्धन में सभी करें सहयोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत विकास भवन सभागार में गुरुवार को सूक्ष्म वित्त व वित्तीय समावेशन पर आधारित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। उद्घाटन सीडीओ सुमित यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

भारत सरकार से नामित नेशनल रिसोर्स पर्सन जीबी भुआन और सुधाकर सत्यपति के साथ साथ उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला अग्रणी प्रबंधक, प्रथमा ग्रामीण बैंक के डीआरएम ने मार्गदर्शन किया। नेशनल रिसोर्स पर्सन ने स्वयं सहायता समूह की वित्तीय सहायता के लिए जानकारी देकर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि आजीविका संवर्धन के लिए अधिक से अधिक बैंक लिंकेज आदि कार्य में समूह की महिलाओं का सहयोग करें। इस दौरान विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर, बैंक सखी आदि से जुड़े कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## कांवड़ यात्रा को चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे द्वारा कांवड़ यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा और ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे। जिसके लिए रेलवे ने तैयारी पूरी कर ली है। हरिद्वार व गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले कांवड़ मेले में जाने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाएगा। इसके अलावा मुरादाaबाद- लक्सर, हरिद्वार-दिल्ली समेत पांच मेला स्पेशल ट्रेनें चलेंगी, जबकि दिल्ली-शामली और दिल्ली सहारनपुर मेमू ट्रेनों को विस्तार देते हुए हरिद्वार तक चलाने की तैयारी है। यात्री सुविधा को लेकर रेलवे ने हरिद्वार, गढ़, राजघाट और बालावाली स्टेशनों पर अतिरिक्त व्यवस्था की है। आला हजरत समेत सात जोड़ी ट्रेनों को मेला स्टेशनों पर ठहराव निर्धारित किया है।

**सूचना**

- रामपुर पेज- 7,8
- संभल, चंदौसी पेज- 9,10
- अमरोहा पेज- 11,13

## शहर में आज



☞रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस की ओर से निशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर राम रहीम नेत्रालय शेरूआ चौराहे पर सुबह 9 :00 बजे।

☞इमामबाड़ा लाकड़ीवालान में मजलिस सुबह 8 :30 बजे।

☞चौमुखा पुल स्थित इमामबाड़े में मजलिस शाम 5 :00 बजे।

☞लाल मस्जिद में जिक्र ए शहीदाने कर्बला कार्यक्रम रात 9 :00 बजे।

### बारिश के बाद चौकी हसन खां में जलभराव की समस्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बारिश के बाद कई क्षेत्रों में अभी भी जलभराव की समस्या बनी हुई है। महानगर के तहसील स्कूल स्थित चौकी हसन खां में नालियां-नाले चोक हो जाने से गंदा पानी सड़कों पर आ गया है। क्षेत्रवासियों ने कई बार नगर निगम अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की। लेकिन, समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय पार्षद व जनप्रतिधियों से शिकायत के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला।

# उमस भरी गर्मी के बीच बिजली ट्रिपिंग ने लोगों को खूब रुलाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को बारिश ने लोगों को जहां खुशनुमा मौसम दिया। वहीं गुरुवार को उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हो गए। इस उमस भरी गर्मी में बिजली ने भी लोगों को खूब रुलाया। कहीं ट्रिपिंग की समस्या आई, तो कहीं फाल्ट होने से घंटों बिजली गुल रहीं। ग्रामीण अंचल में भी लोग परेशान रहे।

गुरुवार का दिन उमस भरा रहा। देर शाम तक ने लोगों को खूब परेशान किया। इस दौरान बिजली की समस्या भी सामने आई। लाइनपार, टीपी नगर, बुद्धि विहार, हिमगिरी समेत कई मोहल्ले में बुधवार रात और गुरुवार को बिजली घंटों गुल रही। लाइनपार निवासी संतोष ने कहा कि रामलीला मैदान के पास दोपहर में फाल्ट हो गया। जिस वजह से करीब 1 घंटा बिजली गुल रहीं। वहीं गांव देहात में भी बिजली खूब परेशान कर रही है। काजीपुरा निवासी हरमीत ने कहा कि खेतों में धान रुपाई चल रही है। लेकिन, बिजली पर्याप्त नहीं आ रही है। जिस वजह से काम प्रभावित हो रहा है। अधिशासी अभियंता प्रथम नरेंद्र सिंह ने बताया कि बारिश में फाल्ट की वजह से आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

### रातभर गुल रही बिजली

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** बुधवार रातभर बिजली गुल रहने से लोग गर्मी से बिलबिला गए। गुरुवार को सुबह 11 :00 आपूर्ति सुचारू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। बुधवार की रात को पाठ वाली मिलक में हाईटेंशन लाइन के दो खंभे गिरने से पूरी लाइन नीचे गिर गई। जिससे पाकबड़ा की बिजली गुल हो गई। जो पूरी रात ठीक नहीं हो पाई। जिससे लोग परेशान रहे। गुरुवार की सुबह करीब 11 :00 तक दोनों खभों व लाइन को सही किया गया। तब जाकर बिजली आपूर्ति सुचारू हो पाई। उसके बाद भी बिजली की ट्रिपिंग व लो वोल्टेज ने लोगों को परेशान रखा।

## नदियों का जलस्तर बढ़ने पर पुलों की निगरानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पिछले कई दिनों लगातार हुई बारिश से नदियों के जल स्तर में काफी उछाल है। ऐसे में खास तौर से पुलों के लिए भी खतरा बढ़ जाता है। हालांकि, उप्र राज्य सेतु निगम के अभियंता नदी पर निर्मित पुलों पर लगातार नजर बनाए हैं। मौके पर जाकर पुल की स्थिति का भी निरीक्षण कर रहे हैं।

इसी क्रम में मुख्य अभियंता के निर्देश पर गुरुवार को भी सेतु निगम के सहायक अभियंता अनूप शर्मा ने महानगर के दो बड़े पुलों पर जाकर स्थिति की जांच की है। उन्होंने बताया कि बरेली बाईपास पर रामगंगा नदी पर बने ओवरब्रिज को देखा गया है। यहां ओवरब्रिज पूरी तरह सुरक्षित और मजबूत स्थित में है। कहीं गड्ढे नहीं हैं और न ही रेलिंग क्षतिग्रस्त है। इसी तरह दिल्ली रोड पर गागन नदी पर बने ओवरब्रिज पर भी जाकर स्थिति की जांच की गई है। यह पुल भी वाहनों के लिए सुरक्षित और मजबूत स्थित में है।

### कोसी नदी पर बना साइफन क्षतिग्रस्त, अगापुर से मंडौली तक सड़क का निर्माण भी अधूरा

# कम हुआ नदियों का जलस्तर, पर समस्याएं बरकरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश का असर मैदान में देखने को मिल रहा है। तीन दिन तक लगातार हुई बारिश से जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी अभी भी भरा हुआ है। ऐसे में किसानों की बड़ी संख्या में फसलें बर्बाद हुई हैं। जबकि ग्रामीणों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। हालांकि नदियों का जलस्तर कम हुआ है।

रामगंगा किनारे बसे ग्रामीणों के लिए जैसे ही बरसात का मौसम शुरू होता है उनको बाढ़ आने का खतरा सताने लगता है। हालांकि रामगंगा नदी का जलस्तर कम होने से किनारे बसे गांवों के लोगों को कुछ हद तक राहत तो मिली है। लेकिन, ढेला नदी के बढ़ते जलस्तर से ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में दुश्वारियां बढ़ रही हैं। उधर फर्रखपुर में भी खेतों में पानी भरा हुआ है। शहर के पास स्थित काफियाबाद और उसके आसपास के क्षेत्रों में भी पानी भरा होने से गावों में रहने वालों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।



रामगंगा नदी का जलस्तर कम होने के बाद नाव से चारा लेकर पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

उधर, कोसी नदी का जलस्तर कम होने से मूंढापांडे क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति तो नही है। लेकिन यहां भी कई गांवों में पानी आने से सैकड़ों बीघा फसलें नष्ट हो गई हैं। रनियाठेर गदईखेड़ा, हरपाल नगर, भइयानगला, चककोहन्कू, लालपुर तीतरी, रजोड़ा, जैतपुर बिसहाट आदि गांवों में पानी भरा हुआ है। बारिश के चलते गदईखेड़ा, रनियाखेड़ा, और चककोहन्कू को जोड़ने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त पड़ा है। वहीं कोसी मंडौली से अगापुर तक का लगभग छह किलोमीटर मार्ग पर निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है। अगापुर से मडौली कोसी बांध पर बना साइफन क्षतिग्रस्त पड़ा है। जिससे बारिश का पानी किसानों की खेतों में पहुंचने से फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

# छह पदों पर हुआ निर्विरोध निर्वाचन, भाजपा के चार पार्षद जीते

### नगर निगम कार्यकारिणी में अब 12 में से 8 सदस्य भाजपा के और चार कांग्रेस के हुए, सपा-बसपा का प्रतिनिधित्व नहीं

कार्यकारिणी चुनाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम कार्यकारिणी में रिक्त हुए छह सदस्यों के स्थान पर नये सदस्यों का चुनाव पार्षदों के बीच में से कराया गया। नगर निगम सभागार में हुए चुनाव में मतदान की नौबत नहीं आई। सर्वसम्मति से छह सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इसमें चार भाजपा के और दो कांग्रेस के पार्षद कार्यकारिणी में स्थान पाने में सफल रहे। वहीं सपा की नवनिर्वाचित सांसद रुचि वीरा को नगर निगम बोर्ड में पदेन सदस्य के रूप में महापौर विनोद अग्रवाल ने शपथ दिलाई। नये सदस्यों के चुने जाने के बाद 12 सदस्यों की कार्यकारिणी में भाजपा के 8 सदस्य हो गए हैं।

टॉउनहाल स्थित नगर निगम सभागार में दिन में कार्यकारिणी के रिक्त 6 सदस्यों के पद के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया हुई। इसमें निर्वाचित होने के लिए एक सदस्य को 12 पार्षदों का वोट चाहिए था। इस लिहाज से भाजपा व कांग्रेस की ओर से जोर आजमाइश की उम्मीद थी। 70 पार्षदों वाले बोर्ड में भाजपा का बहुमत होने के चलते उसके चार सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन की राह आसान विपक्ष की ओर से चुनाव की नौबत न आने के देने के चलते बनने लगी। अंत में सर्वसम्मति से भाजपा के विशाल सिंह गोलू, अजय तोमर, मनोरमा सैनी और चंद्रभान सैनी के पक्ष में मुहर लग गई। वहीं दूसरा सबसे बड़ा दल होने के चलते कांग्रेस ने भी अपने दो पार्षदों मोहम्मद नदीम और शमशेर अली को निर्विरोध निर्वाचित करा लिया। इस प्रकार अब 12 सदस्यीय कार्यकारिणी में भाजपा के सर्वाधिक 8 और कांग्रेस के 4 सदस्य हो गए। सपा का इस बार एक भी सदस्य कार्यकारिणी में स्थान नहीं पा सका। महापौर विनोद अग्रवाल ने कार्यकारिणी के नये सदस्यों को जीत की बधाई दी। कहा कि सभी के सहयोग से नगर निगम क्षेत्र में विकास कराना प्राथमिकता है। कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को जनहित को प्राथमिकता देने में तत्पर रहना है। वहीं नव निर्वाचित सपा की सांसद रुचि वीरा को महापौर ने पदेन सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। इस दौरान सदन में अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव आदि का भी स्वागत किया गया।



नगर निगम में सांसद रुचि वीरा को शपथ दिलाते महापौर विनोद अग्रवाल। ● अमृत विचार



निगम सभागार में जीत के प्रमाणपत्र के साथ निर्वाचित सदस्य। ● अमृत विचार

### पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से मिले भाजपा के नये सदस्य

नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्यों के निर्वाचन में सर्वसम्मति बनने के चलते वोटिंग की नौबत नहीं आई। अपने चार सदस्य जिता लेने के बाद महापौर व कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष के साथ कार्यकारिणी में स्थान पाने वाले भाजपा के नये सदस्यों ने सिविल लाइंस स्थित निरीक्षण गृह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी से मुलाकात की। उन्होंने सभी को जीत पर बधाई दी। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष आकाश पाल आदि मौजूद रहे।

### महापौर ने दिलाई शपथ

कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचित नये सदस्यों विशाल सिंह गोलू, अजय तोमर, मनोरमा सैनी, चंद्रभान सैनी, मोहम्मद नदीम, शमशेर अली को महापौर ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।



सभागार में मौजूद पार्षद। ● अमृत विचार

### भाजपा का पलड़ा और हुआ भारी

कार्यकारिणी में 4 नये सदस्यों के चुने जाने के बाद भाजपा का पलड़ा और भारी हो गया। कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव का कहना है कि नगर निगम के इतिहास में पहली बार नगर निगम की कार्यकारिणी के 12 सदस्यों में से 8 भाजपा के हैं। जबकि 4 सदस्य कांग्रेस के हैं।

## आनॅलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गुरुवार को चौथे दिन भी जनपद में शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया। शिक्षकों ने विरोध के बीच ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई, लेकिन बच्चों को पढ़ाया। वहीं शाम को शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में शिक्षक कलेक्ट्रेट पर इकट्ठा हुए। जिसके बाद शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिसके बाद शिक्षकों ने अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी गोपी कृष्ण को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि परिषदीय विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं को 15 सीएल 30 आकस्मिक अवकाश की सुविधा प्रदान की जाए। इसके अलावा कैशलेस चिकित्सा सुविधा बिना प्रीमियम दी जाए। परिषदीय शिक्षक, शिक्षिकाओं का समय से स्थानांतरण एवं पदोन्नति की जाए। वेतन विसंगति समस्या का भी निराकरण किया जाए। लिपिक और चपरासी की नियुक्ति भी की जाए। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा, जिला मंत्री रविकान्त गहलौत, ब्लाक बिलारी अध्यक्ष सतपाल चौधरी, ब्लाक मंत्री चरित्र कुमार, टीएससीटी के जिला संयोजक सुधीश पाराशरी, सहसंयोजक अंकित विश्नोई, हिन्दवीर सिंह, एससी/एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष करन सिंह, जय प्रधान, पपीन चौधरी, अवनीश, कुमारी शाहीन, खदीजा एजाज आदि मौजूद रहे।




ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## पुरानी पेंशन बहाली को आज होगा आंदोलन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे कर्मचारी शुक्रवार को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन करेंगे। जिसको लेकर एनआरएमयू ने पूरी तैयारी कर ली है।

एनआरएमयू के मंडल मंत्री राजेश चौबे शुक्रवार को पुरानी पेंशन बहाली के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के आह्वान पर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी दिन 1968 में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन द्वारा मजदूरों की मांग मनवाने के लिए देशव्यापी हड़ताल आयोजित की,जिसमें हमारे संगठन के कई सैनिकों को अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ा उन सभी लाल शहीद सैनिकों को नमन करने और पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदर्शन किया जाएगा।

# नाली और सड़क की मरम्मत कराई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम कर्मियों ने मोहर्रम के जुलूस निकालने के रास्ते पर गुरुवार को सड़क व नाली की मरम्मत की व खुले नालों का ढका गया। जिससे जुलूस के दौरान किसी अनहोनी की स्थिति न आए।

निगम के निर्माण अनुभाग द्वारा वार्ड 67 पीरगैब में मुख्य सड़क की पैच मरम्मत व खुली नालियों पर पत्थर ड्रेन कवर्ड कराया गया। इसके अलावा वार्ड 65,2, 42 में नाली और सड़क की मरम्मत व पुलिया निर्माण का कार्य कराया गया। लाकड़ीवालान, पीरगैब चौराहे के सामने मैनहॉल की साइड के गड्ढे को मिट्टी डालकर भरा गया। कांठ रोड, दिल्ली रोड व कांवड़ व मोहर्रम के रूट पर सड़क के किनारे पड़े मलबे को भी नगर निगम की टीम ने हटवाया।



मोहर्रम के जुलूस के रास्ते की नगर निगम की ओर से कराई जा रही मरम्मत।

वहीं जलकल अनुभाग ने जन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वार्ड 1, 5, 9, 15, 18, 26, 38, 47, 57 में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई गई। वार्ड 26, 39 और 56 में सीवर की सफाई हुई। वार्ड नंबर 13, 16, 28, 60 में पानी न आने की शिकायत भी दूर कराई गई। इसी क्रम में पथ प्रकाश अनुभाग ने महानगर के विभिन्न पथ प्रकाश बिंदुओं के खराब पड़े 97 एलईडी लाइटों को ठीक कराया गया।

## गरीब बच्चों को कालेजों में मिले निशुल्क प्रवेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गरीब समाज स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रसेन भारती ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर गरीब बच्चों को स्कूल-कालेजों में निशुल्क प्रवेश दिलाने की मांग की है।

जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में हजारों ऐसे छात्र-छात्राएं है जो गरीबी की वजह से शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। उनके पास उच्च शिक्षा, रोजगारपरक शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के पर्याप्त साधन नहीं है। इनकी शिक्षा के लिए पार्टी मांग करती है कि पूरे प्रदेश में सभी वर्गों के गरीब छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए निशुल्क सुविधा की जाए। ज्ञापन देने वालों में रघुवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह समेत अन्य शामिल रहे।

# आशाओं ने निकाली जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विश्व जनसंख्या दिवस पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने महानगर में जागरूकता रैली का आयोजन किया। सीएचसी-पीएचसी स्तर पर भी आशा कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। महानगर में जन जागरूकता रैली को सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाई।

उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा को पूरी मेहनत व लगन के साथ मनाएं, ताकि कार्यक्रम का उद्देश्य पूरा हो। सीएमओ ने कहा कि इस बार का कार्यक्रम विकसित भारत की नई पहचान-परिवार नियोजन हर दंपती की शान की थीम पर संचालित हो रहा है। आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों ने सीएमओ कार्यालय से बैनर-पोस्टर व पंफलेट लेकर रैली निकाली। जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में लोगों को जागरूक किया और फिर रैली कलेक्ट्रेट मार्ग की ओर गई। इसके बाद सीएमओ कार्यालय में रैली का समापन किया गया। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. भारत भूषण, डॉ. देवीदास, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) रघुवीर सिंह, जिला परिवार नियोजन प्रबंधक दीपक कुमार, अर्बन कोऑर्डिनेटर प्रमोद कुमार, एनजीओ पार्टनर रिजवान व डॉ. गीतिका मौजूद रहे।



रैली निकालकर जागरूकता का संदेश देतीं आशा व अन्य स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

तैयारी — प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक इमरजेंसी बिल्डिंग के पास पार्क में यूनिट बनाने में बता रही दिक्कतें

# 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए फिर पहल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला एवं महिला अस्पताल में 100 बेड वाली क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की कवायद फिर से शुरू हो गई है। लखनऊ से आए डिजाइनर ने मौका भी देख लिया है। यह यूनिट आपातकालीन भवन के पास बनाने की योजना है। हालांकि, यहां पहले से ही पार्क है लेकिन, अतिरिक्त कोई जमीन न मिलने के कारण यूनिट इसी स्थल पर बनाने की चर्चा चल रही है।

वैसे पहले भी यहीं पर यूनिट बनाने की चर्चा शुरू हुई थी लेकिन, उस वक्त भी जिला अस्पताल प्रशासन ने खाली जमीन न होने की बात कही थी। जिससे यूनिट बनाने की बात थम गई थी। लेकिन, इधर फिर से इसी मुद्दे पर बात शुरू हुई है। लेकिन, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता इमरजेंसी सेवाओं वाली बिल्डिंग के पास पार्क वाली जमीन पर क्रिटिकल केयर यूनिट बनने के पक्ष में नहीं हैं। उनका कहना है कि यदि क्रिटिकल केयर यूनिट इमरजेंसी सेवाओं वाली बिल्डिंग के पास बनता है तो सभी पार्क समाप्त हो जाएंगे। इमरजेंसी बिल्डिंग के पास के पार्क के पास ही सीवर लाइन निकली है और बिजली के तार भी अंडरग्राउंड पड़े हैं। यहां यूनिट बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी वाले कैसे अनुमति देंगे, यह उनके भी समझ में नहीं आ रहा है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि यूनिट बनने से इमरजेंसी के पास फ्रंट वाली बिल्डिंग भी प्रभावित होगी। उसमें हवा-धूप भी मिलना बंद हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यूनिट का भवन 7-8 मंजिल का होगा। इसके लिए 4500 वर्ग मीटर जमीन की जरूरत है।

### यूनिट बनने के बाद गंभीर रोगियों को मिलेगा इलाज

क्रिटिकल केयर यूनिट बनने से गंभीर बीमारी के मरीजों को इलाज की सुविधा मिलेगी। यूनिट का निमार्ण होने के बाद से दुर्घटना के साथ बड़ी सर्जरी की भी मरीजों को सुविधा मिलेगी। यह यूनिट अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगी। इसमें हृदय रोग, सांस, हेड इंजरी, चोट, सर्जरी सहित अन्य बीमारियों के गंभीर मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जाएगा। क्रिटिकल केयर ब्लॉक में आईसीयू, आईसोलेशन वार्ड, हाई डिफेंसिव यूनिट (एचडीयू), वेंटिलेटर के साथ हर बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। हर बेड पर गहन चिकित्सा से संबंधित सभी सुविधाएं मिलेंगी।

> मेडिकल कॉलेज के साथ 100 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए अस्पताल में इमरजेंसी बिल्डिंग के पास ही खाली पड़ी जगह पर बनाने की योजना है। लखनऊ से डिजाइनर आया था, वह देख भी गया है। लेकिन, संबंधित जमीन का फाइनल होना अभी बाकी है।
>
> – डॉ. कुलदीप सिंह, सीएमओ

# उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन के सदस्यों ने मनाया 10वां स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गुरुवार को राज्यकर कार्यालय में जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रांतीय संगठन उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन का 10वां स्थापना दिवस मनाया। अधिवक्ताओं ने केक काटकर व मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया।


महासचिव शाहवेज मलिक ने संगठन की स्थापना और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संगठन में संकाय के अध्यक्ष गुफरान माजिद ने बताया कि अधिवक्ताओं की एकजुटता ही उनकी ताकत है। इसलिए हमें एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने हैं। इस दौरान अध्यक्ष गुफरान माजिद, कार्यकारिणी सदस्य आदित्य शर्मा, मनीष अग्रवाल, विनीत वर्मा, दीपक कुमार गुप्ता, राजदीप गोयल, विपिन प्रजापति आदि मौजूद रहे।



संगठन का 10वां स्थापना दिवस मनाते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### जिला अस्पताल में बढ़े बुखार व डायरिया के मरीज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बरसात के दिनों में कई बीमारियां भी फैलने लगी हैं। यही वजह है कि जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। यहां पर ज्यादा मरीज बुखार, खांसी, नजला और डायरिया के आए। वहीं बरसात के बाद बदले मौसम से कभी गर्मी कभी बरसात बच्चों पर भारी पड़ रही है। बच्चे भी अधिक संख्या में उल्टी, दस्त और बुखार के शिकार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। चिकित्सक इस मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।



## एक नजर

### अधिष्ठापन समारोह में दिया पौधरोपण का संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद ने अधिष्ठापन समारोह और जनरल मीटिंग का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ क्लब प्रार्थना और स्वागत नृत्य से किया। सचिव संगीता विश्नोई ने अध्यक्ष शिवानी पाठक को कालर पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष शिवानी पाठक ने अपनी टीम का परिचय कराते हुए पिन लगवाकर स्वागत किया। इसके अलावा सुरक्षित पर्यावरण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। संचालन पूनम रस्तोगी ने किया। इस मौके पर रीना गोयल, सोनल भाटिया, आशा सिंह, ज्योति, कल्पना, रेनू, नीलम, शशि, सुनीता, श्वेता शामिल रहे।

### ट्रांसफार्मरों से खतरा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर में कई क्षेत्रों में खुले में रखे ट्रांसफार्मरों से हादसे का खतरा बना हुआ है। महानगर के झब्बू का नाला, तहसील स्कूल, गलशहीद, करूला रहमत नगर गली नंबर 4 में खुले में ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार मौन हैं।

# महिला की हत्या के दोषी पति को 10 साल की सजा

- एससी/एसटी कोर्ट ने चार साल बाद सुनाया फैसला, 42 हजार जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अदालत ने दहेज हत्या के मामले में पति को दोषी करार देते हुए 10 साल के कारावास की सजा और 42 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

नैनीताल के कालाढूंगी थाना क्षेत्र के विनयपुर निवासी सरोज सिंह ने 16 नवंबर 2021 को भगतपुर थान में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें सरोज सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने बेटी की शादी थाना भगतपुर के निवाड़खास निवासी कपिल पुत्र हरिराज के साथ की थी। शादी के बाद से पति समेत ससुराल वाले दहेज को लेकर नाखुश थे। वह आए दिन उनकी बेटी के साथ मारपीट करते थे। इसकी जानकारी बेटी ने उन्हें दी थी। सरोज सिंह ने पुलिस में भी इस बात की शिकायत की थी। जिस पर कपिल और उसके माता-पिता ने लिखित रूप से समझौता किया था कि वह भविष्य में कभी उनकी बेटी को परेशान नहीं करेंगे। 15 नवंबर 2021 को सरोज सिंह को जानकारी मिली कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। वह रिश्तेदारों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे तो बेटी का शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र अदालत में पेश किया। जिसकी सुनवाई एससी/एसटी कोर्ट सन्दीप गुप्ता की अदालत में की गई।

सरकारी वकील अधिवक्ता सुरेश सिंह के मुताबिक, मामले में कई गवाहों ने बयान दर्ज कराए। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति कपिल को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 42 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जबकि के खिलाफ कोई ठोस सबूत न होने पर उन्हें मुकदमे से बरी कर दिया।

### लाल मस्जिद में चल रहे जिक्र-ए-कर्बला प्रोग्राम का तीसरा दिन, मजलिस में नम हुईं अजादारों की आंखें

# जो शख्स सहाबा को बुरा कहे, वो अहले सुन्नत नहीं : मुफ्ती दानिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर की लाल मस्जिद में चल रही जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल के तीसरे दिन मुफ्ती मोहम्मद दानिश कादरी ने अपने खिताब में बताया कि कुराने पाक में अल्लाह पाक ने इरशाद फरमाया कि सहाबा की वो जमात है कि जिन से अल्लाह राजी है और वह अल्लाह से राजी है। इसलिए सहाबा को मानना जरूरी है। जो उन्हें न माने वो अहले सुन्नत नहीं है।

मुफ्ती दानिश ने आगे कहा कि दीन इस्लाम को फैलाने में सच्चाई का झंडा बुलंद करने में सहाबा इकराम ने अपना अहम किरदार अदा किया है। सहाबा की पूरी जिंदगी प्यारे नबी के बताए हुए रास्ते में चलने में गुजारी है। दुनिया के कोने-कोने तक सहाबा इकराम ने अपने किरदार से इस्लाम का प्रचार व प्रसार किया। लोगों को भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम दिया। अल्लाह के नबी ने इरशाद फरमाया कि मेरे सहाबा की मिसाल सितारों की है, इनमें से किसी एक की भी पैरवी कर लो निजात पा जाओगे। उन्होंने कहा कि सहाबा से मोहब्बत हमारा ईमान है। उन्होंने कहा कि अहले सुन्नत सहाबा की भी अजमतों को मानते हैं और अहलेबैत से भी मोहब्बत को अपना ईमान मानते है। बल्कि ईमान की जान मानते हैं। मुसलमानों को जरूरत है कि वह अपने बच्चों को सहाबा इकराम व अहलेबैत की दास्तान सुनाएं और उन्हें बताएं कि इन लोगों ने अपनी जिंदगी को नबी के बताए हुए रास्ते पर किस तरह से चलाया है और जिंदगी को प्यारे नबी की सुन्नतों के मुताबिक गुजारा। इस दौरान शुजात अशरफी, रिजवान उर रहमान, अली साद, हाफिज फाजिल, रईस अहमद, इमरान अली समेत अन्य लोग शामिल रहे।



लाल मस्जिद में जिक्र ए कर्बला महफिल को खिताब करते मुफ्ती दानिश कादरी।

### इमाम हुसैन ने छह माह के बेटे को करा दिया शहीद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुहर्रम की चौथी तारीख को बुधवार सुबह पहली मजलिस मोहल्ला लाकड़ीवालान में मरहूम अली यावर नकवी के मकान पर हुई। मजलिस में शमीम असगर ने सौज खुवानी की। मौलाना हसन मुज्तबा ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि इंसानियत को जुल्म और ज्यादतियों से खत्म नहीं किया जा सकता। अगर जुल्म से डर कर उस वक्त इमाम हुसैन यजीद से बैयत कर लेते तो इंसानियत को बहुत शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता। क्योंकि यजीद का कहना यही था की कोई साथ आए न आए, इमाम हुसैन का हमारे साथ आना इस्लाम की शिकस्त होगी। लेकिन, इमाम हुसैन ने इस्लाम की खातिर अपना घर लुटाना सही समझा और यजीद के साथ बैयत नहीं की। इतना ही नहीं इमाम हुसैन ने इस्लाम को बचाने के लिए अपने छह महीने के मासूम अली असगर को भी शहीद करा दिया। जिसको सुनकर अजादारो में हाय हुसैन-हाय हुसैन की सदाएं बुलंद होने लगी। मजलिस के बाद आसिफ नौगानवी ने नोहा पड़ा। जिसमें अजादारों ने मातम किया। शाम को चौमुखापुल स्थित इमामबड़ा मीर सआदत अली में दूसरी मजलिस की गई। यहां मौलाना अली मोहम्मद ने मजलिस को खिताब किया। जबकि तीसरी मजलिस मोहल्ला लाकड़ीवालान में इमामबाड़ा हकीम फरजंद अली में हुई। मजलिस में हाजी अनीस बाकरी, डॉ. तनवीर नकवी, हाजी अमीरूल हसन जाफरी, हाजी कायम हसनैन, हाजी नसीम असगर, मोहम्मद अब्बास, हाजी डॉ. सिब्ते नबी आलम आब्दी, काशिफ हसनैन, हाजी महताब हैदर, आसिम यावर, शान हैदर, नावेद यावर, जावेद यावर, वसीम रिजवी, जिया अब्बास, गोहर मिर्जा, अजीम हैदर समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### 25 से 29 सितंबर तक होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** 25 सितंबर से 29 सितंबर के बीच मध्य इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जाएगा।

संयुक्त आयुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र योगेश कुमार ने बताया कि 2023 में आयोजित प्रथम उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो की व्यापक सफलता के बाद प्रदेश सरकार द्वितीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित कर रही है। इसमें प्रदेश में निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहित कर विदेशी बाजार में उनकी सुदृढ़ पहचान स्थापित करने के लिए भव्य प्रदर्शनी लगेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के नवोदित व नियमित निर्यातकों को उनके उत्पादों के समुचित प्रदर्शन, प्रचार प्रचार, मार्केटिंग और नेटवर्किंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक निर्यातक, हस्तशिल्पी, कारखानेदार और उद्यमी इन श्रेणियों में स्टॉल चार्ज की राशि जमा करते हुए अपना स्टॉल बुक करा सकते हैं। इसके लिए वह किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र निकट-23 पीएसी, कांठ रोड पर संपर्क कर सकते हैं।

# दुष्कर्म का विरोध करने पर की थी महिला की हत्या, गिरफ्तार

### बिलारी में पुलिस ने गन्ने के खेत से बरामद किया था शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिलारी थाना क्षेत्र में दुष्कर्म का विरोध करने पर महिला की गला दबाकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला धान के खेत में काम करने के लिए गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस की दो टीमों ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया। पुलिस ने कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया है।

एसपी देहात संदीप मीणा ने बताया है कि बिलारी थाना क्षेत्र के भूड़ मरेसी निवासी गोपाली ने 8 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। गोपाल ने तहरीर में बताया था कि उनकी पत्नी दोपहर को धान की पौध लगाने के लिए खेत पर गई थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने अगले 9 जुलाई को महिला का शव गन्ने के खेत से बरामद किया। एसपी देहात ने बताया कि आरोपी की तलाश करने के लिए दो टीमें गठित की गई। संदेह होने पर गांव के लाल सिंह पुत्र रंजीत को हिरासत में ले लिया। लाल सिंह ने पूछताछ अपना जुर्म कबूल लिया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि 48 वर्षीय महिला धान के खेत में काम कर रही थी, तब वह पास के ही खेत में था। मौके का फायदा उठाकर महिला के साथ उसने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर पेटीकोट के नाडे से फंदा लगाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया।



बिलारी थाना क्षेत्र में हुई हत्या का खुलासा करते एसपी देहात संदीप कुमार मीणा।

### महानगर में 69 स्कूल बसों की फिटनेस जांची

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** परिवहन व यातायात पुलिस ने गुरुवार को दिल्ली रोड पर आईएफटीएम में 69 बसों की फिटनेस की जांच की गई। जिसमें चार बसें अनफिट मिली, जबकि ज्यादातर बसें सही मिलीं। मौके पर परिवहन विभाग के आरआई हरिओम व यातायात पुलिस के निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

संभागीय निरीक्षक हरिओम ने बताया कि स्कूली बसों की फिटनेस को मौके पर ही परखा जा रहा है। फिटनेस में फेल होने पर विभाग ने नोटिस दिए हैं। विभाग की ओर से स्कूली वाहनों की फिटनेस जांची जा रही है। वाहनों का रंग पीला, बस में दो व वैन में एक अग्निशमन यंत्र, गति सीमा यंत्र आदि नियमानुसार हो। फिटनेस न होने पर विभाग द्वारा चालान व जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्कूली बसों की जांच को विभिन्न क्षेत्रों में अधिकारी व कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। जिसके तहत संभागीय निरीक्षक हरिओम को दिल्ली, शहर, संभल व बिलारी रोड का जिम्मा दिया गया है। जबकि आरआई अजय तिवारी को रामपुर, कांठ व ठाकुरद्वारा रोड पर संचालित स्कूली बसों में फिटनेस की जांच की जिम्मेदारी दी गई है।

# प्रत्येक गांव को मिलेंगी 25 किट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित गांवों में रोगी को घर में ही दवा उपलब्ध कराने की तैयारी कर ली है। दवाएं गांव में पहुंचाने के लिए केंद्रीय औषधि भंडार में पैकेट बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक गांव में दवाओं के 25-25 किट भेजे जा रहे हैं। इन प्रत्येक किट में 13 प्रकार की दवाएं हैं। यह किट गांव स्तर पर आशा को उपलब्ध कराए जाएंगे। फिर आशा संबंधित रोगी को दवाएं बांटेंगी।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि पैकेट में 13 तरह की बीमारियों की दवाएं हैं। यह संबंधित बीमारियां अक्सर जल भराव वाले क्षेत्र के निवासियों में फैलती हैं। प्रत्येक पैकेट में बदन दर्द, सिरदर्द, बुखार, जुकाम, एलर्जी, उल्टी-दस्त, पेट में दर्द, बदन दर्द, पेट में जलन व गैस, सांस फूलने, दस्त, खुजली-दाद व आंख में दर्द की दवाएं रखी गई हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल 205 गांवों में दवाएं भेजने को पैकेट तैयार हो गए हैं। हर गांव में दवा की 25-25 किट 205 गांवों में भेजी जा रही हैं। प्रत्येक किट में 10-10 टेबलेट के 13 तरह की बीमारियों की दवाएं हैं, यानी एक-एक किट में 130 टेबलेट रखी गई हैं। सीएमओ ने बताया कि आशा और संगिनी को निर्देश दिए गए हैं कि गांव में वह प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य पर नजर रखेंगी। जैसे ही कोई व्यक्ति या बच्चा बीमार होता है तो उसे घर पर जाकर दवाएं देंगी।



केंद्रीय औषधि भंडार में दवाओं की पैकिंग करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सीएमओ ने बताया, किस रोग में कौन सी दवा खाएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीएमओ ने ग्रामीणों को बताया है कि बदन दर्द, सिरदर्द और बुखार होने पर सुबह-शाम पैरासिटामॉल 500 एमजी की एक-एक गोली खानी होगी। जुकाम एवं एलर्जी होने पर लेवोसेट्रीजीन-5 एमजी की एक टेबलेट शाम को सोते समय खानी होगी। बुखार आने पर सुबह-शाम एंटीबायोटिक टेबलेट सिप्रोफ्लोक्सासिन 500 एमजी एक-एक टेबलेट खानी होगी। उल्टी आने पर सुबह-शाम डोमपेरिडोन 10 एमजी की एक-एक टेबलेट, दस्त आने पर मेट्रोनिडाजोल-400 एमजी की एक-एक टेबलेट सुबह-शाम, पेट में दर्द होने पर रोगी को डाइसाइक्लोमीन एचसीएल-10 एमजी की एक-एक टेबलेट सुबह-शाम, बदन दर्द होने पर एसेक्लोफेनक 100 एमजी टेबलेट की एक-एक गोली सुबह-शाम खाने की जरूरत होती है। पेट में जलन व गैस होने पर रेनिटिडिन 150 एमजी टेबलेट की एक-एक गोली सुबह-शाम, सांस फूलने पर रोगी को सैल्बुटामोल 4 एमजी टेबलेट की एक-एक गोली सुबह-शाम, खाना चाहिए। दस्त आने पर जिंक की 20एमजी की टेबलेट खानी चाहिए। यह टेबलेट 7 महीने से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए एक गोली प्रतिदिन देनी चाहिए। यदि पतले दस्त आ रहे हैं तो ओआरएस पाउडर का एक लीटर पानी में घोल बनाकर दें। आंख में दर्द होने पर सिप्रोफ्लोक्सासिन आई ड्रॉप की सुबह-शाम दो-दो बूंद डालें। खुजली एवं दाद होने पर रोगी को क्लोट्रिमेज़ोल क्रीम लगानी चाहिए।

# प्रशिक्षण में बैंककर्मियों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा संचालित समूह की महिलाओं को समय पर ऋण देने को लेकर केंद्र सरकार के प्रशिक्षण के दौरान बैंक कर्मचारियों ने हंगामा कर दिया। ठाकुरद्वारा बैंक कर्मचारियों पर समूह की दीदी को योजना के अनुसार ऋण देने में परेशान करने का आरोप था। जिसको लेकर बैठक में हुई चर्चा पर बात बिगड़ गई। ठाकुरद्वारा प्रथमा बैंक के प्रबंधक ने बैठक का बहिष्कार कर सहयोगी कर्मचारियों के साथ विकास भवन परिसर में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

स्वयं सहायता समूह की दीदियों की ऋण योजना में भारत सरकार की ओर से परिवर्तन किए गए हैं। जिसको लेकर गुरुवार को जनपद की प्रथमा बैंक की सभी शाखाओं के प्रबंधक व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए विकास भवन सभागार में बुलाया गया था। सभागार में नेशनल रिसोर्स पर्सन का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जहां प्रथमा बैंक ठाकुरद्वारा के सुरजननगर शाखा द्वारा समूह की दीदियों को ऋण देने में आने वाली परेशानी पर भी चर्चा हुई। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने शाखा प्रबंधक से सख्ती से कार्य सुधार लाने की बात कही। जिस पर शाखा प्रबंधक हंगामा करते हुए प्रशिक्षण का बहिष्कार कर सहयोगियों के साथ सभागार से बाहर निकले आए और विकास भवन परिसर में सीडीओ और विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। इस दौरान उपायुक्त स्वतः रोजगार आरपी भगत ने बैंक कर्मचारियों को मनाने का प्रयास किया। लेकिन बैंककर्मी जिद पर अड़े रहे।



विकास भवन में हंगामा करते बैंक कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सुकन्या समृद्धि योजना में मंडल का दूसरा स्थान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बिटिया के जन्म लेते ही माता-पिता को उसके विवाह की चिंता होने लगती है। बिटिया की शादी धूमधाम से हो यह सपना हर माता पिता का होता है। इस उद्देश्य को साकार करने के लिए चल रही सुकन्या समृद्धि योजना के तहत मुरादाबाद मंडल में 11577 खाते खुले। जिसके चलते मंडल प्रदेश में दूसरे स्थान पर आया है। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया की सुकन्या समृद्धि योजना के प्रचार प्रसार के लिए पूरे प्रयास किए गए। 2024-25 में अप्रैल से जून तक मंडल में कुल 11,577 खाते खोले गए। बालिकाओं के स्कूलों में जाकर संपर्क कर खाते खुलवाए गए। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी संपर्क किया गया। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में शाखा पोस्टमास्टर का भी पूरा सहयोग मिला है।

# एसआरपी ने साझा की अधिनियम की जानकारियां

- जनसूचना अधिकारी व प्रथम अपीलीय अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडल व जनपद स्तरीय कार्यालयों के जनसूचना अधिकारियों व प्रथम अपीलीय अधिकारियों को दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशासनिक सुधार विभाग के स्टेट रिसोर्स पर्सन (एसआरपी) राजाराम और डॉ. राहुल सिंह ने अधिनियम की बारीकियां बताईं।

दोनों ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, जनहित गारंटी अधिनियम 2011, उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार नियमावली 2015, सूचना का अधिकार ऑनलाइन वेब पोर्टल और भारत सरकार की तर्ज पर मंडलीय व जिले के कार्यालयों में प्रशासनिक सुधार की जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी आवेदनकर्ता से नियमानुसार आवेदन मिलने के बाद यह सुनिश्चित करें कि आवेदक को निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से चाही गई जानकारी मिल जाए। यह अधिनियम प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और विभिन्न प्रकार की सूचनाओं तक जन सामान्य की पहुंच सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बना है। जिन सूचनाओं को देने से छूट प्रदान की गई है, उन्हें छोड़कर अन्य श्रेणी की सूचनाओं के आदान-प्रदान में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। आवेदन या प्रथम अपीलों को ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त करने और उनका निस्तारण करने के लिए बने वेब पोर्टल के क्रियान्वयन के बारे में बताया गया। अपर आयुक्त प्रशासन सर्वेश गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण में मिली जानकारी को सभी अधिकारी ठीक से समझ लें। जिससे प्रशासनिक कार्यों का उत्कृष्ट तरीके से क्रियान्वयन व सूचनाओं का आदान प्रदान हो सके।



सर्किट हाउस सभागार में जनसूचना अधिकारी व प्रथम अपीलीय अधिकारियों को प्रशिक्षण देते स्टेट रिसोर्स पर्सन। ● अमृत विचार


**दुश्वारियां** — कई दिनों से खिलाड़ी अभ्यास से दूर, बारिश में हो जाता है जलभराव

# बारिश से स्टेडियम के रनिंग ट्रैक की हालत खस्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर के रनिंग ट्रैक की हालत बारिश से खस्ता हो गई है। यहां ट्रैक पर कीचड़ और कहीं-कहीं जलभराव हो गया है। जिस वजह से खिलाड़ी कई दिनों से अभ्यास से दूर हैं।

सोनकपुर स्टेडियम में बारिश के दिनों में हालात बहुत ज्यादा खराब हो जाते हैं। हाल ही में 5.4 करोड़ की लागत से स्टेडियम का सौंदर्यीकरण का काम हुआ। यह काम स्मार्ट सिटी के तहत हुआ। इसके बाद भी मैदान के हालात कोई सुधार नहीं है। रनिंग ट्रैक लंबे समय से बदहाल है। इसमें गड्ढों की भरमार है। अब बारिश के दिनों में हालात बहुत ज्यादा खराब हो गए हैं। गड्ढों में पानी भर गया है। जहां-तहां कीचड हो गई है। जिससे खिलाड़ी कई दिनों से स्टेडियम में अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि हर बार बारिश के दिनों में महीनों तक अभ्यास प्रभावित होता है। रनिंग ट्रैक काफी समय से बदहाल है। लेकिन, अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्रीडा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि बारिश की वजह से हालात खराब है। एक दो दिन धूप निकलेगी, तो मैदान अच्छा हो जाएगा। मैदान के कर्मचारी लगातार मैदान को बेहतर करने में लगे हैं।



सोनकपुर स्टेडियम के रनिंग ट्रैक पर भरा पानी। ● अमृत विचार

### 23 जुलाई को युवा उत्सव पर होगी मैराथन दौड़

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवा एथलीट को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की ओर से युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत जनपदों में रेड रन मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में 23 जुलाई को मैराथन का आयोजन बालक, बालिका और ट्रांसजेंडर वर्ग में होगा। मैराथन सुबह 8 .30 बजे से तहसील रोड से काशीराम पार्क से वापस होकर तहसील पर समाप्त होगी। इसमें प्रतिभागी निशुल्क भाग लेंगे। विजेताओं में प्रथम को 1500, द्वितीय 1000 और तृतीय स्थान पाने वाले को 500 रुपये पुरस्कार मिलेगा। प्रतियोगिता क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार के सहयोग से आयोजित की जाएगी। क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि इच्छुक खिलाड़ी रेड रन मैराथन दौड़ में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### मजलिस में बयान की एहलेबैत की फजीलत

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर में मजलिसों का दौर जारी है। हर तरफ या हुसैन की सदाएं गूंज रही है। इस दौरान नज़रों नियाज का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

नगर पंचायत के मोहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा वाजिद अली कोतवाल में मौलाना रजा हैदर ने मजलिस को खिताब करते हुए एहलेबैत की फजीलत बयान की। मौलाना ने कहा कि अल्लाह के रसूल ने फरमाया कि हुसैन मुझसे है और मैं हुसैन से हूं। फिर अल्लाह के रसूल ने फरमाया कि इमाम हसन और इमाम हुसैन जन्नत के सरदार है। इतना ही नहीं बल्कि जुल्म की इंतेहा तो तब हो गई जब इमाम हुसैन के छह महीने के बेटे हज़रत अली असगर को तीर मारकर शहीद कर दिया। मजलिस में डॉ. अली रज़ा, यावर रजा, फैसल रजा, मो. नवाज़, अली नवाज, असलम नकवी आदि मौजूद रहे।

# हवन से आरंभ हुआ वार्षिक भंडारा

- झारखंडी मंदिर में हुआ वार्षिक भंडारा, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** थाना नागफनी स्थित बाबा झारखंडी मंदिर में गुरुवार को आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पंचमी को वार्षिक भंडारा हुआ। इसका आरंभ भगवान शिव सहित सभी प्रतिमाओं को स्नान और श्रृंगार कराकर अभिषेक किया गया। इसके बाद भजन उत्सव का आयोजन हुआ। इसमें प्रभु के भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे।

अभिषेक के बाद मंदिर में विशाल यज्ञ किया गया। यज्ञ में पंडित जगदंबा प्रसाद एवं अभिनव वशिष्ठ ने आहुतियां दिलवाकर विश्व कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना कराई। मुख्य यजमान संयोग वशिष्ठ एवं रेनू वशिष्ठ रहे। इसके बाद भगवान को भोग लगाया गया और भंडारा आरंभ हुआ। सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा शाम तक चलता रहा। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। व्यवस्था में महंत भोलेनाथ, अमित, अंकित, राकेश शर्मा, अजय ठाकुर, मनोज अग्रवाल, बीना देवी, शम्मी, अजय पंडित, महेंद्र शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।



नवाबपुरा स्थित झारखंडी मंदिर में यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# बाइक खंभे से टकराई, बेटे की मौत, मां गंभीर रूप से घायल

## परिजनों में मचा कोहराम, बिना कार्रवाई के शव ले गए परिजन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर अचानक खंभे से टकरा गई। जिसमें मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां का उपचार किया जा रहा है। सूचना पर परिजनों व रिश्तेदारों में कोहराम मच गया।



ठाकुरद्वारा स्थित सरकारी अस्पताल में मौजूद पुलिसकर्मी व मृतक के परिजन।

जनपद बिजनौर के थाना राजा का ताजपुर के गांव जमालपुर मान उर्फ पोटा निवासी 18 वर्षीय रिजवान पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद अली अपनी मां उजमा को लेकर ठाकुरद्वारा क्षेत्र में स्थित एक मजार पर आ रहा था। दोपहर बाद ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर स्थित शरीफ नगर के निकट बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से टकरा गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल अवस्था में दोनों को रहागीरों ने उपचार के लिए निजी वाहन से सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृतक घोषित कर दिया जबकि मां का उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों व रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। देर शाम युवक के पड़ोसी व परिजन अस्पताल पहुंचे। बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। एक भाई दिल्ली में मजदूरी करता है। इससे बड़ा भी मजदूरी करता है। सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची। वहीं परिजन बिना किसी कार्रवाई के युवक का शव अपने साथ ले गए।



हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

## 15 को ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ज्ञापन देंगे शिक्षक

संवाददाता, कांठ

● **सरकारी स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे है शिक्षक**

**अमृत विचार :** ऑनलाइन हाजिरी के मामले में बेसिक शिक्षकों का चौथे दिन भी विरोध जारी है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही ने बताया कि 15 जुलाई को जिले स्तर पर भारी संख्या में शिक्षक उच्च स्तरीय अधिकारियों को ज्ञापन देंगे। गुरुवार को भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध किया। परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों की डिजिटल उपस्थिति आठ जुलाई से लगनी शुरू हो गई है। इसको लेकर शिक्षकों ने विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया है। बता दें कि पहले इसके लिए 15 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई थी। शिक्षक संघ ने इस आदेश पर अपना विरोध दर्ज कराया है। हालांकि कहा गया था कि अन्य सभी पंजिकाएं 15 जुलाई से डिजिटल रूप में अपडेट की जाएंगी। वहीं इस संबंध में शिक्षकों का कहना है कि बारिश का मौसम है और गांव के कई स्कूलों में जाने के लिए रास्ते तक नहीं है। शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी के फैसले को वापस लेने की मांग की है।

## एक नजर

### गुरु पूर्णिमा पर होगा संकट मोचन यज्ञ और भंडारा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** इस वर्ष भी गांव रामपुर बलभद्र स्थित श्री बालाजी शक्तिपीठ मंदिर पर 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर संकट मोचन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के बाद विशाल भंडारा व प्रसाद वितरण किया जाएगा। बालाजी शक्तिपीठ मंदिर के महंत विक्रम यादव ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर सभी अपने माता-पिता को तिलक लगाकर आशीर्वाद ले। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई की सुबह 6.00 बालाजी की आरती, 7.00 बजे संकट मोचन यज्ञ, 9.00 बजे अर्जी लगाई जाएगी और दोपहर 2.00 बजे विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### भाजपाइयों ने किया मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम जैतपुर पट्टी में मिलन फार्म हाउस में कुंदरकी विधानसभा का मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि संभल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे परमेश्वर लाल सैनी ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं कार्यक्रम में जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, जिला मंत्री बलीचरण वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, अमर सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष रतनपुर बृजेश लोधी, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, नक्शे अली, डॉ. मुकीम हुसैन, ठाकुर शेखर सिंह, जयपाल चौधरी, रामपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, बाबू पाशा, मोनू कश्यप, नरेंद्र चौधरी, नासिर मलिक, नीरज चंद्रा, उस्मान सैफी, जितेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### सीएचसी में दवाइयां नहीं मरीज हो रहे परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अस्पताल में मरीजों को पूरी दवा भी नहीं मिल रही। अस्पताल के स्टोर में पिछले एक सप्ताह से खांसी की दवा नहीं है। अस्पताल में 20 प्रतिशत दवाओं की कमी है। डाक्टर जो दवा मरीजों को लिख कर दे रहे हैं उनमें से कई दवा मरीजों को नहीं मिल रही हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार चौधरी ने बताया कि अस्पताल में सभी दवाएं उपलब्ध हैं। यदि चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवा मरीजों को नहीं मिलती है तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

## प्रसव के बाद अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, कुंदरकी

● **महिला के परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया लापरवाही आरोप**


**अमृत विचार :** गुरुवार को एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। जिससे गुस्साए महिला के परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौत से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप।

कुंदरकी ब्लॉक के नगर पंचायत महमूदपुर माफी के ईसागढ़ तिराहे पर संचालित निजी अस्पताल में सुनीता निवासी रहटोल थाना हजरत नगर गढी संभल को उसके परिजनों द्वारा प्रसव कराने के लिए भर्ती कराया गया था। बताया गया है कि जहां पर महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। कुछ देर बाद ही महिला की हालत बिगड़नी शुरू हो गई। ज्यादा हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को लेकर मुरादाबाद पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन महिला के शव को लेकर ईसागढ़ तिराहे पर निजी अस्पताल पहुंचे और अस्पताल संचालक के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद झोलाछाप अस्पताल का बोर्ड हटाकर व अस्पताल बंद कर फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौता का प्रयास चल रहा था। इस बारे में जब चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी डॉ. सौरभ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी उनको नहीं थी। अब जानकारी करा कर तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रवक्ता के निष्कासन पर भड़के छात्र

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला कालेवाला में 20 वर्षों से अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर कार्यरत प्रीतम सिंह को पूर्व प्रबंध समिति अध्यक्ष और वर्तमान प्रबंध समिति के प्रबंधक जितेंद्र सिंह के मौखिक निर्देश पर प्रधानाचार्य भूपेंद्र पाल सिंह गहलौत का विद्यालय में प्रवेश रोक दिया। जिस पर छात्र-छात्राओं ने विरोध दर्ज कराते हुए धरना प्रदर्शन करते हुए कालेज के गेट पर तालाबंदी कर दी। साथ ही प्रबंध कमेटी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। इस बारे में जिलाधिकारी को भी मोबाइल द्वारा जानकारी दी गई। धरनारत छात्रों ने कहा कि विद्यालय में किसी भी अध्यापक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही छात्रों ने अवैध रूप से वसूला गया शुल्क छात्रों को वापस करने, शासन के निर्देशानुसार वित्तविहीन अध्यापकों का प्रदत्त वेतन उनके खातों में भेजने, अध्यापक प्रीतम सिंह को तत्काल विद्यालय में बुलवाने व खेल सामग्री आदि की उचित व्यवस्था कराने के साथ वर्तमान प्रबंध समिति को भंग करने आदि की मांग की गई। इस दौरान चाहत, सायबा, कामना, इलमा, मुस्कान, यशिका, मीनाक्षी, जूही, संध्या, दीपा, सबनूर, मन्तशा, कनुप्रिया, अमित कुमार, सुमित, फरमान अली, नावेद अली, मुदित कुमार, नसीम, दीक्षित, यश कुमार, अनुराग, अनमोल, जावेद, गुलफाम अली आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा के जनता इंटर कालेज के गेट पर धरना देते छात्र। ● अमृत विचार

वहीं इस संबंध में जनता इंटर कालेज के मैनेजर जितेंद्र सिंह ने बताया कि वह विद्यालय के शिक्षक प्रीतम सिंह के विरोध में हैं। इसके अतिरिक्त वह अन्य कोई जानकारी नहीं दे सकते।

## सार-संक्षेप



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, भूमि मुक्त कराने की मांग

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय की भूमि को भूमाफिया से मुक्त कराने को सामाजिक नागरिक संगठन के लोगों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा को सौंपा। गुरुवार को संगठन के लोगों ने एकत्र होकर राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय की सरकारी भूमि को भूमाफिया से मुक्त कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी मणि अरोड़ा को सौंपा। जिसमें उक्त प्रकरण की सक्षम अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में डॉ. राकेश रफीक, प्रदीप कुमार, सभासद निहाल सिंह लाठर, सभासद देवेश शर्मा, नोमान जमाल, प्रेम कुमार प्रेम, हाजी उस्मान एडवोकेट, चौधरी भयराज सिंह, कपिल राज वाल्मीकि, गजराम वाल्मीकि, निखिल पांडे, अखिलेश पांडे, तिलक राज चांदना, शकील साबरी, सभासद सुमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



वादी दिवस पर समस्याएं सुनतीं सीओ अपेक्षा निंबाडिया। ● अमृत विचार

### वादी दिवस पर सीओ ने सुनी दोनों पक्षों की समस्याएं

**छजलैट, अमृत विचार :** सीओ ने वादी दिवस पर वादी एवं प्रतिवादी पक्षों को बुलाकर उनमें समझौते कराने का प्रयास किया। सीओ अपेक्षा निंबाडिया की अध्यक्षता में थाना छजलैट में वादी दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने वादी पक्ष द्वारा विपक्षियों के विरुद्ध लिखाये गए छुटपुट विवादों के संबंध में वादी एवं प्रतिवादी पक्षों को थाने में बुलाया। उन्होंने दर्ज कराए गए मुकदमों के संबंध में वादी पक्षों की समस्याएं सुनी। सीओ ने प्रतिवादी पक्ष को बुलाकर वादी पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में यह समझने का प्रयास किया कि विवाद की वास्तविकता क्या है। उन्होंने वादी पक्ष के विवेचकों से भी जानकारी अर्जित की।

### राशन की दुकान आवंटन में धांधली का आरोप

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत फतेहपुर खास के ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी, मंडलायुक्त, एसडीएम बिलारी और खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए राशन की दुकान के आवंटन में धांधली का आरोप लगाया। पत्र में बताया गया है कि 9 जुलाई को ग्राम पंचायत फतेहपुर खास में राशन की दुकान का प्रस्ताव खुली बैठक कर कराया गया था। जिसमें दोनों आवेदन कर्ताओं इसरार हुसैन पुत्र गुलाम साबिर और दाऊद पुत्र युसूफ के समर्थक वोटिंग करने के लिए जमा हुए थे। आरोप लगाया कि प्रार्थीगण ने इसरार का समर्थन किया था, परंतु ग्राम प्रधान पक्ष ने दाऊद का खुला समर्थन करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी की सांठगांठ से बाहरी लोगों की मदद से राशन की दुकान का खुला प्रस्ताव दाऊद के पक्ष में करने की घोषणा कर दी। शिकायत करने वालों में सलीम, गुफरान, रेहान, इसरार, अब्दुल करीम, मोहम्मद शोएब आदि शामिल रहे। वहीं इस बारे में खंड विकास अधिकारी कुंदरकी ने बताया कि इस संबंध में जांच के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। उनके निर्देशानुसार ही कार्रवाई की जाएगी।



मंच पर उपस्थित भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## धूमधाम से मनाया भाविप का अधिष्ठापन समारोह

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार रात भारत विकास परिषद परिषद का 62वां स्थापना दिवस एवं शाखा का अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से मनाया गया।

अधिष्ठापन अधिकारी भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश विश्नोई ने नई कार्यकारिणी को पद और कर्तव्यों की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि कुंवर सुरेंद्र सिंह एवं अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का आरंभ किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सचिन चौहान उर्फ बंटी, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, महेश चंद गुप्ता, अनिल बिश्नोई, मोहित माहेश्वरी, शैलेंद्र चौहान, प्रदुमन बिश्नोई, प्रमोद बिश्नोई, दीपक चौहान, सोमवीर सिंह, अशोक बिश्नोई, सुरेश चौहान, पंकज चौहान आदि मौजूद रहे। संचालन सचिव रजत प्रभाकर ने किया।

### प्रेमी संग कोतवाली पहुंची प्रेमिका, निकाह रचाया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** प्यार में पागल प्रेमिका शादी से कुछ घंटे पहले ही प्रेमी के साथ कोतवाली पहुंच गई। जहां पुलिस ने प्रेमी युगल के परिजनों को बुलाया और आपसी सहमति से दोनों के निकाह को राजी हो गए। नगर की मोहल्ला निवासी युवती का काफी समय से ठाकुरद्वारा-अलीगंज मार्ग स्थित कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक से प्रेमप्रसंग चल रहा था। परिजनों ने युवती की शादी कहीं ओर तय कर दी। शादी के करीब 72 घंटे पहले ही युवती ने अपने प्रेमी से शादी करने का मन बना लिया था और वह प्रेमी के साथ कोतवाली पहुंच गई और उसी से शादी की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने दोनों के परिजनों को कोतवाली बुलाया। जहां पर पूर्व प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेमी युगल के परिजन दोनों के निकाह पर राजी हो गए। पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज कर उनके परिजनों के साथ भेज दिया।



प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते खंड शिक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

## खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने नगर में आधा दर्जन से ज्यादा विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जानकारी प्राप्त की।

प्राथमिक विद्यालय मान नगर में खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड डे मील, किचन की साफ-सफाई को भी देखा। जहां बच्चों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था। खंड शिक्षा अधिकारी ने मिड डे मील वर्कर से बात कर हफ्ते के मेन्यू के बारे जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बच्चों से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जानकारी ली। प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को विद्यालय का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में सब कुछ ठीक पाया गया है।

### बिना रजिस्ट्रेशन दौड़ रहे टेंपो पर रोक की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग पर चल रहे टेंपो के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में लोगों ने पुलिस उप महानिरीक्षक व परिवहन अधिकारी से शिकायत की है।

नगर निवासी राम सिंह, सोनू यादव, अजय चौहान, सोनू यादव, प्रदीप गुप्ता, सुभाष सिंह आदि ने भेजे पत्र में बताया कि उत्तराखंड के काशीपुर से यूपी की सीमा ठाकुरद्वारा में बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से टेंपो का संचालन किया जा रहा है। जिससे यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ के साथ-साथ सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है। साथ ही इन ऑटो के संचालन से हाईवे पर भी आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे ऑटो के संचालन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

## हबीब ने निभाया दोस्ती का फर्ज, दे दी अपनी जान

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** चार मोहर्रम को नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम में मजलिसों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। जिसमें हजरत इमाम हुसैन और हबीब इब्ने मजाहिर की दोस्ती का जिक्र किया गया।

नगर में शिया समुदाय के इमामबाड़ों और अजाखानों में आयोजित मजलिसों में गुलाम मेंहदी रिज़वी, अमन नकवी, आमिल काजमी, कमर अब्बास काजमी, मुसा रिज़वी ने मरसिया पढ़कर हजरत इमाम हुसैन और शौहदाए क़र्बला की शहादत का ब्यान किया। उन्होंने कहा कि चार मोहर्रम को यजीदी शासन के गर्वनर इब्ने ज़ियाद ने क़र्बला के मैदान में फौजी लश्कर की तादात बढ़ा दी। तब हजरत इमाम हुसैन की बहन ज़नाबे जैनब के कहने पर अपने बचपन के दोस्त हबीब इब्ने मजाहिर को खत लिखा। जिसमें लिखा कि क़र्बला पहुंचने में जल्दी करना क्योंकि नबी की नवासिया भी मेरे साथ हैं। हबीब को जैसे ही खत मिला, वह फौरन क़र्बला पहुंच गए और हजरत इमाम हुसैन से पहले शहादत दी।

कार्यक्रम | विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली निकाली

## बढ़ती जनसंख्या के प्रति लोगों को जागरूक किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। बाद में सारथी वाहन को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया गया।

गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह के नेतृत्व में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े पर जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों से परिवार नियोजन अपनाने व जनसंख्या नियंत्रण के नियमों का पालन करने की अपील की गई। इस दौरान पूर्व सीएमओ डॉ. एमसी गर्ग, आशु गुप्ता, कमल रावत, दीपक चौहान, नरेश सिंह, प्रमोद कुमार, सरोज देवी, सुनीता देवी व पूनम शर्मा आदि मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा में सारथी वाहन को रवाना करते चिकित्सा प्रभारी।



अमरपुर काशी में जागरूकता रैली निकालते बच्चे। ● अमृत विचार

### साफ-सफाई को निकाली रैली

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के अमरपुर काशी गांव स्थित कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज में संचारी रोगों की रोकथाम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। शुक्रवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन ने बताया कि विद्यार्थियों ने संचारी रोग रोकथाम के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही सह प्रभारी नेहा पाल, आदित्य रावत, सुलभ चौहान ने डोर टू डोर जाकर संचारी रोग की रोकथाम निवारण की जानकारी दी।

### संचारी रोग के प्रति जागरूक किया

**छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम गढ़ी में शिक्षकों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों ने स्लोगन लिखकर क्षेत्रीय नागरिकों को जानकारी उपलब्ध कराई। ग्राम सचिव सूरज नायक ने बताया कि सरकार द्वारा 1 से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान ब्लॉक क्षेत्र में चलाया जा रहा है। जिसमें होने वाली गंभीर बीमारियों के संदर्भ में नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पंचायत भवन में जल भराव से ग्रामीण परेशान, शिकायत

संवाददाता, छजलैट

● **हकीमपुर के ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर की शिकायत**

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा गांव में पंचायत भवन बनाए गए हैं, लेकिन पानी की निकासी न होने के कारण पंचायत भवन व आसपास के क्षेत्र में जल भराव हो जाने से ग्रामीणों का आना-जाना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर पानी निकासी की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम हकीमपुर में दो वर्ष पूर्व सरकार द्वारा पंचायत भवन का निर्माण कराया गया था। लेकिन पंचायत भवन बनाते समय पानी की निकासी का ध्यान नहीं रखा गया। जिस कारण बारिश के चलते यह तालाब में तब्दील हो गया है। क्षेत्र में भारी वर्षा होने के कारण पंचायत भवन व आसपास के रास्ते में रुक जाने से ग्रामीण का आना-जाना बंद हो गया है। गांव के ही अनुज कुमार बिश्नोई ने बताया कि भवन का निर्माण करते समय ठेकेदार को पानी निकासी के लिए कहा गया था लेकिन न तो भवन में गुणवत्ता के अनुसार सामग्री लगाई गई है और न ही पानी निकासी की कोई व्यवस्था की गई है। थोड़ी सी भी वर्षा होने पर तीन-तीन फीट पानी भर जाता है जिससे ग्रामीणों का बाहर आना जाना बंद है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने ब्लॉक भीकनपुर व तहसील में शिकायती पत्र देकर पानी निकासी की मांग की है। शिकायत करने वालों में रामराज सिह, व्रतवीर सिंह, आनंद प्रकाश, नरेश कुमार व जयप्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### युवती से छेड़खानी में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** बाजार गई युवती से युवक ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक युवती का आरोप है कि उसके ही गांव का जुल्फिकार उसे काफी समय से परेशान कर रहा है। आते जाते समय अश्लील हरकतें करता है। पांच जुलाई की दोपहर वह घर का सामान लेने गई थी। रास्ते में आरोपी ने युवती से छेड़खानी की।

### बिजली कर्मचारी की मौत पर जताया शोक

**रामपुर, अमृत विचार :** विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता महफूज आलम से गुरुवार को विद्युत मजदूर संगठन के पदाधिकारी मिले। संगठन के केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष सैयद शुऐब हसन ने गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान रजा बिजलीघर में तैनात बिजली कर्मचारी की मौत पर पदाधिकारियों ने शोक जताया। कहा कि इस मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जाए। इस दौरान प्रेमप्रकाश, साजिद अली, हामिद रजा खां, सुलभ राठौर, अमित कुमार, सुमित कुमार, मंजूर आलम, सचिन, नादिर कमाल, अजीम अरशद आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर नकदी और स्मार्टफोन चुराया, तहरीर

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी शंकर ने पुलिस को तहरीर दी है। उसने आरोप लगाया है कि बुधवार रात उसके घर का दरवाजा खुला रहा गया था। रात में इसी दौरान चोर उनके घर में घुस आया। तीस हजार रुपए कीमत के दो स्मार्टफोन और करीब डेढ़ हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गया। पीड़ित ने बताया कि पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### तमंचा दिखाकर महिला से दुष्कर्म करने का आरोप

**सैफनी, अमृत विचार :** घर में घुसने के बाद तमंचा दिखाकर दुष्कर्म करने व महिला का नहाते समय वीडियो बनाने की शिकायत पीड़िता के पति ने पुलिस से की है। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ खेत पर काम करने गया था। घर उसकी पत्नी अकेली थी। आरोप है कि इस दौरान गांव का युवक घर में घुस आया। उसकी पत्नी से दुष्कर्म किया। विरोध किया तो युवक ने महिला के मुंह में तमंचा की नाल डाल दी। शिकायत करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में गरजे शिक्षक

## डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, आंबेडकर पार्क में जुटे जिले भर के शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में गुरुवार को शिक्षक आंबेडकर पार्क में जुटे। इसके बाद वे जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रदर्शन कर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ऑनलाइन हाजिरी को खत्म कराने की मांग की।

कुछ दिन पहले शासन ने शिक्षकों के लिए ऑनलाइन हाजिरी के आदेश जारी किए गए थे। तभी से इसके विरोध में शिक्षक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ शिक्षक रोजाना काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। गुरुवार को कई संगठनों के बैनर तले शिक्षक आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। इसके बाद जुलूस की शक्ल में आंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट पहुंचे।

शिक्षकों ने गेट पर प्रदर्शन करने के बाद डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में शिक्षकों ने ऑनलाइन अटेंडेंस से पहले समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की।

शिक्षकों ने कहा कि 15 सीएल, हाफ सीएल व ईएल, बिना प्रीमियम की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण, पदोन्नति, वेतन विसंगति, स्कूलों में लिपिक, चतुर्थ कर्मचारी व सफाई कर्मचारी की नियुक्ति और शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्ति दिलाने की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि सरकार पहले उनकी समस्याओं का समाधान कराए। इसके बाद नियम लागू किए जाए।

इस दौरान आनंद प्रकाश गुप्ता, कैलाश पटेल, डॉ. राजवीर सिंह, अंजुम स्नेही सक्सेना, रवेंद्र गंगवार,विपेन्द्र कुमार, हेमलता सिंह, रामचंद्र सिंह, राम बहादुर सिंह गौतम, राना तलत, अनुपम पटेल, जगदीश पटेल, नादिर हुसैन, महेंद्र प्रताप सिंह, राकेश विश्वकर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### शिक्षकों के विरोध के बीच बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

**रामपुर, अमृत विचार :** आंबेडकर पार्क में हुई सभा में महिला शिक्षकों ने कहा कि ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जारी रहेगा। सरकार को अपनी हठधर्मिता छोड़कर आदेश को वापस ले लेना चाहिए। इससे शिक्षा प्रभावित हो रही है। कहा कि शिक्षक पूरा दिन मोबाइल व टैबलेट पर लगे रहेंगे तो बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। बीएलओ ड्यूटी, मिड डे मील बनवाना, रंगाई पुताई, बिल्डिंग बनवाना, चुनाव में ड्यूटी, किताबें बांटना, अभिभावकों का आधार कार्ड बैंक खाता संख्या से सीडिंग करवाने में बच्चों के आधार व जन्म प्रमाणपत्र बनवाने का कार्य करने में समय बीत जाता है।


डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार


तहसील में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

# नष्ट हुई धान की फसल के मुआवजे को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचारः** तहसील परिसर में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन की पंचायत हुई। इसमें संगठन के युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद आसिम रजा ने कहा कि बारिश होने से किसानों की फसलों में नुकसान हो रहा है। धान की फसल पानी में डूबने से नष्ट हो गई है। किसानों को इसका मुआवजा दिया जाए।

किसानों ने नारेबाजी करके कहा कि जर्जर लाइनों में फॉल्ट होने से बिजली नहीं मिल पा रही है। संविदा कर्मी लाइनमैन किसानों को लूट रहे हैं। किसानों से गलत व्यवहार करके अवैध वसूली की जा रही है। इस मौके पर मंडल सचिव मुराद खान, सफदर अली, बलजीत सिंह, जगतार सिंह, तेजवीर सिंह, चरणजीत सिंह, मुबारक हसन, मुन्नीलाल, जुगल किशोर,अनवर, महबूब अली, इमरान खान, साबिर अली, अनवार हुसैन आदि रहे।

# पंचायत में किसानों ने उठाया पशुओं का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


शाहबाद में किसानों को संबोधित करते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद।

- भाकियू के प्रदेश महासचिव ने की अपना हक पाने के लिए किसानों से एकजुट होने की अपील

**अमृत विचारः** भाकियू की पंचायत में बंदरों और छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठा। तहसील प्रशासन पर किसानों की समस्याओं की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया।

मंडी समिति के निकट धर्मकांटे पर गुरुवार को हुई पंचायत में भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि तहसील प्रशासन किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। क्षेत्र के लोग बंदर और छुट्टा पशुओं से परेशान हैं। अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। प्रदेश महासचिव ने कहा कि किसान समस्याएं लेकर अधिकारियों के पास जाते हैं तो उनकी कोई सुनवाई नहीं होती है। किसान समस्याओं का समाधान नहीं होने से परेशान होते हैं। उन्होंने संगठन की मजबूती पर भी जोर दिया। अपना हक पाने के लिए एक जुट होने की अपील की। पंचायत में राहत खां, अकरम खां,हसरत खां, रामऔतार, अमर सिंह, रामसिंह, राहत खां, अय्यूब खां,कय्यूम खां, तारिक खां, मुजफ्फर खां, इदरीस खां शौकीन, चांद खां, बन्ने खां, तसव्वुर, सूरज पाल, आरिफ, फजल खां , अफजल,मोहसिन रजा, अय्यूब, हाफिज मोहम्मद मुस्तकीम, अजय पाल सिंह, राजपाल सिंह, नरसिंह यादव, कुंवरपाल शर्मा, नाजिम सैफी, अनस खान, सेवाराम आदि किसान मौजूद रहे।

# प्रगति मॉल में सीडीओ को मिली गंदगी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर


मॉल का निरीक्षण करते सीडीओ डॉ. नन्द किशोर कलाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल ने ग्राम पंचायत धमोरा में ग्राम पंचायत की ओर से बनाए गए प्रगति मॉल का निरीक्षण किया। लखनऊ-बरेली हाईवे पर ग्राम पंचायत के खाली भूखंड पर अतिक्रमण को रोकने, सम्पत्ति को रचनात्मक और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मॉल का निर्माण कराया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को मॉल की नियमित सफाई कराने के लिए कहा। मार्केट की ओर से एंट्री गेट के पास दुकानों के आगे फुटपाथ पर टाइल्स लगाए जाएं। प्रवेश गेट के पास कॉर्नर की दुकान में आवंटी की कपड़े की दुकान की है। दुकानदार ने बताया कि पहले उसकी दुकान दूसरी जगह थी। वहां की तुलना में मॉल में अधिक बिक्री हो रही है। मॉल में गंदगी होने से मक्खियां उड़ती दिखाई दीं। इस पर सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी सफाई कराने व मक्खियों की रोकथाम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### विद्यार्थियों को पढ़ाई में न हो असुविधा : सीडीओ

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने शहर स्थित रजा इंटर कॉलेज परिसर में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित निशुल्क कोचिंग का निरीक्षण किया। कॉलेज में गुरुवार को प्रत्येक संचालित कक्षा में नीट, एनडीए, सीडीएस व सिविल सेवा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से उनके विषय संबंधी प्रश्न पूछे। लगन व मेहनत से अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। लाइब्रेरी को और अधिक व्यवस्थित करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिए। स्मार्ट क्लास जल्द शुरू कराने के लिए कहा। जिला समाज कल्याण अधिकारी और अध्यापकों से कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई से संबंधित असुविधा न हो।

## अपहरण कर युवती से दुष्कर्म करने का आरोप

**शाहबाद, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पड़ोसी गांव के तीन युवकों पर अपहरण कर समूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मामले में युवती ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

युवती के मुताबिक, नौ जून की रात दो बजे आरोपी उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने उस पर तमंचा तान दिया और उसे उठाकर ले गए। आरोप है कि सुनसान जगह ले जाकर युवती से दुष्कर्म किया। उसे होश आया तो वह चंदौसी में थी, वहां से एक आरोपी उसे रेबाड़ी ले गया। वहां भी उसे कमरे में बंद करके दुष्कर्म किया। किसी तरह वह चंगुल से छूटकर भाग आई। इसके बाद फोन पर अपने ममेरे भाई को घटना की जानकारी दी। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि युवती की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है।


शहर में निरीक्षण करते सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी। ● अमृत विचार

# नागरिकों ने सांसद को बताई समस्याएं, मिला आश्वासन

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचारः** सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने शहर का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनी। मस्जिद काले खां पर लोगों ने सांसद को बताया कि कई वर्षों से नाली का गंदा पानी उनके घरों में घुस रहा है। घेर कटे बाज खां से फोड़े शाह मियां की मजार पर जाने वाला रास्ता नगर पालिका ने सफाई के नाम पर तोड़ दिया है। आए दिन लोग नाले में गिरते रहते हैं। लोगों ने कहा कि वे पालिका कार्यालय व पालिका अध्यक्ष के पास जाते हुए थक गए हैं। सांसद ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द उनकी समस्याओं को हल किया जाएगा। लोगों के सामने ईओ से बात की। कहा कि शहर के लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान करें। इस दौरान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष नोमान खां, ताहिर अंजुम, शहाब अहमद, अकरम सुल्तान, नाजिम खां, मुजीब खां आदि रहे।

# युवक का शव मिलने के मामले में दो आरोपी पकड़े

संवाददाता,रामपुर/केमरी


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचारः** युवक का शव मिलने के मामले में केमरी पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव कोठरा कदीम निवासी संजय (36) पहाड़ी गेट स्थित एक अस्पताल में सफाई करता था। मंगलवार सुबह वह घर से निकल गया था। शाम पांच बजे कुछ लोगों ने उसके परिजनों को सूचना दी कि उसका शव शराब की दुकान से कुछ दूर एक खेत में पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार दोपहर परिजनों ने शराब के दो सेल्समेन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर जाम लगा दिया था। सूचना के बाद पुलिस ने गुस्साए लोगों को शांत कराया था। गुरुवार को पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर नितिन रोहित और राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी राकेश और रोहित निवासी गंगापुर कदीम को फैजनगर के जंगल में बनी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## अपह्रत किशोरी को बरामद नहीं कर सकी पुलिस, एसपी से गुहार

**मसवासी, अमृत विचारः** अपह्रत की गई किशोरी को 20 दिन बाद भी पुलिस तलाश नहीं कर सकी है। पुलिस की कार्यप्रणाली से किशोरी के परिजनों में रोष व्याप्त है। पीड़ित पिता ने एसपी से बेटी की बरामदगी की मांग की है।

चौकी क्षेत्र के गांव मानपुर-उत्तरी से एक युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर किशोरी का अपहरण कर ले गया था। मामले में किशोरी के पिता ने तीन लोगों के विरुद्ध स्वार कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता को पकड़ लिया था। लेकिन 20 दिन बाद भी पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर सकी है। पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली से किशोरी के परिजनों में रोष है। पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार का कहना है कि किशोरी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**स्वास्थ्य** लालिमा की बढ़ी शिकायत, नेत्र रोग विभाग में हर पहुंच रहे 10-15 मरीज

# तेज धूप बढ़ा रही लोगों की आंखों में दर्द

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मौसम में बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। बारिश के बाद निकल रही तेज धूप से आंखों में चुभन लोगों को परेशान कर रही है। आंखों में लालिमा, दर्द और पानी की शिकायत बढ़ रही है।

जिला अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में हर रोज ऐसे में 10-15 मरीज पहुंचे रहे हैं। इनकी आंखों में लालपन, दर्द और पानी की शिकायत हुई है। ऐसे मरीज नेत्र सर्जन के पास पहुंचकर आंखों का चेकअप करा रहे हैं। गुरुवार को 15 मरीज नेत्र सर्जन डॉ. पंकज गोस्वामी के पास इस प्रकार की शिकायत लेकर पहुंचे। डॉ. पंकज गोस्वामी ने बताया कि बारिश के बाद तेज धूप निकलने की वजह से वायरस और वैक्टीरिया के कारण कंजक्टिवाइटिस होने से आंखें लाल हो जाती हैं। गंदी अंगुलियां आंखों में लगाने, धूल-धुएं का प्रतिकूल असर, पसीने के कारण होता है। वायरस, मक्खी व हवा से आंखों में पहुंचता है, इसलिए लोग बचाव करें। बताया कि आंखों में एलर्जी या लालिमा आने पर मरीज मेडिकल स्टोर पर जाता है और कोई भी ड्रॉप खरीदकर ले आता है, ऐसे ड्रॉप का लगातार इस्तेमाल करने में आंखों में दिक्कत बढ़ सकती है। नेत्र सर्जन के परामर्श से ही ड्रॉप आंखों में डालें।


नेत्र रोग विभाग में महिला की आंखों की जांच करती स्टॉफ नर्स।

### कंजक्टिवाइटिस के लक्षण

- आंखों में दर्द, लालपन।
- तेज धूप, रोशनी में देखने में तकलीफ।
- आंखों में कीचड़ जमा होना।
- सोने पर पलके आपस में चिपकना।

### ऐसे करें बचाव

- साफ पानी में भीगी रुई से आंखों साफ करें।
- आंखें ठीक नहीं होने तक चश्मा पहनें।
- धूप से बचाव के लिए कैप पहनें।
- पीड़ित का तौलिया, रुमाल व चश्मा इस्तेमाल न करें।
- चिकित्सक की सलाह से दवा लें।

## सार संक्षेप


पुलिस अधीक्षक को सम्मानित करते विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी।

### विश्व हिंदू महासंघ के जिला संयोजक बने रोशन लाल

**रामपुर, अमृत विचार :** पनवड़िया स्थित कार्यालय में गुरुवार को विश्व हिंदू महासंघ की बैठक में जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह रावत ने नई कार्यकारिणी घोषित कर मास्टर रोशन लाल को जिला संरक्षक, डॉ. योगेश कुमार, आदित्य प्रकाश एवं संजय सिंघल को जिला उपाध्यक्ष बनाया। जसविन्दर सिंह जिला कोषाध्यक्ष, तरुण कुमार सिंह को जिला विधिक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया, गोपाल गिरि को जिला धर्मार्थ प्रकोष्ठ अध्यक्ष, ठाकुर दास को जिला संगठन मंत्री, रिंकू खेड़ा को जिला सांस्कृतिक मंत्री, अमित गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी बनाया। अतुल शर्मा जिला प्रचार मंत्री, ऊदल सिंह जिला संयुक्त मंत्री, प्रताप सिंह जिला मंत्री, राकेश कुमार शर्मा, राकेश पासी, अजय अग्रवाल एवं दिनेश कुमार प्रजापति को बनाया। जिला कार्यकारिणी का मार्गदर्शक धर्मपाल सिंह तोमर, महेंद्र सिंह यादव, संतोष सिंह चौहान, नीरज गर्ग एवं गंगाराम प्रजापति को मंडल मनोनीत किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र को भी सम्मानित किया।


तहसील में चेंबर पर काम करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### आठ दिन बाद काम पर लौटे अधिवक्ता

**रामपुर, अमृत विचार :** तहसील में चल रहा धरना बुधवार शाम एसडीएम के आश्वासन पर खत्म हो गया था। गुरुवार को सभी अधिवक्ता और दस्तावेज लेखक सुबह 10 बजे से काम काज में जुट गए। तहसील में अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों ने सब रजिस्ट्रार, वहां के स्टाफ पर अभद्र व्यवहार करने, बैनामे पर रुपये मांगने का आरोप लगाकर हड़ताल शुरू की थी। चार जुलाई से कमलबंद हड़ताल पर चले गए थे। बार से जुड़े अधिवक्ताओं ने भी कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया था। बुधवार शाम एडीएम वित्त एवं राजस्व हेम सिंह ने दोनों पक्षों की बात सुनकर हड़ताल को खत्म कराया था। गुरुवार सुबह 10 बजे अधिवक्ता तहसील पहुंच गए।

### नागरिकों को मिलें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं : आकाश

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों के बीच आधे घंटे तक जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और यहां के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। विधायक ने मंत्री से रामपुर के ग्रामीण इलाकों में नए अस्पतालों की स्थापना, अस्पतालों के आधुनिकीकरण और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति कराने की मांग की। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया। मंत्री ने विधायक से कहा कि वह जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य क्षेत्र में चल रहे विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करते शहर विधायक आकाश सक्सेना।

### छात्र को मिठाई खिलाकर किया सम्मानित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र विषव अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्र की सफलता से विद्यालय में खुशी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने गुरुवार को बताया कि विषव अग्रवाल ने 2015 में हाईस्कूल तथा 2017 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। छात्र ने इंस्टिट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य ने छात्र को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया।


छात्र को मिठाई खिलाते विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार।

### शाहबाद की पलक अग्रवाल बनीं सीए



**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर निवासी पलक ने अग्रवाल शाहबाद का नाम रोशन किया है। उन्होंने पहले ही प्रयास में सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके नाम शाहबाद में पहली सीए बनने का कीर्तिमान भी जुड़ गया है। पलक नगर के प्रसिद्ध कपड़ा व्यापारी संजीव गुप्ता उर्फ बॉबी की बेटी हैं। व्यापारी की बेटी ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के रिजल्ट में अपना यह उपलब्धि हासिल की है। मां किरन ने बताया कि पलक ने दिल्ली में रहकर सीए की कोचिंग की थी। पहले ही प्रयास में सीए बनना बहुत बड़े गौरव की बात है।

### बिना अनुमति के लगा होर्डिंग्स उतरवाया

**स्वार, अमृत विचार :** पालिका प्रशासन की बिना अनुमति के लगे प्रचार प्रसार के होर्डिंग्स को अधिशासी अधिकारी ने पालिका कर्मियों से उतरवा दिया। पालिका ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। पालिका प्रशासन की अनुमति के बिना नगर में खंभों एव सार्वजनिक स्थानों को होर्डिंग्स लगे हुए हैं। इनसे घटनाएं भी होती रहती हैं। गुरुवार को पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र केसरवानी ने पालिका कर्मियों के साथ अभियान चलाया। पालिका कर्मचारियों ने प्रचार प्रसार के लिए खंभों व सार्वजनिक स्थानों पर लगे होर्डिंग बोर्ड को उतरवा दिया। वहीं पालिका प्रशासन ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। इओ ने बताया कि पालिका की अनुमति के बिना होर्डिंग बोर्ड लगाए गए थे। उनको उतरवा दिया है। अगर पालिका की अनुमति के बिना होर्डिंग्स लगाए गए तो कार्रवाई की जाएगी।



होर्डिंग्स उतारते पालिका के कर्मचारी।

### पुलिस ने डीजे संचालकों को भेजे नोटिस

**पटवाई, अमृत विचार :** पुलिस ने क्षेत्र के डीजे संचालकों को नोटिस भेजे हैं। निर्धारित मानक के विपरीत ताजियों के जुलूस नहीं निकाले जाएंगे। कांवड़ यात्रा के दौरान अधिक आवाज से बजने वाले डीजे को जब्त कर लिया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ वर्मा ने बताया कि जुलूस और कांवड़ यात्रा को लेकर उन्होंने क्षेत्र के संबंधित लोगों के साथ संवाद किया है। ताजिये की ऊंचाई 10 फीट तक रखने के निर्देश दिए हैं।

### खेत पर गई युवती को सांप ने डसा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खेत पर गई एक युवती को सांप ने डस लिया। गांव में उपचार के बाद भी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। कनकपुर गांव निवासी 18 वर्षीय किरन पुत्री राजपाल गुरुवार सुबह अपने खेत में लगे धान देखने गई थी। वहां सांप ने उसे डस लिया। दिनभर परिजनों ने उसे गांव में डॉक्टर से इलाज कराया, मगर कोई फायदा नहीं हुआ। गुरुवार को वह बेहोश हो गई, तो वह उसे लेकर सरकारी अस्पताल आए हैं। डॉक्टर ने बताया कि उपचार जारी है।

## एक नजर

### जर्जर सड़क पर राहगीरों को हो रही परेशानी

**मिलक, अमृत विचार :** खाता नगरिया को जाने वाली सड़क निर्माण के लिए भाजपा नेता ने उप जिलाधिकारी राजेश कुमार को पत्र भेजा है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजीव गंगवार ने पत्र में लिखा है कि हाईवे स्थित भैरों बाबा मंदिर से खाता नगरिया गांव को जाने वाली सड़क जर्जर है। सड़क में गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनसे राहगीरो को हादसों को डर सताने लगा है। सावन में कांवड़िये इसी रास्ते से होकर गुजरेंगे। जर्जर सड़क पर कांवड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उप जिलाधिकारी व पालिका के अधिशासी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद से सड़क निर्माण की मांग की है।

### मंदिर में हुआ हवन

**रामपुर,अमृत विचार :** गुप्त नवरात्र के चलते गुरुवार को शक्ति दरबार में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने भक्तों को साथ लेकर छठी देवी मां त्रिपुर भैरवी की पूजा अर्चना की और इसके बाद हवन हुआ। इसमें भक्तों ने आहुतियां देकर सुख और शांति की कामना की। भक्तों ने भजन कीर्तन कर महाआरती की। कवच पाठ किया। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया।

# मजदूर के घर की दीवार गिरी, बचा परिवार

## बिजारखाता गांव में हुई घटना, सामान नष्ट, मकान गिरने का सता रहा खतरा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचारः** बिजारखाता में मूसलाधार बारिश के चलते मजदूर के घर की दीवार गिर गई जिससे मजदूर के परिवार के लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। गनीमत रही की कोई दीवार की चपेट में नहीं आया वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। दीवार के गिरने से लिंटर में भी दरारें आ गई हैं। मजदूर ने सरकार से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

क्षेत्र के बिजारखाता गांव में मोहम्मद रफी का घर है। रफी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। बुधवार को परिवार के सदस्य घर में बैठे हुए थे। तभी घर की दीवार खेत की ओर भर भराकर गिर गई। दीवार के गिरने पर रफी अपने बच्चों के साथ भाग खड़े हुए। शोर शराबा सुनकर मौके पर लोग जुट गए। लोगों ने दीवार के नीचे दबे सामान को निकाला गया। गनीमत रही कि दीवार की चपेट में कोई नहीं आया। लिंटर में भी दरारें आ गई हैं। इससे मोहम्मद रफी को लिंटर गिरने का डर सता रहा है। उन्होंने घर के बाहर तिरपाल बांधकर अपने रहने का इंतजाम किया है। अधिकारियों ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। रफी और उसके परिवार के लोगों ने सरकार से आवास दिलाने की मांग की है।


बिजारखाता उत्तरी गांव में दीवार गिरने के बाद पड़ा मलबा। ● अमृत विचार


बिलासपुर में घटनास्थल पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### जर्जर दुकान का छज्जा गिरा, मलबे में दबने से ठेला लगाने वाला घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सिंह कॉलोनी निवासी नेतराम ठेला लगाते हैं। गुरुवार दोपहर वह रामपुर रोड स्थित स्टेट बैंक के सामने लुहार का काम करने वाले अपने मित्र की दुकान पर आए थे। छज्जे के नीचे बैठकर दोनों बातें कर रहे थे। तभी दुकान का छज्जा भरभराकर गिर गया। मलबे में दबने से नेतराम घायल हो गए। घटना के बाद दुकानदारों व राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। तभी लोगों ने उसे मलबे से सुरक्षित बाहर निकला। ई-रिक्शा से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि घायल नेतराम के सिर व शरीर पर ईंटें गिरने से चोट आई है। घायल का उपचार जारी है। उधर, क्षेत्र में बारिश के बाद नगर में सालों साल पुरानी इमारतें व दुकानें खस्ताहाल अवस्था में खड़ी हैं।


लालपुर डैम पर पानी को देखते लोग। ● अमृत विचार

## पीलाखार और भाखड़ा नदी का जलस्तर घटा, समस्या बरकरार

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र में बहने वाली पीलाखार और भाखड़ा नदी का जलस्तर घट गया है। हांलाकि नदियों के पानी से कई स्थानों पर जलभराव है। इससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

बारिश के पानी से जिले की नदियां उफना गई थीं। जलस्तर बढ़ने से गांवों में बाढ़ जैसे हालत हो गए थे। कुछ गांवों में नदियों का पानी घुस गया था। अब नदियों के जलस्तर में भी गिरावट आ रही है। गुरुवार सुबह तक नदियों में चार से पांच फिट तक पानी कम हो गया। पीलाखार नदी का जलस्तर घटने से केमरी थाना क्षेत्र के गांव रास डंडिया, पजावा, हींगानगला, गदईया, खानपुर, मेघानगला, आदपुर, मेनी, पशुपुरा, बेहटा, बिढ़ऊ समेत अन्य गांवों के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। खेतों में पानी से फसलें गल रही हैं। तहसीलदार निश्चय कुमार का कहना है कि आंकलन किया जा रहा है। रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को भेजी जाएगी। फिलहाल प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी गांवों में स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

# आशाएं बनाएंगी बुखार रोगियों की सूची

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जनपद में 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान संचारी रोग नियंत्रण अभियान का महत्वपूर्ण चरण है। इस चरण में आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संचारी रोगों के बारे में बताएंगी। उन्हें बीमारियों के बचाव की जानकारी देंगी। लक्षण के आधार पर रेपिड जांच करने के बाद साथ ही संभावित रोगियों की जानकारी ई-कवच पर अपलोड करेगी।

रजा टैक्सटाइल्स की हरिजन बस्ती में जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने लोगों को बताया कि पहली बार अभियान को ऑनलाइन किया गया है, इसका लाभ यह रहेगा कि आशा संभावित रोगी को ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करेंगी। तत्काल उसकी जानकारी ब्लॉक और जिला स्तर पर बैठे चिकित्सा अधिकारियों को हो सकेगी।


हरिजन बस्ती में लोगों को जागरूक करते जिला मलेरिया अधिकारी। ● अमृत विचार

**अभियान**

- हरिजन बस्ती में जिला मलेरिया अधिकारी ने लोगों को रोगों से बचाव के लिए किया जागरूक

चिकित्सा अधिकारी रोगी को आगे की जांच और उपचार के लिए रेफर करेंगे। इसके अलावा टीबी और कुपोषित बच्चों की जानकारी जुटाई थी। लेकिन इस बार कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, कालाजार की जानकारी भी जुटाई जाएगी। फाइलेरिया, कालाजार के रोगी जनपद में नहीं मिलते है, लेकिन प्रवासी आबादी में मद्देनजर इन दोनों रोगों के लिए भी स्क्रीनिंग की जाएगी। इस अवसर पर सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार रॉय, मलेरिया निरीक्षक समेत आशा मौजूद रहीं।

## चिकित्सकों ने प्रसव सेवाओं पर की चर्चा

**रामपुर, अमृत विचारः** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से एक होटल में निजी अस्पतालों की महिला चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चर्चा की। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके चहल ने नगरीय क्षेत्र के सभी पंजीकृत निजी अस्पतालों के चिकित्सकों के साथ बैठक की। इसमें एसीएमओ ने कहा कि हर माह की 21 से 30 तिथि तक प्रसव संबंधी सेवाओं, परिवार कल्याण कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु जन्म व मृत्यु रिपोर्ट अनिवार्य रूप से कार्यालय भेजे। केंद्र सरकार के पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करें। उन्होंने सरकारी, निजी अस्पतालों को सहयोग प्रदान करने के लिए अपील की। इस दौरान डॉ. नीलम सिंघल, डॉ. निमिता कौर, डॉ. सुरभि वर्मा, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, डॉ. नुपुर अग्रवाल, डॉ. नुसरत, डॉ. प्रीति अग्रवाल, मोहम्मद अनादिल, सुरेंद्र सिंह, आशीष गुप्ता आदि रहे।

# दो दिन से अहरो में नहीं मिली बिजली, प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचारः** अहरो गांव में दो दिन पहले आग लगने से ट्रांसफार्मर फुंक गया था। इससे गांव की आपूर्ति बाधित है। इसे लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने विद्युत निगम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लागाया और प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

यह मामला अशोकनगर बिजली घर से जुड़े अहरो गांव का है। ग्रामीणों के अनुसार, दो दिन पहले आपूर्ति के दौरान ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी। लोग ट्रांसफार्मर के नजदीक जाकर मुख्य सप्लाई तक को बंद नहीं कर पा रहे थे। ट्रांसफार्मर से आग लपटें उठतीं देख ग्रामीणों ने बिजली कर्मियों को सूचना दी थी। ट्रांसफार्मर फुंकने से वजह से गांव में अंधेरा छाया हुआ है। गुरुवार शाम जब बिजली अधिकारियों ने समस्या का समाधान नहीं किया तो ग्रामीणों ने विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। प्रदर्शन करने वालों में नजीब खान, नासिर अहमद, शंकर लाल,अमित कुमार,फरीद अहमद,अशोक कुमार, मिन्टू राठौर, गुलाम साबिर, इरफान अली, सोहराब अली, नक्शे अली, महेंद्र सिंह सहित आदि लोग शामिल रहे।


विद्युत निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### कई मोहल्लों में नहीं हो रही पेयजल आपूर्ति, लोग परेशान

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के कई मोहल्लों में पालिका की ओर से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इससे लोग पानी के लिए परेशान हैं। पाइपलाइन लीक और पानी का प्रेशर कम होने की वजह से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वार्ड 16 की सभासद दिलशाद सगीर ने कुछ क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति न होने पर नाराजगी जताते हुए पालिकाध्यक्ष को पत्र लिखकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला मस्जिद कोहना, समंदीन, मनिहारान नीम, कच्ची मस्जिद, इमामबाड़ा और ईद वाली बगिया समेत अन्य क्षेत्रों में लोग पानी को तरस रहे हैं। बताया कि नगर में कई जगह पाइपलाइन फट गई है। इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। कई क्षेत्रों में पानी का प्रेशर कम होने की वजह से सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है। कई मोहल्ले के लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ईओ पुनीत कुमार ने बताया कि नगर के समस्त वार्डों में पानी की आपूर्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कुछ लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पेयदल आपूर्ति की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी।


कार्यक्रम में बोलते भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू। ● अमृत विचार

# मतदाताओं को अपना परिवार समझती है भाजपाः घनश्याम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम जीत नहीं पाए हैं। लेकिन भाजपा वोटरों और कार्यकर्ताओं को अपना परिवार समझती है।

विधानसभा चमरौआ क्षेत्र के गांव सींगनखेड़ा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजन हुआ। इसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र संयोजक सौरभ पाल लोधी, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी,पूर्व विधायक यूसुफ अली, कृष्ण अवतार लोधी, देवेंद्र सिंह चौधरी, अर्जुन रस्तोगी, ओमप्रकाश सैनी, वीरपाल पाल, लालता प्रसाद लोधी, सुखदेव सिंह चीमा, करतार सिंह लोधी आदि मौजूद रहे।

# दंपतियों को परिवार नियोजन की सेवाओं के लिए प्रेरित करेंगी समूहों की सदस्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** विश्व जनसंख्या दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि जिले में परिवार स्वास्थ्य मेला माह मनाया जाएगा। जागरूकता के लिए प्रभात फेरी, पोस्टर, दीवार लेखन, रैली, प्रदर्शनी कार्यक्रमों का आयोजन होगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। वे गांवों के योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन की सेवाओं के लिए प्रेरित करेंगी।

जिला चिकित्सालय में गुरुवार को हुई गोष्ठी में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को दुनिया में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। वैश्विक जनसंख्या और उससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित दिन है। कहा कि वित्तीय वर्ष में अभी जून तक केवल 194 महिलाओं व एक पुरुष ने नसबंदी ऑपरेशन कराया है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मित्रा, डॉ. अनवर सादात, जिला परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबन्धक सुरेंद्र सिंह, अर्बन हेल्थ कोर्डीनेटर मोहम्मद अनादिल, शुभ्रित खरे, हैल्प डेस्क मैनेजर अनुभव, याकूब अली आदि मौजूद रहे।


हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना करते सीएमओ। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल में हुई गोष्ठी में परिवार नियोजन के लाभ बताए
- वैश्विक जनसंख्या और चुनौतियों के बारे में दी जानकारी

## जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर कलक्ट्रेट में धरना

**रामपुर, अमृत विचारः** जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में धरना दिया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक-एक पल की देरी भारतीय संस्कृति के लिए विघटनकारी साबित हो सकती है। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी एकत्र होकर कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर धरना दिया। उन्होंने मांग की है विभिन्न समाजिक वर्गों के बीच जनसंख्या अनुपात के अनुसार किया जाए। ज्ञापन देने वालों में ब्रहमपाल सैनी, गीता, रामसिंह लोधी, सोनू कुमार, सुमन सिंह, विजय लक्ष्मी शर्मा, रजनी प्रभा, पूनम सागर, कुसुम लता, अतुल कुमार गुप्ता आदि रहे।


एलडीएम को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

# किसानों ने बैंक अधिकारियों की शिकायत की, ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन तोमर के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सनजोर अली पाशा के नेतृत्व में किसान ने लीड बैंक अधिकारी से मिले और समस्याओं का समाधान करने की बात की। बैंक अधिकारी ने किसानों की बात को सुना।

उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि जो शिकायत बरा खास बैंक मैनेजर व कैशियर फील्ड ऑफिसर की शिकायत लिखित में किसानों के द्वारा की गई उसी पर जांच होगी। कहा कि बराखास प्रथमा बैंक के अधिकारियों की पूरे क्षेत्र से शिकायत आ रही है। इस मौके पर भूपेंद्र मौर्य,कामिल खान, जगदीश सागर, शकील मियां, सियाराम, बाबूराम, सलीम खान किसान मौजूद रहे।

**वर्षगांठ** रजा लाइब्रेरी की 250वीं वर्षगांठ पर होगा वैश्विक आख्यानों की पुर्नकल्पना परिप्रेक्ष्य

# लाइब्रेरी भाषाओं की दुर्लभ पांडुलिपियों का भंडार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने बताया कि लाइब्रेरी में दुनिया की 18 से अधिक भाषाओं में दुर्लभ पांडुलिपियों का भंडार है। कहा कि इमारत के चारों ओर चार मीनारें है। पहली मीनार मस्जिद, दूसरी मीनार में चर्च, तीसरी गुरुद्वारा, सबसे ऊपर वाली मंदिर के आकार में बनी हुई हैं।

रजा लाइब्रेरी की 250 वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वैश्विक आख्यानों की पुर्नकल्पना परिप्रेक्ष्य और भविष्य मार्ग पर एक संभाषण होगा। गुरुवार की दोपहर हुई पत्रकार वार्ता में निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि 14 जुलाई को वैश्विक आख्यानों की पुर्नकल्पना परिप्रेक्ष्य और भविष्य मार्ग पर एक संभाषण का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, विशिष्ठ अतिथि सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी रहेंगे। कहा कि लाइब्रेरी की स्थापना नवाब फैजुल्लाह खां ने 7 अक्टूबर 1774 को रखी थी। बहुभाषावाद, बहुमजहबी और बहुसंस्कृतिवाद पर आधारित पर दुनिया की एक अनूठी संस्था लाइब्रेरी है। कला वस्तुएं, खगोलीय उपकरण, ऐतिहासिक सोने, चांदी के सिक्के और 65 हजार मुद्रित पुस्तकों सहित लगभग 17 हजार दुर्लभ पांडुलिपियों का संग्रह है। हामिद मंजिल एक शानदार इमारत है, दुनिया की प्रसिद्ध रामपुर रजा लाइब्रेरी है, इसे दुनिया की सबसे खुबसूरत लाइब्रेरी में से एक माना जाता है। 14 जुलाई को लाइब्रेरी में होने वाले कार्यक्रम आश्रम परंपरा को वैश्विक मानवता के लिए एक मार्ग पर रूप में प्रस्तुत होंगे। इस मौके पर अरुण सक्सेना और हिमांशु सिंह आदि मौजूद रहे।



रजा लाइब्रेरी में प्रेसवार्ता में करते निदेशक डॉ .पुष्कर मिश्र व अन्य। ● अमृत विचार

## गरीब बच्ची के इलाज को मुख्यमंत्री से लगाई गुहार, ज्ञापन सौंपा

**रामपुर, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय सचिव डॉ. मतीन खान, जिला अध्यक्ष डॉ. उवैस खान ने मुख्यमंत्री से बच्ची के इलाज के लिए मदद की मांग की है।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर कहा कि गरीब व्यक्ति की छह साल की बेटी जन्म से सुनने, बोलने में असमर्थ है। इसके इलाज के लिए पिता भटक रहा है। उसके पिता के पास आयुष्मान कार्ड भी है, लेकिन उपचार नहीं हो रहा है। उनका कहना है कि बच्ची का इलाज मुख्यमंत्री राहत कोष से कराया जाए। उन्होंने बच्ची की मदद के लिए लोगों से भी आगे आने की अपील है। सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ वर्मा को ज्ञापन देने वालों में डॉ. उवैस खां, मोहम्मद जुनैद, हम्माद खां, रेहान और शाबू खां आदि शामिल रहे।


बाइक पर बैठे छह बालक और युवक। ● अमृत विचार

# सात लोगों के बैठने पर बाइक का 7 हजार का काटा चालान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** बरेली गेट पर ट्रैफिक पुलिस के उप निरीक्षक चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान एक बाइक पर सात लोग सवार आ रहे थे। इस पर पुलिस ने बाइक का सात हजार का चालान काट दिया।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 18 साल से कम उम्र के लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इससे हादसों पर रोक लग सकेगी। बरेली गेट पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के उप निरीक्षक सुमित कुमार चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान एक बाइक पर उनको सात लोग बैठे दिखाई दिए। बाइक चलाने वाला हेलमेट भी नहीं लगाए था। पीछे बैठा एक किशोर मोबाइल चला रहा था। इसके बाद बाइक का सात हजार रुपये का चालान काटा गया।

### तेज धूप के बीच उमस से बेहाल रहे लोग

**रामपुर, अमृत विचार :** बारिश होने के बाद गुरुवार को तेज धूप के बीच उमस से लोग परेशान रहे। दिनभर बादल छाए रहे। लेकिन बारिश नहीं हुई। सुबह से ही तेज धूप खिली तो लोग पसीने से तर हो गए। जिले भर में शुक्रवार को बादल छाए रहेंगे। बारिश होने के भी आसार हैं। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAGEER S/o ABDUL KAREEM से बदलकर MOHD SAGEER S/o ABDUL KARIM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता- मोहल्ला राहूपुरा कस्बा व थाना टाण्डा जिला रामपुर (उ.प्र.)।

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1999 अनुक्रमांक 0553754 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया हैं। शरमेन्द्र कौर पुत्री दलजीत सिंह नि. मौ. बाजार कलां तह. बिलासपुर (रामपुर)।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, रामपुर**

**शुद्धि-पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कार्यालय के निकट स्थित खण्डीय भवन / स्टोर में खड़े 06 यू०के० वृक्षों की नीलामी इस कार्यालय पत्रांक 2023 / नी०सू० दिनांक 08.07.2024 के अनुसार दिनांक 17.07.2024 को की जानी थी, अपरिहार्य कारणों से दिनांक 20.07.2024 को सायं 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में की जायेगी। नीलामी से संबंधित समस्त नियम एवं शर्ते पूर्वतः रहेंगी जिसकी जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से नीलामी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, रामपुर

## एक नजर

### आजाद अधिकार सेना के महासचिव बने खिजर

**संभल, अमृत विचार :** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के निर्देश पर राष्ट्रीय महासचिव डॉ .नूतन ठाकुर ने खिजर गौस उर्फ गौस भैया को प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश मनोनीत किया है। खिजर गौस के प्रदेश महासचिव बनने से समर्थकों में खुशी का माहौल बन गया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान किशनपाल सैनी, देवानंद वाल्मीकि, स्वदेश कश्यप, यूसुफ तुर्की, फैजान खान, उसमान खान, रागिब खान, आसमा बेगम, राहुल सैनी समेत तमाम समर्थक रहे।

### जेठ व जेठानी पर घर में नहीं घुसने देने का आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव चतुर्भानपुर निवासी सोनू की पत्नी वर्षा ने गुरुवार को थाने में तहरीर दी। कहा कि मंगलवार को जेठानी गाली गलौज कर रही थी। विरोध किया तो जेठानी ने अपने पति के साथ मिलकर वर्षा को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद वर्षा अपने मायके में आ गई थी। गुरुवार को वर्षा अपने पति के साथ मायके से ससुराल पहुंची। आरोप है कि जेठ जेठानी ने वर्षा को उसके घर में घुसने से मना कर दिया और धमकी दी। वर्षा ने तहरीर देकर पुलिस से जेठ व जेठानी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

### पड़ोसी युवक ने अगवा कर किशोरी से किया दुष्कर्म

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर हथियार के बल पर किशोरी को अगवा करने के बाद जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को रात बरात चढ़ते दौरान एक युवक पड़ोस के घर में घुस गया। आरोप है कि युवक ने अवैध हथियार के बल पर एक किशोरी को अगवा कर लिया। युवक ने जंगल में ले जाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और भाग गया। घर लौटकर किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने विपिन कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 14 पर भी


# बदमाशों ने दो महिलाओं के कानों से सोने के कुंडल खींचे

## तीसरे घर में भी लगाया नकब, लेकिन परिजनों के जागने पर चोर भागे

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद में बदमाशों ने तीन घरों पर दस्तक दी। दो घरों में दो महिलाओं के कानों से सोने के कुंडल और बाली खींचकर भाग गए जबकि तीसरे घर में नकब लगाया तो परिजन जाग गए। बदमाश बिना वारदात को अंजाम दिए भाग गए।

थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी मुबारिक अली मजदूरी करता है। मुबारिक अली का घर गांव के बाहरी छोर पर है। बुधवार की रात वह और उसकी पत्नी खैरुल निशा घर के आंगन में सो रहे थे। देर रात करीब 1.30 बजे बदमाश घर में नकब लगाकर दाखिल हुए। आंगन में सो रही खैरुल निशा के दोनों कानों से कुंडल खींच कर भाग गए। चीख निकलने पर जागे परिजनों को मकान की दीवार में नकब लगा दिखा। देर रात करीब 2.45 बजे बदमाश मोहब्बत अली के घर में दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुआ। बरामदे में सो रही दो दिन पहले मायके में आई मोहब्बत अली की बेटी फूल जहां के दोनों कानों से बदमाशों ने तीन-तीन जोड़ी सोने की बालियां खींच लीं। फूलजहां के चीखने चिल्लाने पर जागे उसके भाई ने बदमाश का पीछा किया लेकिन उसका पैर फिसल गया। बदमाश दीवार फांदकर कर भाग निकला। फूल जहां के अनुसार, करीब एक तोला सोना के जेवर बदमाश ले गया। बदमाशों ने गांव के बाहरी छोर पर बने यूनुस पुत्र फय्याज हाजी के मकान की चारदीवारी में नकब लगाया और अंदर दाखिल हुए। यहां आहट होने पर परिजनों के शोर मचाने पर बदमाशों को भागना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची। पीड़ित परिवारों से घटना के बारे में जानकारी हासिल की।

### नकदी समेत एक लाख से अधिक का माल समेटा

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह गांव निवासी मुशाहिद का मकान गांव के बाहरी छोर पर जंगल के पास स्थित है। बुधवार की रात मुशाहिद अपनी पत्नी व बच्चों के साथ आंगन में सो रहा था। देर रात चोरों ने मकान की पीछे वाली दीवार में नकब लगा लिया और घर के अंदर घुस गए। चोर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी 26 हजार रुपये की नकदी, जेवर और कपड़े चोरी कर भाग गए। गुरुवार की सुबह मुशाहिद को घर में चोरी होने की जानकारी हुई। आसपास में तलाश करने के बाद भी सामान नहीं मिला तो मुशाहिद ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। मुशाहिद ने बताया कि चोर एक लाख तीस हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं।

### दुर्घटना में बाइक सवार संभल के युवक की मौत

**ओरछी (बदायूं), अमृत विचार :** सड़क हादसे में संभल का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों को जानकारी देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

संभल के थाना असमोली के गांव सदीरनपुर निवासी तोताराम (40) पुत्र राम प्रसाद बुधवार देर शाम बाइक से अपनी ससुराल थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मन्नू नगर निवासी खमानी के घर जा रहे थे। आसफपुर-शाहबाद मार्ग स्थित सिद्ध बाबा पुल वाले महाराज मंदिर के पास किसी वाहन से उनकी बाइक को टक्कर लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वह खून से लथपथ होकर सड़क पर पड़े रहे जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया तो आसफपुर चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल को आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# वाहन की टक्कर से दिव्यांग की मौत

संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में टांडा रतनपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्राई साइकिल सवार दिव्यांग की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है।

हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव रजाकपुर निवासी दिव्यांग हरज्ञान सिंह (45 वर्ष) गुरुवार को ट्राई साइकिल पर सवार होकर असमोली थाना क्षेत्र के गांव खेमपुर में स्थित रिश्तेदारी में जा रहा था। हरज्ञान सिंह ट्राई साइकिल लेकर जैसे ही असमोली थाना क्षेत्र में टांडा रतनपुर मार्ग पर गांव गुमसानी के पास स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने ट्राई साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राई साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और हरज्ञान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने हरज्ञान सिंह को सड़क पर मृत अवस्था में देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना देकर हरज्ञान सिंह का शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से वाहन का पता लगाने की कोशिश में जुटी है।

### पिकअप में कंटेनर ने मारी टक्कर, एक घायल



क्षतिग्रस्त पिकअप।

**संभल, अमृत विचार :** अमरोहा जिले की तहसील हसनपुर के निवासी चालक व वाहन स्वामी शाहरुख बुधवार की देर रात पिकअप से आम पहुंचाने बरेली जिले में स्थित आंवला मंडी जा रहा था। वह पिकअप लेकर जैसे ही नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर मुहल्ला फतेहउल्लाह सराय पहुंचा तो सामने से कंटेनर ने पिकअप में टक्कर मार दी। इस हादसे में परिचालक घायल हो गया। जबकि शाहरुख बाल बाल बच गया। वहीं कंटेनर की टक्कर से पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई और आम सड़क पर बिखर गए।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुंसिफ रोड पर बाइक सवार तीन युवकों ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जनपद हाथरस के थाना सासनी निवासी वंदना 39 वर्ष गुरुवार की शाम पांच बजे मुंसिफ रोड स्थित पशु चिकित्सालय के पास से गुजर रही थी। तभी एक बाइक पर तीन सवार युवकों ने महिला को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने बाइक सवार युवकों को दबोच लिया। करीब आधे घंटे तक पुलिस के नहीं पहुंचने पर लोगों ने युवकों को छोड़ दिया।

# चोर नकब लगाकर 15 लाख रुपये और आभूषण ले गए

कार्यालय संवाददाता, संभल

- परिजन घर के आंगन में सोते रहे और चोर कमरे से समेटकर ले गए सामान

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने ग्रामीण के घर में नकब लगाकर 15 लाख रुपये, तीन तोले सोने और तीन सौ ग्राम चांदी के जेवर समेट लिए। लाखों रुपये का माल लेकर चोर निकल गए। हालांकि रात में ही परिजनों को चोरी की जानकारी हो गई। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई और तहरीर दिए जाने की तैयारी कर ली गई।

थाना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी शाहबुद्दीन की चंदौसी मार्ग पर भवानीपुर पुल के पास चौखट और विंडो की दुकान है। बुधवार को रात शाहबुद्दीन दुकान पर सो रहा था। घर पर परिजन आंगन में सो गए। देररात में चोरों ने पीछे से घर की दीवार में नकब लगा लिया। कमरे में दाखिल होने के बाद चोरों ने अलमारी से नकदी, सोने और चांदी के जेवर समेट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर निकल गए। देर रात में शाहबुद्दीन के बेटे रिहान को ठंड लगी तो उसने मां रवीना से चादर मांगी। रवीना चादर लेने के लिए कमरे पर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। रवीना के शोर मचाने पर अन्य परिजन भी जाग गए। परिजनों ने खिड़की से देखा तो अलमारी का सामान बिखरा हुआ नजर आया। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजन अंदर पहुंचे तो नकदी और जेवर चोरी होने की जानकारी हुई। शाहबुद्दीन के अनुसार, चोर 15 लाख रुपये, तीन तोले सोने और तीन सौ ग्राम चांदी के जेवर ले गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। तहरीर भी लिख ली गई है।

### एंटी करप्शन यूनिट के कार्यालय की स्थापना हो

**संभल, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन संभल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता और सचिव डॉ.अमित कुमार उठवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर नई तहसील भवन में एंटी करप्शन यूनिट के स्थायी कार्यालय को स्थापित कराने की मांग की है।

पत्र में कहा कि जनपद संभल की तहसील संभल में स्थित राजस्व, चकबंदी, पुलिस, एआरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। किसी भी पटल पर शासन की मंशा के अनुरूप जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य नहीं किए जा रहे। जनता और वादकारियों का आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। इसलिए नई तहसील कार्यालय भवन में एंटी करप्शन यूनिट का स्थायी कार्यालय स्थापित कराया जाना जरूरी है। जिससे जनता को भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी और सरकार की नीतियों का लाभ जनता को सीधे प्राप्त होगा।

# सड़क पर गिरी बाइक, वृद्धा की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस और मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- संभल जोया मार्ग पर हुआ हादसा, पुत्रवधू समेत दो घायल

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर कार से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि उसकी पुत्रवधू समेत दो लोग घायल हुए। परिजनों ने पोस्टमार्टम से मना किया तो पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर महिला का शव परिजनों को सौंप दिया।

क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा निवासी पीतम सिंह की पत्नी कमला देवी (65 वर्ष) गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर की मढैया निवासी रिश्तेदार नकुल के साथ बाइक पर सवार होकर डॉक्टर से दवा लेकर संभल से घर जा रही थी। बाइक पर कमला देवी की पुत्रवधू मंजू देवी पत्नी सतेंद्र भी थी। नकुल बाइक लेकर जैसे ही संभल जोया मार्ग पर गांव मदाला फतेहपुर में पहुंचा तो जोया ओर से आ रही कार से बचने के प्रयास में बाइक से नियंत्रण हट गया। जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में कमला देवी की मौके पर ही मौत हो गई और नकुल व मंजू देवी घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। कमला देवी की मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मंजू देवी व नकुल को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया तो पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर कमला देवी का शव परिजनों को सौंप दिया।

### ई रिक्शा चालक और उसके परिजनों को पीटा

**बहजोई, अमृत विचार :** मंडी से अनाज उतार कर घर वापस लौट रहे दलित ई रिक्शा चालक को दबंगों ने लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। उसके पिता और भाई को भी पीटा।

थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर निवासी विनोद पुत्र महेंद्र सिंह ई रिक्शा से बहजोई स्थित अनाज मंडी पर अनाज बेचने गया था। जहां से अनाज उतार कर वह घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह चंदौसी संभल बाईपास तिराहे पर पहुंचा तो ई रिक्शा में एक सवारी को बैठा लिया। आरोप है कि मौके पर मौजूद ऑटो संचालक मुंशी राजेश शर्मा निवासी किसौली ने गाली गलौज की। विरोध करने पर राजेश शर्मा ने मारपीट की। विनोद की सूचना देने पर पिता, भाई और मां भी पहुंच गए। विनोद परिवार के लोगों के साथ गांव को चला गया और किसौली पहुंचा तो एक बार फिर से राजेश शर्मा व उसके तीन अज्ञात साथियों ने घेर लिया और लाठी डंडों व बेल्टों से पिटाई की।

# डायरिया और बुखार के मरीजों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, संभल



जिला अस्पताल में पंजीकरण कक्ष पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य

- जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे मरीज, डॉक्टर दे रहे सलाह

**अमृत विचार :** कई दिनों तक हुई बारिश के बाद से बुखार और डायरिया फैलने लगा है। संक्रामक रोग लोगों को चपेट में ले रहे हैं। आलम यह है कि जिला अस्पताल में दूसरे रोगों के साथ ही डायरिया और बुखार के मरीजों की भरमार है। डॉक्टर मरीजों का इलाज करते हुए बचाव के लिए सलाह भी दे रहे हैं।

जिले में पिछले दिनों रुक रुक कर बारिश हुई तो कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। लोगों ने खानपान को लेकर सावधानी नहीं बरती। जिसका नतीजा यह रहा कि जुकाम, खुजली के साथ ही बुखार और डायरिया ने पैर पसारने शुरू कर दिए। इस समय सरकारी और निजी अस्पतालों में इन बीमारियों से परेशान मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गुरुवार को संभल के जिला अस्पताल में भी सुबह से ही पंजीकरण कराने के लिए मरीजों की कतारें दिखने लगती हैं।

पर्चा बनवाने के बाद मरीजों ने ओपीडी में डॉक्टरों से परामर्श लिया। इनमें बुखार और डायरिया के मरीज ज्यादा रहे। अस्पताल में 560 नए मरीज दवा लेने के लिए पहुंचे। डॉक्टरों ने मरीजों का इलाज शुरू करते हुए बचाव की सलाह भी दी। डॉक्टरों का कहना है कि इस समय बुखार और डायरिया के मरीज ज्यादा है। ऐसे में लोगों को खानपान पर ध्यान देने के साथ ही साफ सफाई के प्रति गंभीर रहना चाहिए।

# सिरसी से संभल तक होगा सड़क का निर्माण, मिलेगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, संभल

- प्रदेश सरकार ने सड़क निर्माण के लिए 24 करोड़ का बजट किया मंजूर

**अमृत विचारः** संभल मुरादाबाद मार्ग पर सिरसी से संभल तक सड़क में जगह जगह बने गड्ढों से न सिर्फ निजात मिलेगी बल्कि नई सड़क पर वाहन भी फर्राटा भर सकेंगे। प्रदेश सरकार ने आईआरक्यूपी योजना के तहत सड़क निर्माण के लिए 24 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बरसात के मौसम के बाद काम शुरू किया जाना है।

सिरसी से संभल तक सड़क में विभिन्न स्थानों पर गड्ढे हैं तो आवागमन में परेशानी होती है। संभल शहर में तो तमाम गड्ढों की वजह से हादसे का अंदेशा बना रहता है। खासकर बारिश के बाद जब सड़क खस्ताहाल हो जाती है तो लोग वाहनों से निकलने में दिक्कतों से जूझते हैं। समस्या को देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग ने शासन को सड़क का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव भेजा था, जिसे मंजूरी मिल चुकी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अवर अभियंता अर्शी मेहताब ने बताया कि आईआरक्यूपी योजना के तहत सिरसी से संभल तक सड़क निर्माण के लिए 24 करोड़ रुपये का बजट मंजूर हो चुका है। करीब तीन सेंटीमीटर मोटी सड़क बनाई जानी है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम के बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने का प्लान है। बताते चलें कि सिरसी से संभल तक सड़क निर्माण हो जाने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। नई सड़क बनेगी तो गड्ढों को नामोनिशान नहीं रहेगा और आवागमन सुचारू रूप से चलेगा।

# किसानों ने धरना देकर की पुल निर्माण की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल



नहर विभाग के कार्यालय में धरने के दौरान नारेबाजी करते किसान। ● अमृत विचार

- नहर विभाग के अधिशासी अभियंता ने किसानों के बीच पहुंचकर मांगा समय

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक के बैनर तले किसानों ने नहर निर्माण खंड 9 के कार्यालय पर धरना देकर पुल निर्माण की मांग उठाई। किसानों के बीच पहुंचे विभाग के अधिशासी अभियंता ने कुछ वक्त मांगा। तय हुआ कि 15 जुलाई को नहर निर्माण खंड संभल व बुलंदशहर के अधिकारियों एवं भाकियू असली नेताओं में वार्ता होगी। सहमति बनने पर आंदोलन स्थगित कर दिया गया।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव की अगुवाई में गुरुवार को किसानों ने नहर निर्माण खंड 9 के कार्यालय पर धरना शुरू करते हुए नारेबाजी की। कहा कि गांव मूसापुर व अझरा के बीच में नहर निर्माण खंड 8 बुलंदशहर के अधीन नहर का निर्माण किया गया है। नहर पर लगभग दो दर्जन गांवों को जोड़ने वाले दो पक्के मार्गों पर पुल निर्माण की मांग लगातार उठाई जा रही है। एसडीएम को भी ज्ञापन दिया था, लेकिन मांग को लेकर गंभीरता नहीं दिखी। किसानों के बीच अधिशासी अभियंता मध्य गंगा नहर निर्माण खंड 9 पहुंचे और समस्या के समाधान के लिए कुछ समय मांगा। भाकियू नेताओं और अधिशासी अभियंता के बीच वार्ता में तय किया गया कि दोनों पुलों के निर्माण व अन्य समस्याओं को लेकर भाकियू असली की नहर निर्माण खंड के संभल व बुलंदशहर के अधिशासी अभियंताओं के बीच 15 जुलाई वार्ता होगी। इस दौरान ऋषभ चौधरी, चौधरी संजीव गांधी, राजपाल सिंह यादव, दिलशाद हुसैन, सुलेमान, होशियार सिंह, अर्जुन सिंह, योगेंद्र सिंह आदि रहे।

### लाइन लॉस कम करके उपभोक्ता बढ़ाएंः डीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम ने विद्युत विभाग की बैठक में अधिकारियों से विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने अधिकारियों को लाइन लॉस घटाकर विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन बढ़ाये जाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिसमें अधीक्षण अभियंता विद्युत विनोद कुमार गुप्ता ने विद्युत सप्लाई के पीक टाइम, बिजली घरों तथा जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं के बारे में जानकारी दी। घोस्ट कंज्यूमर को लेकर डीएम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लाइन लॉस को लेकर डीएम ने कहा कि लाइन लॉस में सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत की समस्याओं में सुधार के लिए एक कार्य योजना तैयार करें ताकि संभल में विद्युत की व्यवस्था को सुधारा जा सके।

उदासीनता — पहले भी कई गोवंश की हो चुकी मौत, शवों को गोशाला में ही करा दिया दफन

# पशुओं की कब्रगाह बनी शरीफपुर की गोशाला

कार्यालय संवाददाता, संभल



संभल के गांव शरीफपुर की गोशाला में बंधे गोवंश। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अस्थाई गोशाला में पशुओं को संरक्षित करने से लेकर उनकी देखभाल की योजना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है लेकिन यहां लापरवाही सामने आ रही है। अधिकारियों की उदासीनता का ही नतीजा है कि संभल विकासखंड के गांव शरीफपुर की गोशाला में अब तक कई पशुओं की मौत हो चुकी है। गोवंश पशुओं के शवों को गोशाला परिसर में ही दफनाया गया है। अब फिर से कई गोवंश पशुओं की मौत का मामला सामने आया है तो खलबली मची है। देखना यह है कि आने वाले समय में हालात बदलते हैं या नहीं।

गोशाला में संरक्षित किए जाने वाले गोवंश पशुओं के बेहतर खानपान से लेकर समय समय पर स्वास्थ्य विभाग को भी पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करना चाहिए। निगरानी के लिए अधिकारियों को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी भी दी गई है। ऐसे हालात ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की उदासीनता के चलते ही बने हैं। बात गांव शरीफपुर की गोशाला की करें तो यहां पहले भी कई गोवंश पशुओं की मौत हो चुकी है। उस समय भी आला अधिकारियों को घटनाओं की सूचना देने के बजाए गोवंश पशुओं के शवों को गोशाला परिसर में ही दबाने काम किया गया है। बुधवार को भी गोशाला में कई पशुओं की मौत हुई लेकिन जिला प्रशासन ने छह की मौत की पुष्टि की। हालांकि जिला प्रशासन ने गोशाला के हालात सुधारने के लिए निर्देश दिए हैं लेकिन जब तक निचले स्तर के अधिकारी गंभीरता नहीं दिखाएंगे तब तक गोशालाओं के हालात कैसे बदलेंगे यह सवाल भी उठ रहा है।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग उठाई

**बहजोई, अमृत विचार :** समाज हित संरक्षण समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग उठाई। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा।

समाज हित संरक्षण समिति के अध्यक्ष भगवान दास शर्मा के नेतृत्व पर कलेक्ट्रेट पर पहुंचे सदस्यों ने बड़े मैदान के निकट धरना प्रदर्शन किया। जनसंख्या नियंत्रण कानून के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के समर्थन में संगठन की ओर से समर्थन दिया गया। जिसमें केंद्र सरकार जल्द जनसंख्या नियंत्रण का कानून पास करें। इसमें कोई भी देरी नहीं की जाए। अन्यथा समिति द्वारा जंतर मंतर नई दिल्ली पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान विनोद साथी, संजीव सहारा, अनेक पवार, जयपाल सिंह, सत्यदेव सिंह, नितिन शर्मा, जोगेंद्र शर्मा आदि रहे।



टेबलेट वितरण के बाद छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद एएसपी अनुकृति शर्मा।

# तकनीक से करियर को दें सही दिशा

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार :** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के तत्वावधान में वृहद पौधरोपण अभियान का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक आईपीएस अनुकृति शर्मा ने किया। वहीं छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किये।

बीएमबीएल जैन कॉलेज में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अनुकृति शर्मा एवं बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन,निदेशक सम्भव जैन ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसपी अनुकृति शर्मा ने कहा कि युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर सरकार की यह योजना छात्र छात्राओं को तकनीकी रूप से मजबूती प्रदान करने का कार्य कर रही है। न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने कहा कि सरकार की यह योजना छात्र-छात्राओं का संवर्धन एवं विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। इस दौरान राहुल वार्ष्णेय एडवोकेट, लव कुमार आर्य, सुमित वार्ष्णेय डीआर, प्रवक्ता नागेश कुमार,अखिलेश आदि मौजूद रहे।

### चौथी मोहर्रम को निकला शबीहे अलम का जुलूस

**संभल/सिरसी, अमृत विचारः** सिरसी में चौथी मोहर्रम को अलम का जुलूस निकाला गया। जिसमें अजादारों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी करके माहौल को गमगीन बनाया।

मुहल्ला शर्की में अंजुमने मिसामे अजा की ओर से अजाखाना कौसर अली में मजलिसे अजा शुरू की गई। जिसमें मर्सिया ख्वानी वकार हुसैन और उनके हमनवां ने की। मजलिस को मौलाना मौलवी मोहम्मद अब्बास ने खिताब फरमाया। जब फजाइल के बाद इमाम हुसैन के भाई मौला अब्बास अलमदार के मसाइब पढ़े गए तो अजादार फूट फूट कर रोने लगे। मजलिस के बाद शबीहे अलम का जुलूस निकाला गया। जिसमें मुकामी अंजुमन ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की। दूसरी तरफ अली अकबर के मकान पर मजलिसे अजा शुरू की गई। जिसमें मर्सिया ख्वानी खावर रजा और उनके हमनवां ने की। मजलिस को मौलाना मौलवी रईस उल हसन ने खिताब किया।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में आठ युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** युवक के साथ मारपीट करने के मामले में घायल की मां की तहरीर पर पुलिस ने आठ युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। घटलेश्वर गेट निवासी महिला भावना ठाकुर पत्नी सत्येंद्र पाल सिंह ने दी तहरीर में कहा है कि छह जुलाई की रात मुरादाबाद रोड स्थित गांव भुलावई के पास उनके पुत्र युवराज सिंह के साथ आठ युवकों ने मारपीट की थी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने वंश ठाकुर, गौरव यादव, निवासी प्रगति विहार कॉलोनी, किशन यादव निवासी प्रेमनगर, प्रतीक सिंह वैशाली नगर, अभिषेक यादव, निकुंज यादव, आयुष राठौर, नैतिक यादव पता अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### गिराऊ दुकान ध्वस्त कराने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** केशव नगर के वाशिंदे ने नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मोहल्ले में जर्जर दुकान को गिरवाने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि केशव नगर में मस्जिद की दुकान है। जो काफी समय से बंद है। अब दुकान की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। आसपास के लोगों ने मस्जिद कमेटी से कई बार शिकायत की। मगर कोई सुनवाई नहीं हो सकी।

# नीलाम मकान पर कब्जा लेने पहुंची बैंक की टीम बैरंग लौटी

## 40 लाख का लोन नहीं चुकता करने पर बैंक ने उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** मोहल्ला चाह धोबियान में 40 लाख रुपये का लोन चुकता नहीं करने पर नीलाम मकान पर कब्जा लेने पहुंची टीम के काफी प्रयास के बाद महिला ने मकान का गेट नहीं खोला तो तीन दिन का समय देकर बैंक की टीम लौट गईं।

चाह धोबियान निवासी अंकित रस्तोगी ने अपनी पत्नी प्रियंका रस्तोगी के नाम से गोशाला रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा से 40 लाख रुपये का लोन लिया था। इस एवज में अपना मकान के कागजात बैंक में गिरवी रखा था। इसके बाद लोन की किश्त जमा नहीं की गईं। पंजाब नेशनल बैंक बुलंदशहर शाखा के मुख्य प्रबंधक शंकर कुमार ने बताया कि कई बार इनसे किश्तों में लोन जमा करने को समझाया। मगर प्रियंका रस्तोगी ने लोन जमा नहीं किया। इसके बाद बैंक ने दो माह पहले लोन की एवज में जमानत को रखा मकान नीलाम कर दिया। जो चन्दौसी निवासी शैली अग्रवाल ने खरीदा। गुरुवार को टीम नायब तहसीलदार मुकेश प्रताप सिंह, पुलिस बल व बैंक स्टाफ के साथ मकान पर पहुंची। मगर मकान स्वामिनी प्रियंका रस्तोगी की ओर से घर में अकेला होने की बात कहकर गेट नहीं खोला गया। इसलिए बैंक की ओर से तीन दिन का समय मकान खाली करने को दिया गया।



मकान पर कब्जा लेने पुलिस के साथ पहुंचे बैंक अधिकारी। ● अमृत विचार

> पीएनबी की टीम चाह धोबियान स्थित मकान पर कब्जा लेने गई थी। महिला द्वारा मकान का गेट नहीं खोलने पर बैंक के अधिकारियों की ओर से तीन दिन का समय दिया गया है।
>
> –मुकेश प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार



महिलाओं को उपहार वितरित करते डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

# शिक्षित समाज व जागरूकता से होगा जनसंख्या नियंत्रण: डीएम

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारम्भ डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने किया। साथ ही डीएम ने सारथी वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। संजीव कुमार राठौर, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा किशोरावस्था प्रजनन व किशोरी गर्भावस्था से होने वाले दुस्प्रभावों के वारे में बताया गया। डा. पंकज कुमार विश्नोई, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कम उम्र में शादी करने व गर्भावस्था होने पर गर्भावस्था में जटिलतायें व नवजात शिशुओं में जटिलताओं के बारे में अवगत कराया। डा. तरन्नुम रजा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पखवाड़े में अधिक से अधिक पुरूष एवं महिला नसबन्दी कराने के लिए कहा। डीएम ने सभी को शिक्षा पर जोर देते हुए कहा गया कि यदि सभी शिक्षित होंगे तो जनसंख्या स्थिर हो जायेगी। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक बहजोई डा. विरास यादव, महेश गौतम, अरवाब मेंहन्दी, राजेश कुमार राय, सुरेश पाण्डे, जावेद, लवली सक्सेना, सर्वेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### हादसे में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बहजोई रोड पर प्रथमा बैंक के पास आठ जुलाई को अज्ञात वाहन ने वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भतीजे ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी निवासी दिनेश पाल सिंह ( 65 वर्ष ) 8 जुलाई की शाम छह बजे कुछ सामान लेकर बाजार से लौट रहे थे। जब वृद्ध बहजोई रोड स्थित प्रथमा बैंक के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। बुधवार को उपचार के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। मृतक के भतीजे नवनीत कुमार पुत्र रमेश पाल सिंह निवासी नगलिया बल्लू थाना बनियाठेर की ओर से कोतवाली में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### ड्यूटी पर तैनात गार्ड की पेट में दर्द होने से मौत



**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री में गार्ड के पेट में दर्द होने पर परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव राने गोविंदपुर निवासी भूप सिंह 50 वर्ष पुत्र राजपाल 15 दिन पहले बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री पर गार्ड की नौकरी करता था। वह थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी अपनी भतीजी पिंकी पत्नी हरजेंद्र के घर रहता था। गुरुवार की आठ बजे भूप सिंह ड्यूटी करने के लिए फैक्ट्री चला गया। एक घंटे बाद सुबह नौ बजे उसका फोन भतीजी के पास पहुंचा और पेट में दर्द होने की बात कहकर तुरंत बुलाया। कुछ देर बाद भतीजी फैक्ट्री पहुंच गई और ई-रिक्शे से अपने चाचा को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंची। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। भतीजी का आरोप है कि फैक्ट्री कर्मचारियों ने उसके चाचा का उपचार नहीं कराया और उसके साथ भी कोई कर्मचारी चिकित्सक के पास तक नहीं गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन गांव चन्दौसी आए और शव गांव ले गए।

### किशोरी से छेड़छाड़ में युवक पर पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर पुलिस ने 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने पर बरेली निवासी युवक के विरुद्ध पाक्सो एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। थाना बनियाठेर क्षेत्र के एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने अपनी 15 वर्षीय किशोरी के साथ युवक द्वारा छेड़छाड़ करने पर थाने में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला कोट पुराना शहर निवासी मुस्तकीम उनकी 15 वर्षीय किशोरी के साथ रात के समय मोबाइल पर मैसेज करता था और बहला-फुसलाकर चोरी छिपे मिलने के लिए घर के बाहर बुलाता था। बुधवार की दोपहर युवक ने किशोरी को मिलने के लिए घर के बाहर बुलाया। किशोरी के पहुंचने पर युवक अपने साथ ले जाने के लिए खींचतान करने लगा। शोर शराबा होने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी मुस्तकीम के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट पंजीकृत कर ली है।

### अपमिश्रित शराब बरामदगी में दोषी को आजीवन कारावास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** संभल पुलिस की पैरवी से अपमिश्रित शराब बरामदगी के दोषी को अदालत ने आजीवन कारावास व 6000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला 2015 में जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र का है। थाना असमोली पुलिस ने अपमिश्रित शराब बरामदगी के मामले में दीपक चौधरी पुत्र कुंवर सिंह निवासी भवानीपुर थाना डिडौली जनपद अमरोहा के खिलाफ धारा 272 आईपीसी व 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तब से मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-5 जनपद मुरादाबाद में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी कौशल गुप्ता ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। गुरुवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने दीपक चौधरी को दोषी करार देते हुए धारा 272 आईपीसी में आजीवन कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड तथा धारा 6 आबकारी अधिनियम में एक वर्ष के कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा दिलाए जाने में हेड कांस्टेबल सतीश कुमार पैरोकार थाना असमोली का भी योगदान रहा।

### प्रधान पर ग्राम निधि के रुपये निकालने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर निवासी रामकुंवर ने गुरुवार को बहजोई पहुंचकर जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया को शिकायती पत्र सौंपा। आरोप लगाया कि वर्ष 2022 से फरवरी से 2024 तक ग्राम प्रधान ने अलग अलग मद से विकास कार्य दिखाकर 936002 निकाल लिए। जबकि जो विकास कार्य दिखाए गए हैं। वो विकास कार्य गांव में हुए ही नहीं है। शिकायत पत्र मिलने के बाद डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता को जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए।

### साइबर अपराधों से सचेत रहने के लिए प्रेरित किया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मुरादाबाद रोड स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें स्वयं सेवकों व शिक्षकों को साइबर अपराधों से सचेत रहने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य वक्ता भाजपा आईटी सेल के नेता डॉ. टीएस पाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे बचने के उपायों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि जरा भी लापरवाही हुई तो इससे बड़ी सामाजिक और आर्थिक हानि हो सकती है। अतः सदैव सावधान रहें। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य भूपाल सिंह शास्त्री ने साइबर अपराधों के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी शरद शर्मा ने किया। इस अवसर पर विकास शर्मा, रोहताश कुमार सिंह, सुदर्शन सिंह आदि आचार्य भी उपस्थित रहे।

### एसपी ने पैदल मार्च कर दिए निर्देश

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने गुरुवार को शाम अधीनस्थ अधिकारियों के साथ गांव असमोली और ऐंचौड़ा कम्बोह में पैदल मार्च किया। पुलिस अधीक्षक ने मोहर्रम को लेकर ताजिया जुलूस और कांवड़ यात्रा मार्ग पर पैदल भ्रमण करते हुए सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। अधीनस्थों को सुरक्षा एवं निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र, क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिद्धू और थाना प्रभारी मौजूद रहे।



प्राथमिक विद्यालय में प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई बनियाखेड़ा की बैठक गुरुवार की दोपहर ब्लाक संसाधन केंद्र स्थित प्राथमिक विद्यालय मौलागढ़ में आयोजित की गई। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष देवेश प्रताप सिंह ने कहा कि बनियाखेड़ा ब्लाक के समस्त शिक्षक उपस्थिति पंजिका का डिजिटाईजेशन करने में आ रही समस्याओं के समाधान होने तक ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करेंगे। इसके लेकर शिक्षकों की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने हस्ताक्षर किए। कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता है शिक्षकों का आंदोलन जारी रहेगा। शुक्रवार को विरोध जारी रहेगा। अंत में शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन कर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जताया। इस अवसर पर पंकज शर्मा, सचिन सिंह, मनोज कुमार, मोहित गोयल, मोहम्मद तारिक, राहुल गुप्ता, मोनिका सिंह, पूजा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, मोहम्मद नाजिम आदि रहे।

# अति उत्साह नुकसानदायक रहा : गुलाब देवी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी का चन्दौसी विधानसभा मतदाता अभिनंदन समारोह मुरादाबाद रोड स्थित ब्लॉक बनियाखेड़ा सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह एवं पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने संयुक्त रुप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके किया।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में चन्दौसी विधानसभा से परमेश्वर लाल सैनी को जीत नहीं दिला सके। हम सब का अति उत्साह नुकसानदायक रहा। मतदाता घरों से कम निकले यह भी एक कारण रहा। लेकिन चन्दौसी विधानसभा के सभी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग भाजपा को जीत दिलाने के लिए किया। जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि हम सबको लोकसभा हार से सबक लेते हुए 2027 में पांचों विधानसभा जीता कर देंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को अब फिर से अपने बूथ पर लगने की आवश्यकता है। पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि सभी ने हर संभव प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर उनका सम्मान किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया ने किया है। इस दौरान कमल कुमार कमल, सतीश अरोड़ा, अंकित जैन, डॉ. टीएस पाल, आईपीएस चौहान, विनोद कुमार बिन्नी, राजकुमार यादव, शुभम अग्रवाल, यश मदान, अंकुर अग्रवाल, सुमित चौहान, चंद्रसेन छोटू, नत्थुलाल राणा, आईपी शर्मा, मनोज दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता मोनू, राजू ठाकुर, संजय बंसल, महावीर सिंह, राजपाल राणा, शीवेन्द्र सिंह, जीराज पुरी, जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।



ब्लॉक बनियाखेड़ा सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

● भाजपा ने किया चन्दौसी विधान सभा मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन

# सामाजिक जागृति लाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शाखा चन्दौसी की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन टेलीफोन एक्सचेंज के सामने आवास विकास में किया गया। जनसंख्या नियंत्रण के लिए सभी सदस्यों ने सामाजिक जागृति लाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। अध्यक्षता करते हुए अनिल शर्मा ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है। इसके आयोजन की शुरुआत 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसिल द्वारा की गई थी। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या संबंधी समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करना है। जनसंख्या दिवस का उद्देश्य विभिन्न जनसंख्या मुद्दों पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना है। जैसे कि परिवार नियोजन, लिंग समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य और मानव अधिकारों का महत्व। विपिन गुप्ता ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण किसी भी देश की प्रगति, विकास, अर्थव्यवस्था, गरीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक है। डीसी गुप्ता ने कहा कि यदि इसी प्रकार से जनसंख्या वृद्धि होती रही तो प्राकृतिक असंतुलन होना निश्चित है। प्रवीण गुप्ता ने कहा कि बढ़ती हुई बेरोजगारी के लिए भी जनसंख्या उत्तरदाई है। कार्यक्रम में सरोज शर्मा अमिता सिंह, अभिषेक गुप्ता, लक्ष्मीकांत सक्सेना, नवीन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित गोष्ठी में उपस्थित परिषद के पदाधिकारी।

● भारत विकास परिषद ने विश्व जनसंख्या दिवस पर किया गोष्ठी का आयोजन

# बार-बार ट्रिपिंग व बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती व बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से ग्रामीण अंचलों में लोगों का हाल बेहाल है।

मुरादाबाद जनपद के स्योंडारा स्थित बिजली घर से संभल जिला के सीमांत गांव पैगारफातपुर, जहांगीरपुर, दियौरा खास व मैनपुरी के लिए विद्युत आपूर्ति होती है। जनपद संभल के सीमांत गांव दियौरा खास व जहांगीरपुर के लिए बिजली कटौती व बार-बार ट्रिपिंग के कारण 24 घंटे में 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि स्योंडारा स्थित बिजली घर पर फोन पर बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायत करने पर तैनात एसएसओ दक्ष कुमार चौधरी उपभोक्ताओं से अभद्र भाषा का प्रयोग करता है।

# भारत स्काउट-गाइड संभल कार्यकारिणी की हुई बैठक

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश जनपद संभल कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के दिशा निर्देशन में एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में हुई। मुख्य अतिथि प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सितारा त्यागी ने प्रदेश की ओर से जिलों को दी गई जिम्मेदारी को अच्छे से करने के लिए नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दीं। जिससे कि जिले की गतिविधियों को अधिक से अधिक बढ़ाया जा सके। बैठक में सत्र 202-24 की आख्या तथा आगामी सत्र में संगठनात्मक एवं प्रशिक्षण आत्मक कार्य को बढ़ावा देना, स्काउट गाइड का कार्यालय जिला संगठन आयुक्त का वेतन एवं प्रदेश द्वारा दिए गए लक्ष्य को कैसे पूरा किया जाए आदि के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का आयोजन संगीता भार्गव गाइड कमिश्नर ने किया। संचालन डॉ. राजीव कुमार जिला सचिव ने किया। बैठक में नरेंद्र सिंह वर्तवाल, हरीश पाल सिंह, हरि बाबा, राजेश कुमार, नरेंद्र सिंह, दयाशंकर, आशा चौहान आदि प्रधानाचार्यों समेत अनुज कुमार स्काउट मास्टर, मंगेश कुमार स्काउट मास्टर, एके सिंह, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहित कुमार, मीनू भारती ट्रेनिंग काउंसलर आदि रहे।



बैठक में प्रमाण पत्र देते पदाधिकारी।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड के सदस्य।

# मोहर्रम पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया उलेमा व मशाएख बोर्ड का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को हाजी शाह आलम मसूरी के नेतृत्व में एसडीएम नीतू सिंह से मिला। एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर मोहर्रम पर नगर की व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि मुस्लिम समाज में 17 जुलाई को मोहर्रम का पर्व मनाया जाएगा। ऐसे में सफाई व पानी की व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। इसके अलावा संभल गेट, मुरादाबाद गेट, एफआर रोड, कुरैशियान चौराहा, सीकरी गेट आदि जगह पर जल निगम की ओर से गड्ढे कर दिए गए हैं। जिससे जुलूस में निकलने वाले ताजियों के गिरने का खतरा है। बोर्ड के सदस्यों ने मांग करते हुए कहा की जल निगम को निर्देशित करते हुए गड्ढों को भरवा कर दुरुस्त किया जाए। जिससे जुलूस निकालने में असुविधा न हो सके। खासकर कुरैशियन चौराहा, एफआर रोड व सीकरी गेट के गड्ढों को भरवाया जाए। नगर पालिका की ओर से 17 जुलाई को सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए।

# भाकियू ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**संभल, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह के नेतृत्व में पंवासा में स्थित बिजलीघर पहुंचे और विद्युत उपखंड पंवासा चतुर्थ अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। कहा कि करीमपुर घेर से पृथ्वीपुर तक जाने वाली हाईटेंशन लाइन के तार ग्रामीण रामनिवास के खेत में ढीले होने की वजह से लटक रहे हैं। कैलादेवी व खिरनी बिजलीघर में बिजली विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान व नए कनेक्शन और ऑनलाइन इस्टीमेट बनाने में लापरवाही बरत रहे हैं। साथ ही कार्यकर्ताओं ने किरारी बिजलीघर के करीमपुर फीडर के लिए 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की मांग की। कार्यकर्ताओं ने समस्याओं का समाधान नहीं होने पर महांपचायत करने की चेतावनी दी। इस दौरान चंद्रपाल, मनपाल सिंह, नरेश, देवेंद्र, विपिन यादव आदि मौजूद रहे।

# नई परंपरा डालने पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत नरौली की देहात पुलिस चौकी पर कस्बा पुलिस चौकी के नेतृत्व में आगामी त्योहारों मोहर्रम और कावड़ यात्रा को लेकर बैठक हुई।

जिसमें थाना बनियाठेर प्रभारी मोहित कुमार काजला ने कस्बा सहित आसपास के ग्राम पंचायतों से आए ग्राम प्रधान व सभ्रांत नागरिकों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि ताजिया की ऊंचाई 10 फिट से ऊपर नहीं होनी चाहिए। कोई भी नई परंपरा भी नहीं डाली जानी चाहिए। नई परंपरा डालने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्ती की जाएगी। मोहर्रम पर बिजली कटौती न होने का भरोसा दिलाया। कहा कि कावड़िए जिस जिस मार्ग से हर बार कांवड़ लेकर आते हैं उसी मार्ग से आएं। डीजे संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि डीजे संचालक छोटा हाथी वाहन की बॉडी के अंदर ही डीजे के डिब्बे रखें और और वाहन से बाहर न निकालें। आवाज भी धीमी रखें। जिससे किसी को परेशानी न हो । अगर क्षेत्र में कोई भी मेला लगता है तो पहले इसकी परमीशन ली जाए। इस दौरान 90 पुलिस मित्र भी बनाए गए। बैठक में सत्यपाल सिंह चौकी इंचार्ज, हिमांशु गौतम, आकाश कुमार, सचिन कुमार, दीपक भाटी, सचिन शर्मा, बॉबी जाटव, कमल सैनी, दीपक कश्यप, चमन सैनी, टीटू सैनी, नाजिम अली, महेश जाटव, टीपू चौधरी, फरहत अली, शिब्बू, अजय दिवाकर, हनीफ, फहीम, असलम, शरीफ, भूरे आदि उपस्थित रहे।



पुलिस चौकी पर ताजिएदारों व कांवड़ियों को निर्देश देते थानाध्यक्ष। ● अमृत विचार

● मोहर्रम और कावड़ यात्रा को लेकर हुई बैठक

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## एक नजर

### आईटीआई जोया में रोजगार मेला आज

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला सेवा योजन कार्यालय की ओर से जोया ब्लाक के गांव नारंगपुर की आईटीआई में आज रोजगार मेले का आयोजन होगा। इसमें हरियाणा के फरीदाबाद की कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला सेवायोजन कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक रामजी मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को जोया ब्लाक के गांव नारंगपुर में आईटीआई में रोजगार मेला लगाया जाएगा। मेले के लिए कार्यालय में पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को शामिल किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को मेले के संबंध में जानकारी दी गई है।

### तीन लोगों ने कार सवार युवक को पीटा, घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** तीन लोगों ने कार सवार युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। मोहल्ला नाईपुरा निवासी कुलवंत सिंह आठ जुलाई को कार से अपने साथी दिलशाद को छोड़ने मोहल्ला जलाल नगर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार फिरासत व उसके पिता आसक समेत एक अन्य व्यक्ति ने उसकी कार रुकवा ली। आरोपियों ने कुलवंत के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर होने पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी फरार हो गए। मारपीट में कुलवंत घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने फिरासत व उसके पिता आसक समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### साले-साली ने जीजा को पीटा, तीन पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** युवक को उसके ससुराल वालों ने मापीट कर घायल कर दिया। मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्षेत्र के गांव फौन्दापुर निवासी गंगासरन बुधवार देर शाम अपने घर में था। आरोप है कि इसी दौरान उसका साला सौरभ व साली मन्नू ने वहां पहुंचकर गंगासरन को घर के बाहर बुला लिया। दोनों ने गंगासरन के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। शोर होने व आसपास ग्रामीणों के जुटने पर आरोपी फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में पीड़ित की तहरीर पर बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव लुहारपुर निवासी उसके साले सौरभ व साली मन्नू समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# ऑनलाइन हाजिरी से पहले समस्याओं का हो समाधान

## शिक्षकों ने जताया विरोध, कहा-मांगें पूरी होने तक ऑनलाइन हाजिरी नहीं देंगे

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन के आह्वान पर शिक्षकों द्वारा डिजिटलाइजेशन एवं ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में ब्लॉक गंगेश्वरी की ब्लाक कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की बैठक ब्लॉक संसाधन केन्द्र चन्दनपुर खादर में हुई। बैठक में ब्लॉक में कार्यरत शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं परिचारकों ने प्रतिभाग किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष यशपाल ने प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई डिजिटलाइजेशन प्रणाली के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक लगातार इस प्रक्रिया के व्यावहारिक कारणों से विरोध में हैं। जिसमें रास्तों का खराब होना, नेटवर्क खराबी, वाहन मिलने की समस्या, बच्चों का निर्धारित समय से बाद में उपस्थित होना, टैबलेट खराब होना, विद्यालय के भवन का जर्जर होना, बारिश में विद्यालय प्रांगण का जलमग्न होना, विद्यालय आते समय अकस्मात तबियत खराब हो जाना, दुर्घटना ग्रस्त होना, स्वयं का वाहन खराब हो जाना आदि कारण शामिल रहे। कहा कि हम किसी भी दशा में ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं देंगे। जब तक अध्यापकों की सभी मांगे पूरी नहीं होती है एवं विद्यालय में आने जाने के समस्त कारणों का निराकरण नहीं किया जाता है, विद्यालय पहुंचने के दुर्गम मार्गों को सुलभ नहीं बना दिया जाता है तब तक हम ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं देंगे। ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए कि शिक्षकों की समस्याओं का पहले निराकरण किया जाए। संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी शिक्षकों को प्रताड़ित करने के लिए नित नए आदेश कर रहे हैं, जो धरातल पर संभव नहीं है। इस मौके पर जिला मंत्री शिक्षा मित्र संघ राजपाल राणा, ओमसरन तोमर, प्रदीप भाटी, देवेंद्र शर्मा, महताबउद्दीन, चतर सिंह, गौतम सिंह, करनपाल, शीशपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, संजीव नागर, वीरपाल सिंह, आदि मौजूद रहे।



रहरा क्षेत्र में बीआरसी केंद्र चंदनपुर खादर पर प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार



हसनपुर के ब्लाक संसाधन केंद्र करनपुर माफी में बैठक में मौजूद शिक्षक।

### शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का किया विरोध

**हसनपुर, अमृत विचार :** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई हसनपुर के शिक्षकों की बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र करनपुर माफी में हुई। बैठक में मांगें पूरी न होने से पहले ऑनलाइन उपस्थिति से शिक्षकों की नाराजगी को देखते हुए प्रदेशीय आह्वान पर सभी शिक्षकों से निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान देने को कहा। होमपाल सिंह ने बताया कि ऑनलाइन उपस्थिति शिक्षकों के हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को जिला अध्यक्ष एवं मंत्री द्वारा जिला कार्यसमिति की बैठक कर सभी विकास क्षेत्रों के अध्यक्ष एवं मंत्री कार्यसमिति एवं संघर्ष समिति व तहसील प्रभारी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संघर्ष की अग्रिम योजना तैयार करें। बैठक में सचिन गुप्ता, गजेंद्र सिंह, दिलीप कुमार, निजामुद्दीन, इरशाद अली, विनीत कुमार, आरिफा खातून, निशा, पलक गुप्ता, मंजू, रीतू, एकता, पूनम, जनेशपाल, नामित कुमार, धर्मचंद, अरविंद कुमार, संजय यादव, कुलदीप सिंह, विकास, राजीव, पंकज कुमार, सूर्यकांनत सोनू धामा, सौरभ जिंदल मौजूद रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में बालक समेत पांच लोग हुए घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में दो बाइकों पर सवार बालक सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। बालक सहित दो घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

गुरुवार दोपहर गजरौला मार्ग पर बंद पेट्रोल पंप के सामने दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में बालक सहित पांच लोग घायल हो गए। 108 एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां मासूम समेत दो लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा माफी निवासी अजब सिंह पुत्र कैलाश रहरा थाना क्षेत्र के गांव गरगज की मड़िया निवासी अपनी रिश्तेदारी लक्ष्मी पत्नी जगबीर के छह माह के बेटे वरुण को दवा दिलाकर मनौटा से अपने घर लौट रहा था। साथ में उसकी पत्नी ममता भी थी। जैसे ही उनकी बाइक गजरौला मार्ग पर बंद पेट्रोल पंप के सामने पहुंची तो कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ निवासी जयदेव पुत्र हरीराज की बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें बालक सहित पांच लोग घायल हो गए। हादसा देखकर घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को बुलाया। जहां घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई। चिकित्सकों ने वरुण, मां लक्ष्मी व दूसरी बाइक सवार जयदेव की भी गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। किसी भी पक्ष की ओर से भी कोई कानूनी कारवाई नहीं की गई है।

### हादसे में बाइक सवार घायल

**रहरा, अमृत विचार :** थाना रहरा क्षेत्र गांव रहरा निवासी चंद्रभान उर्फ पप्पू त्यागी राहुल के साथ जनपद संभल के गांव भूड़ा गए थे। वहां से वापस आते हुए देर शाम जब वह रहरा के नजदीक सिमथला रहरा मार्ग पर पहुंचे तो चकफेरी की दिशा से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बाइक सवार चंद्रभान बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

## कंप्यूटर सेंटर के इंचार्ज पर फर्जी प्रमाणपत्र देने की पुलिस से शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार :** कंप्यूटर सेंटर के इंचार्ज ने छात्र से मारपीट कर उसे धमकी दी। छात्र ने सेंटर इंचार्ज पर फर्जी सर्टिफिकेट देने का भी आरोप लगाया है। छात्र ने पुलिस से शिकायत की है।

थाना आदमपुर क्षेत्र के कस्बा ढवारसी निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र कदीर अहमद ने प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर कहा है कि उसने ब्रिटिश इंस्टीट्यूट इंग्लिश एंड कंप्यूटर एजुकेशनल सेंटर पर ट्रिपल सी करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था। उसने 1000 रुपये फीस भी जमा कर दी थी। लेकिन सेंटर रिचार्ज ने जो सर्टिफिकेट दिया, वह ऑनलाइन पंजीकृत नहीं था। जब उसने फर्जी सर्टिफिकेट देने की शिकायत सेंटर इंचार्ज से की तो वह आग बबूला हो गया। आरोपी ने छात्र को गालियां दीं तथा उसके साथ दो अन्य लोगों की मदद से मारपीट की।

## सब्जी मंडी में वाहन खड़ा करने को लेकर दो आढ़तियों में मारपीट

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सब्जी मंडी में आढ़त के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर दो दुकानदारों में विवाद हो गया। अन्य दुकानदारों ने दोनों को समझा दिया। मगर मंडी गेट पर फिर मारपीट हो गई। जिसमें एक आढ़ती घायल हो गया। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया।

नगर के अमरोहा मार्ग स्थित सब्जी मंडी में नगर निवासी नवाब अली पुत्र असलम सब्जी की आढ़त करता है। गुरुवार को वह अपनी आढ़त पर अपने पुत्र फहाद के साथ मौजूद था। तभी एक पड़ोसी आढ़ती के रिश्तेदार ने उनकी आढ़त के सामने अपना वाहन खड़ा कर दिया। वाहन खड़ा करने को मना करने पर दोनों में कहासुनी हो गई। उसके बाद अन्य आढ़तियों ने दोनों में समझौता कर दिया। घायल नवाब अली का आरोप है कि वह कुछ देर बाद किसी काम से मंडी गेट पर आया तो पहले से ही वहां कई व्यक्ति लाठी-डंडे लिए बैठे थे और उसे देखते ही मारपीट करने लगे, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों के साथ घायल कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर लेकर पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गोले ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक को गंजाकर गांव में घुमाने में छह गिरफ्तार

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव में प्रेमिका के साथ पकड़े गए प्रेमी को गंजा कर चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया था। मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव के एक युवक का गांव की उसके समुदाय की लड़की से प्रेम प्रसंग था। 22 दिन पहले प्रेमी युगल को लड़की के परिजनों ने पकड़ लिया था। इसके बाद पंचायत में फरमान सुनाया था कि युवक को गंजा कर चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया जाए। इस घटना का वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि बताया जाता है कि घटना के बाद अगले दिन प्रेमी युगल को बुलाकर निकाह कर दिया गया था। अब प्रेमी युगल अमरोहा के मोहल्ला में किराए के मकान में रह रहे हैं।

# संकुल शिक्षकों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र धनौरा के समस्त संकुल शिक्षकों ने गुरुवार को सामूहिक रूप से त्याग पत्र दे दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी की गैर मौजूदगी में सामूहिक त्यागपत्र लिपिक इमरान खान को सौंपा।

शिक्षकों ने पत्र के माध्यम से बताया कि वे चार वर्षों से विभिन्न न्याय पंचायतों में शिक्षक संकुल के पद पर कार्यरत हैं। विभाग द्वारा शिक्षक संकुलों को विद्यालय के साथ कई अन्य विद्यालयों के विभागीय सूचनाओं का आदान-प्रदान, दीक्षा प्रशिक्षण, डीबीटी व यू-डायस प्लस पोर्टल पर डाटा फीडिंग जैसे कार्यों को बिना विद्यालय छोड़े करवाने का आदेश जारी किया है। प्रत्येक माह अपराह्न तीन से पांच बजे तक न्याय पंचायत की मासिक बैठक भी अनिवार्य की गई है। इन कार्यों में शिक्षकों का व्यक्तिगत समय व पैसा खर्च होता है। साथ ही शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। इन कार्यों के लिए शिक्षकों को विभाग द्वारा मानदेय नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा संकुल क्षेत्र के विद्यालयों द्वारा कार्यों को समय से न करने पर जवाबदेही तय कर दी जाती है। जबकि शिक्षक संकुल द्वारा पहले भी इस बारे में कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसी को देखते हुए सभी शिक्षक संकुलों ने सामूहिक रूप से त्यागपत्र दिया है। इस अवसर पर मनोज शर्मा, हरिओम त्रिवेदी, गौरव देवल, अमित गर्ग, ज्ञानेश शर्मा, कंचन अग्रवाल, अल्पना यादव, रानी शशि दिवाकर, सुंदर लाल, लव सूरी, विकास उपाध्याय, संदीप ग्रेवाल, अरविंद गिरी, देवेंद्र सिंह, संदीप यादव, देवराज सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, जहूर हसन, रोहतास सिंह, यशकांत त्यागी, देवेश कुमार, हरिओम सिंह, लोकेंद्र सिंह, संजय सागर, वीरेंद्र सिंह, महेश सिंह, रमेश चंद्र आर्य, विपिन कुमार, फरमान अली, निकेश चंद, संदीप कुमार, देवेंद्र सिंह रहे।



बीईओ कार्यालय में लिपिक इमरान खान को त्यागपत्र सौंपते संकुल शिक्षक।





कार्यक्रम में मौजूद आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व अन्य। ● अमृत विचार

## आसपा ने चलाया सदस्यता अभियान

संवाददाता, सैदनगली/उझारी

**अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र भाटी का अथर अहसान सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। रविंद्र भाटी ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद संसद में गरीबों, मजलूमों, एससी-एसटी समेत प्रत्येक तबके की आवाज उठाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को ग्राम स्तर तक मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने का काम कर रही है और विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी एवं उसके कार्यकताओं ने पिछले सात साल से जनता की आवाज उठाने का काम किया है। वहीं, उझारी में युवक की बीते दिनों करंट से मौत हो गई थी। उन्होंने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर अथर अहसान, देवेंद्र बैसला, नासिर, निजाम चौधरी, शिबलू चौधरी, जितेंद्र, वसीम राजा, साजिद अल्वी, मोहम्मद अनस, जमाल कुरैशी, आमिर सिंधी, सतबीर, काशिफ पटवारी, समीर, आशि ठेकेदार, अनिल चौधरी आदि रहे।

## आंबेडकर पार्क चौराहा पर खड़े वाहनों से दिक्कत

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित आंबेडकर पार्क चौराहे पर लोगों द्वारा अपने वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। जिसके कारण यहां से पैदल निकलना भी दुश्वार हो जाता है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क चौराहा अतिक्रमण के शिकंजे में है। यहां चाट पकौड़ी के ठेले लगे रहते हैं। बाजार में आने वाले खरीदार भी यहां अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जिसके कारण चौराहे पर पैदल निकलना भी दुश्वार हो जाता है। प्रतिदिन तहसील स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी यहां आते हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा इस समस्या के निस्तारण के विषय में कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया। शासन के निर्देश के बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही। जिसके कारण अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद हैं। सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है।

# छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे फसल, गोशाला भिजवाएं

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भाकियू ने किसानों की समस्या से संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा और समस्याओं का समाधान करने की मांग की। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

भाकियू अराजनैतिक के जिला प्रभारी किशनपाल सिंह के नेतृत्व में किसानों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में लिपिक राहुल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मांग करते हुए कहा है कि इस समय क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। जिससे किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है। छुट्टा पशुओं को जल्द पकड़वा कर गोशाला भिजवाया जाए। इसी के साथ उन्होंने मांग किया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी सहकारी चीनी मिल की क्षमता वृद्धि नहीं की जा रही, इसे तत्काल कराया जाए। जर्जर विद्युत लाइन को बदलने की मांग करते हुए शासन के निर्देश अनुसार समय से विद्युत आपूर्ति दिए जाने की मांग की। जिला प्रभारी द्वारा चेतावनी दी गई है कि इन समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया जाता है, तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह, लोकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



लिपिक को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



रहरा में बैठक में बोलते ब्लाक अध्यक्ष टीटू त्यागी।

### बिजली के जर्जर तार बदलवाने की मांग

**रहरा, अमृत विचार :** गुरुवार को ब्लाक परिसर गंगेश्वरी में भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत हुई। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी ने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा दढ़ियाल फीडर की लाइन से टकरा रहे पेड़ों को हटवाकर आपूर्ति सुचारु कराई जाये। जर्जर तारों को बदलवाया जाए और क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सही कराई जाए। क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा पशुओं को तत्काल पकड़वाकर संरक्षण स्थानों पर पहुंचाया जाए। हरा चारा क्षेत्रीय ग्रामीणों से खरीदा जाए तथा चारे का पैसा 10 दिनों के अन्दर दिया जाए। मांगों को न मानने पर संगठन उग्र आन्दोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर रामस्वरूप सिह, सुदेश त्यागी, निगम त्यागी, महेश पहलवान, महावीर सिंह, भगवान दास, ऋषिपाल सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

## छात्रा से दुष्कर्म में दोषी को 10 साल कैद

**अमरोहा, अमृत विचार :** छात्रा से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई है। 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

थाना सैदनगली के गांव के निवासी किसान की बेटी को मुकेश परेशान करता था। 21 जून 2017 को छात्रा घर में सोई हुई थी। तभी मुकेश तमंचा लेकर घर में घुस आया और उसे अपने घर ले गया था। जहां उसने दुष्कर्म किया था। छात्रा के पिता ने मुकेश पर रिपोर्ट कराई थी। इसकी सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नाजरीन बानो की कोर्ट में चल रही थी। मामले में सहायक शासकीय अधिवक्ता सर्वेश शर्मा व वादी पक्ष के अधिवक्ता यशपाल चौधरी की ओर से पैरवी की गई। गुरुवार को कोर्ट ने मुकेश को दोषी करार देकर 10 साल जेल व 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

प्रदर्शन

**एसडीएम को ज्ञापन देकर तत्काल जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग की**

# देश की बढ़ती जनसंख्या संस्कृति के लिए विघटनकारी :सर्वेश

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** गुरुवार को जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन के कार्यकर्ताओं ने संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सर्वेश शर्मा के नेतृत्व तहसील मुख्यालय पर एकत्र होकर धरना दिया। जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन जैसी समस्या से उत्पन्न हो रहे संभावित खतरे को देखते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को सौंपा।

इस दौरान जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने में देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए विघटनकारी साबित हो सकती है। एक वर्ग विशेष द्वारा रणनीति के तहत जानबूझकर बढ़ाई जा रही जनसंख्या और सनातन समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में जनसंख्या का संतुलन एक वर्ग विशेष के पक्ष में झुकता दिखने लगा है। भारत जनसंख्या में धार्मिक असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्तभोगी है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा, शेखर गर्ग, भगत राम मित्तल, कुसुम गोयल, संजय सिंह, आलोक भारती, लख्मीचंद, अयूब अली, विवेक सिंह, हितेश सिंह, संजय गुप्ता, रविंद्र अग्रवाल, भीष्म आर्य, भगवान दास आदि रहे।



अमरोहा कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी मायाशंकर यादव को ज्ञापन सौंपते किसान।

### भाकियू भानू ने की कानून बनाने की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार :** भाकियू भानू के पदाधिकारियों ने देश की बढ़ती जनसंख्या को लेकर कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन अपर जिलाधिकारी मायाशंकर यादव को सौंपा। गुरुवार को संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुर्जर के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारी एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने बढ़ती जनसंख्या को लेकर नारेबाजी का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण करने के लिए कानून बनाया जाए। जनसंख्या के बढ़ने से महंगाई बढ़ रही है। इस मौके पर मुकेश कुमार, पोपाल सिंह आदि शामिल रहे।



आग बुझाने के संबंध में बताते दमकलकर्मी। ● अमृत विचार

## स्कूल में बच्चों को बताए आग बुझाने के तरीके

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय कांकाठेर में जुबिलेंट भरतिया फाउण्डेशन एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को गैस सिलेंडर, तरल पदार्थ, बिजली से लगने वाली आग बुझाने के तरीकों के बारे में बताया।

अग्निशमन विभाग के एलएफएम महेन्द्र सिंह ने बताया कि महिलाएं खाना बनाते समय ढीले कपड़े न पहनें, सावधनीपूर्वक गैस पर खाना बनाएं, गैस चूल्हे को ऊंचे स्लैब पर रखें और सिलेंडर नीचे रखें। प्रधानाचार्य ओमपाल सिंह ने जेबीएफ व अग्निशमन विभाग के संयुक्त प्रयास की सराहना की। इस मौके पर जयपाल सिंह, नरेश सिंह, फिरोज, जुबिलेंट भरतिया फाउण्डेशन के कार्यक्रम अधिकारी चंदन प्रसाद, बूंदी सिंह, नवनीत सिंह, मोनु कुमार, ओमपाल सिंह, प्रवीण कुमार, यशपाल सिंह, सालिनी टांक, भूप सिंह, बसंती, आदित्य मौजूद रहे।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने आशियाना फेस- 1
24 घन्टे सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

यदि सन्तं सेवति यद्यसन्तं तपस्विनं यदि वा स्तेनमेव।
वासो यथा रङ्गवशं प्रयाति तथा स तेषां वशमभ्युपैति॥

कपड़े को जिस रंग में रंगा जाए, उस पर वैसा ही रंग चढ़ जाता है, इसी प्रकार सज्जन के साथ रहने पर सज्जनता, चोर के साथ रहने पर चोरी तथा तपस्वी के साथ रहने पर तपश्चर्या का रंग चढ़ जाता है।

## संपादकीय

# सफल कूटनीति

